e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 339
शुक्रवार
15.12.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जीवन में असफलताओं से मत घबराइए, ये तो आनी ही हैं। समस्याओं के बिना जीवन की सुंदरता नहीं है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### रिम्स में इलाजरत हार्डकोर नक्सली की मौत

**रांची :** चाईबासा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड हार्डकोर भाकपा माओवादी नक्सली संजय गंझू उर्फ संजय टेक्निकल की गुरुवार को मौत हो गई। संजय की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह मूल रूप से लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बेसरा गांव का रहने वाला था। रांची जेल में बंद रहने के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसे बीते छह दिसंबर को रिम्स में भर्ती कराया गया था। हार्डकोर माओवादी संजय गंझू पर राज्य सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। विशेष शाखा ने इस पर 25 लाख रुपये का इनाम रखने का प्रस्ताव राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजा था।

### संसद पर कलर स्प्रे से हमला करने वाले चारों आरोपियों को भेजा गया पुलिस रिमांड पर

**नई दिल्ली :** संसद पर कलर स्प्रे से हमला करने वाले चारों आरोपियों को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है. पुलिस ने 15 दिन की रिमांड मांगी थी. फिर पटियाला हाउस कोर्ट की तरफ से सात दिन की रिमांड मंजूर की गई. साथ ही कहा गया कि रिमांड को जरूरत पड़ने पर आगे बढ़ाया जा सकता है. अभियोजन पक्ष ने गिरफ्तार किए गए चार लोगों पर आतंकवाद का आरोप लगाया है. कहा गया है कि चारों ने डर पैदा करने की कोशिश की.बता दें कि अब तक मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा ललित झा पुलिस की गिरफ्त से बाहर है. चारों आरोपियों के फोन भी पुलिस को रिकवर करने हैं. लोकसभा के अंदर और संसद के बाहर जिस स्प्रे को फेंका गया था, वह कहां से खरीदा गया उसकी जानकारी भी अभी पुलिस को जुटानी है.

### पाकिस्तान में 2 महीने बाद होंगे आम चुनाव

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं. इसे लेकर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने ऐलान किया है कि पार्टी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे. उनके पिता आसिफ अली जरदारी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे.यह घोषणा तब हुई है, जब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि पार्टी प्रमुख और तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पीएम पद के लिए उम्मीदवार होंगे.

### ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र के 29.21 करोड़ से ज्यादा श्रमिक पंजीकृत

**नई दिल्ली :** ई-श्रम पोर्टल पर 07 दिसंबर तक असंगठित क्षेत्र के 29.21 करोड़ से ज़्यादा श्रमिक पंजीकृत हो चुके हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने गुरुवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी है।केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि ई-श्रम पोर्टल पर 07 दिसंबर, 2023 तक असंगठित क्षेत्र के 29.21 करोड़ से ज़्यादा श्रमिक पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से 29.20 करोड़ से अधिक श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड जारी किया गया है।रामेश्वर तेली ने कहा कि ई-श्रम पोर्टल का मुख्य उद्देश्य आधार से जुड़े हुए सभी असंगठित श्रमिकों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाना है। इसका लक्ष्य ऐसे श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के वितरण की सुविधा प्रदान करना भी है।

### भारत की पहली बेयर फुट मैराथन में दौड़े कोटा के पांच धावक

**कोटा :** कर्नाटक के कुर्ग वेलनेस फाउंडेशन द्वारा दुनिया की पहली बेयरफुट मैराथन का सातवां संस्करण 10 दिसंबर को आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के धावकों ने भाग लिया। राजस्थान से कोटा के कोटा के बेयरफुट धावक अमित चतुर्वेदी, शालीन मूंदडा एवं बेंगलुर से नीतीश गुप्ता ने 21 किलोमीटर एवं अंजन दास व अर्णव खरे ने 10 किलोमीटर की दूरी निर्धारित समय में नंगे पैर दौड कर कीर्तिमान बनाया। देश की इस अनूठी मैराथन में भाग लेने के लिए विभिन्न शहरों से 300 से अधिक धावकों में उत्साह से नंगे पैर दौड पूरी की।बेयरफुट मैराथन में सभी धावको को निर्धारित मापदंडों के अनुसार अपनी दौड पूरी करने पर अभिनेता व फिटनेस आइकॉन मिलिंद सोमन ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। शहर के बेयरफुट रनर व कोच अमित चतुर्वेदी ने बताया कि नंगे पैर दौडने से रनिंग से होने वाली चोटों से काफी हद तक बचा जा सकता है।

### रांची का तापमान

अधिकतम 22°
न्युनतम 10°





## झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू

*** विधानसभा का शीतकालीन सत्र को लेकर विधायक दल के नेताओं की हुई बैठक**

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हुई इस बैठक में विधानसभाध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले शीतकालीन सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष से सहयोग की अपील की और सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संचालित कराने के लिए सहयोग मांगा.**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज शुक्रवार 15 दिसंबर से शुरू हो रहा है. विपक्ष के रूख से स्पष्ट लग रहा है कि सदन की कार्यवाही बेहद ही हंगामेदार होगी. इधर सदन को शांतिपूर्ण संचालित कराने के लिए गुरुवार 14 दिसंबर को झारखंड विधानसभा में बैठकों का दौर रहा. स्पीकर कक्ष में विधायक दल के नेताओं की बैठक हुई. यह पहला मौका था कि जब नेता प्रतिपक्ष इस बैठक में उपस्थित हुए. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हुई इस बैठक में विधानसभाध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने 15 से 22 दिसंबर तक होने वाले शीतकालीन सत्र को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष से सहयोग की अपील की और सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण ढंग से संचालित कराने के लिए सहयोग मांगा. शीतकालीन सत्र को लेकर हुई इस बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को सम्मानपूर्वक विधानसभा में बने नेता प्रतिपक्ष के चेंबर तक लाया गया. इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने नए नेता प्रतिपक्ष को बधाई दी. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सदन की कार्यवाही के दौरान विपक्ष के द्वारा आने वाले सवाल का माकूल जवाब देने के लिए सरकार के द्वारा की गई तैयारी की जानकारी देते हुए कहा कि सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है और जो भी सदन में सवाल आएंगे उसका जवाब दिया जाएगा.

### संसद सुरक्षा में चूक के मामले पर लोकसभा व राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ

# 14 विपक्षी सांसद निलंबित

**14 सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, कल जो हुआ वह बड़ी सुरक्षा और खुफिया विफलता थी।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन गुरुवार को संसद सुरक्षा में चूक के मामले पर जमकर हंगामा हुआ. लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में विपक्षी नेताओं ने नारेबाजी की. हंगामे के चलते दिन में कई बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी. बार-बार वॉर्निंग के बाद भी हंगामा करने पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी पार्टियों के 13 सांसदों को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया. वहीं, राज्यसभा से टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को भी बचे हुए सत्र से निलंबित किया गया. कुल मिलाकर 14 सांसद सस्पेंड किए गए। 14 सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा, कल जो हुआ वह बड़ी सुरक्षा और खुफिया विफलता थी। हम चाहते हैं कि सरकार सदन में बयान दे। गृह मंत्री या प्रधानमंत्री को 13 दिसंबर की घटना के बारे में पूरी जानकारी देनी चाहिए। सांसदों को यह भी बताना चाहिए कि आने वाले दिनों में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए सरकार क्या कदम उठाने जा रही है ?

### संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्ष ने जबरदस्त हंगामा किया। इसी दौरान कुछ सदस्य सभापति के करीब वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्य 'गृह मंत्री सदन में आओ, सदन में आकर जवाब दो' जैसे नारे लगा रहे थे। विपक्षी सदस्यों के आचरण पर नाराजगी जताते हुए सभापति ने उनसे कई बार वेल से दूर रहने का आग्रह किया। एक बार तो उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सदस्य डेरेक ओब्रायन के आचरण को अनुशासनहीता करार दिया और उनका नाम लेते हुए उन्हें सदन से बाहर चले जाने को कहा। इसके बावजूद सदन में हंगामा जारी रहा और ओब्रायन सदन में ही रहे।

### इन सांसदों को किया गया निलंबित

कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर, टीएन प्रतापन, हिबी ईडन, जोथिमानी, राम्या हरिदास, डीन कुरियाकोस,एमडी जावेद, वीके श्रीकंदन, बेनी बेहनन, डीएमके सांसद के कनिमोझी और एसआर पार्थिबन, सीपीएम सांसद पीआर नटराजन और एस वेंकटेशन और सीपीआई सांसद के सुब्बारायण को सस्पेंड किया गया है. सस्पेंड हुए सांसदों में कांग्रेस के 9, सीपीआई (एम) और डीएमके के 2-2 और सीपीआई के एक नेता भी शामिल हैं. वहीं राज्यसभा से टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को भी बचे हुए सत्र से निलंबित किया गया. डेरेक नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए थे, जिससे स्पीकर जगदीप धनखड़ नाराज हो गए.



### राज्यसभा ने डेरेक ओ ब्रायन का मामला विशेषाधिकार समिति के पास भेजा

सदन से निलंबन के बाद डेरेक ओ ब्रायन के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया गया। इसमें उनके आचरण को जांच के लिए विशेषाधिकार समिति को भेजने की मांग की गई। सदन के नेता पीयूष गोयल ने इस मुद्दे को राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजने के लिए नियम 192 के तहत एक प्रस्ताव पेश किया। जिसे सभापति ने तुरंत स्वीकार कर लिया और ध्वनि मत से पारित कर दिया। इसके बाद सभापति धनखड़ ने डेरेक ओ ब्रायन के मामले को जांच करने के लिए राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति को भेजे जाने की घोषणा की।



### यह लोकतंत्र का निलंबन : खड़गे

नई दिल्ली : कांग्रेस ने संसद के दोनों सदनों से 14 विपक्षी सदस्यों के निलंबन को 'लोकतंत्र का निलंबन' करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यह सब संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे से ध्यान भटकाने और सरकार की विफलता छिपाने के लिए किया गया है। लोकसभा में कुल 13 सदस्यों और राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन को शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे लोकतंत्र के मंदिर संसद की सुरक्षा को खतरे में डालने के बाद भाजपा अब आवाज उठाने वाले पर ही वार कर रही है। 15 विपक्षी सांसदों को संसद से निलंबित करना लोकतंत्र का निलंबन है।

## एक्शन में यादव सरकार, बीजेपी कार्यकर्ता का हाथ काटने वाले के घर पर चला बुलडोजर



एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव शपथ लेते ही एक्शन मोड में नजर आ गए हैं. मोहन यादव सरकार बनते ही मध्य प्रदेश में एक बार फिर बुलडोजर चला है. बीजेपी कार्यकर्ता की हथेली काटने वाले के घर पर बुलडोजर चलाया गया है. खबर है कि भाजपा कार्यकर्ता का हाथ काटने वाले आरोपी फारुख राइन उर्फ मिन्नी के घर पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाने के आदेश दिए हैं.

यह बुलडोजर आरोपी के भोपाल के 11 नंबर स्थित जनता कॉलोनी के घर पर चला है. आरोपी फारूक राइन पर बीजेपी कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर की हथेली काटने का आरोप था. मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद पांच दिसंबर को आरोपी फारुख ने बीजेपी कार्यकर्ता देवेंद्र ठाकुर पर जानलेवा हमला किया था, जिसमे देवेंद्र ठाकुर की हथेली कट गई थी. देवेंद्र को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था. कैलाश विजयवर्गीय बीजेपी कार्यकर्ता से मिलने अस्पताल भी गए थे.आरोपी फारुख हबीबगंज पुलिस की गुंडा लिस्ट में शामिल है और उस पर पहले भी कई अपराध दर्ज हो चुके हैं. इस मामले में पुलिस पहले ही पांच आरोपियों फारुख राइन, असलम, शाहरुख, बिलाल और समीर को गिरफ्तार कर चुकी है.

**धीरज साहू के ठिकानों से बरामद नकदी का मामला पहुंचा हाई कोर्ट**

## सीबीआई और ईडी से जांच करवाने की मांग




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित अलग-अलग कंपनियों और उनके ठिकानों से रुपये बरामदगी का मामला झारखंड हाई कोर्ट तक पहुंच गया। जमशेदपुर के रहने वाले दानयाल दानिश ने इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसी सीबीआई और ईडी से जांच करवाने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने गुरुवार को हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। जनहित याचिका में कहा गया है कि एक सांसद के ठिकानों से इतनी बड़ी नकदी का पकड़ा जाना एक गंभीर मामला है। इससे यह स्पष्ट रूप से प्रतीत होता है कि यह आर्थिक अपराध है। यह पैसा कहां से आया और इस पैसे में किसका-किसका हिस्सा है यह जांच का विषय है। इसलिए पूरे मामले की जांच सीबीआई और ईडी से करायी जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि आयकर की टीम ने गत छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रुपये से भरी 30 अलमारी बरामद की थी।

उस दिन से नोटों की गिनती जारी है। जानकारी के अनुसार अब तक 500 करोड़ रुपये रुपये मिले हैं। नोटों के अलावा 17 किलोग्राम आभूषण भी मिले थे।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर, हथियार बरामद




एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए.छत्तीसगढ़ की सीमा के पास गुरुवार दोपहर को सी-60 कमांडो के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई. जिले के एसपी निलोत्पल ने बताया कि अभी तक दो नक्सलियों के शव मिले हैं.इलाके में अब भी सर्च ऑपरेशन अभियान चलाया जा रहा है. मारे गए नक्सलियों के पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं. जानकारी के मुताबिक गढ़चिरौली पुलिस को गोपनीय सूत्रों से गोपनीय सूचना मिली थी कि नक्सलियों की एक बड़ी टुकड़ी पुलिस बल पर घात लगाकर हमला करने और निर्दोष आदिवासियों की हत्या करने के इरादे से छत्तीसगढ़ के मानपुर जिला के बोधीटोला के पास डेरा जमाए हुए है, जिसके बाद सी-60 कमांडो द्वारा इलाके में तत्काल सर्च ऑपरेशन चलाया गया.पुलिस बल जब इलाके की तलाशी ले रहा था, तब नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिस पर पुलिस बल ने जवाबी कार्रवाई की. करीब एक घंटे तक गोलीबारी जारी रही.बाद में इलाके में तलाशी के दौरान एक एके-47 और एक एसएलआर के साथ दो पुरुष नक्सलियों के शव बरामद किये गये.बरामद शवों में से एक की पहचान शुरुआत में कसानसुर दलम के डिप्टी कमांडर दुर्गेश वट्टी के रूप में की गई थी, जो 2019 जंभुलखेड़ा विस्फोट का मास्टरमाइंड था. विस्फोट में गढ़चिरौली पुलिस के 15 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे.

**जेएमएम कार्यकर्ताओं के साथ सीएम ने किया संवाद**

## अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना है : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार विगत 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक पूरे राज्य में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार।कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिले, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम संचालित करने का हमारा उद्देश्य यही है कि राज्य के एक-एक लोग अथवा विकास की राह में खड़े अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचना है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले वैसे लोग जो प्रखंड कार्यालय या जिला कार्यालय के विषय में ठीक से जानते तक नहीं हैं उन तक सरकारी पदाधिकारी पहुंचे और योजनाओं का लाभ प्रदान करें।

**वर्ष 2024 के चुनावों में भी अखंडता और एकजुटता का देना है परिचय**

**हम सभी लोग अपने हक-अधिकार एवं सम्मान की लड़ाई आगे भी लड़ेंगे**




**झामुमों कार्यकर्ता अपने जिम्मेदारी का निर्वहन तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ करें**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के कार्यकर्ता राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार की योजनाओं का लाभ पंचायत-पंचायत, गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचने का कार्य करें। कार्यकर्ता पार्टी का रीढ़ होते है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय, फागु बेसरा, केंद्रीय सचिव अभिषेक प्रसाद पिंटू, संजीव बेदिया, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक भूषण तिर्की उपस्थित हुए।



## धूमधाम से की गई बाबा वीर कुंवर की पूजा



**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बैतरी गांव में यादव समाज ने परंपरागत तरीके से ढोल, बाजा और गीत गाकर अपने पशुओं की रक्षा के लिए बाबा वीर कुंवर की पूजा की गई । इस पूजा को संपन्न करने के लिए यादव समाज के तरफ से पत्रवाह जगपत यादव के द्वारा पूजा को संपन्न किया गया । यादव परिवारों ने बताया कि मान्यता के अनुसार वीर कुंवर बाबा की कामना से ही गौवंश में वृद्धि, उनकी बीमारियों से रक्षा होती है। यादव समाज और पशुपालकों में बाबा के प्रति गहरी आस्था है। बाबा वीर कुंवर की पूजा प्रत्येक 3 वर्षो में एक बार कराया जाता है जिसमे खीर और पुआ बाबा को प्रसाद के रूप में चढ़ाया जाता है इस मौके पर प्रखण्ड के विभिन्न गांवों से सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में किया गया स्वेटर का वितरण



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में गुरुवार को आंगनबाड़ी केन्द्र के 32 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया.स्वेटर का वितरण पंचायत के उप मुखिया शारदा पासवान व आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका बबिता देवी ने संयुक्तरूप से किया.इस अवसर पर उप मुखिया शारदा पासवान ने सभी अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्र भेजने का अनुरोध किया.उन्होंने कहा कि ठंड काफी बढ़ गया है,ऐसे में अभिभावक बच्चों को ठंड से बचाव के लिये बच्चों को स्वेटर पहनाकर ही आंगनबाड़ी में भेजें. मौके पर सहायिका लिलावती देवी,सुनीता देवी,बेबी देवी,रानी चंचला, लाया देवी,परी देवी,रेखा देवी,मालती देवी,लालती देवी,प्रीति देवी,उदय कुमार ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## दशरथ चन्द्र दास पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में ग्रहण किया पदभार



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दशरथ चंद्र दास पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने पलामू के आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किये जाने को लेकर बधाई दी और पलामू प्रमंडल की भौगोलिक एवं वर्तमान वस्तुस्थिति से अवगत कराया। आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, डीएसपी एडमिन राहुल देव बड़ाईक, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, आयुक्त के पीए अमित रंजन, नाजिर प्रेम धीरज कुमार आदि ने गुलदस्ता भेंट कर आयुक्त का स्वागत किया। इसके पूर्व आयुक्त कार्यालय पहुंचने पर आयुक्त को जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर किया गया। आयुक्त श्री दशरथ चंद्र दास ने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त किया एवं विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

## माउंटेन व्यू बार से 1900 बोतल शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**हरिहरगंज पलामू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर तथा उत्पाद अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना क्षेत्र के सुल्तानी स्थित माउंटेन व्यू रेस्टोरेंट एंड बार अनुज्ञप्ति संख्या 004-010-PAL में छापामारी कर कई पेटियों में रखा विभिन्न ब्रांड के 1900 बोतल विदेशी शराब व बियर जप्त किया गया। साथ ही बार संचालक बिहार राज्य के देवरा थाना अंतर्गत किशुनीबीघा निवासी बिंदेश्वर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के एएसआई अनूप प्रकाश ने हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 156/2023 दर्ज किया गया है। अवैध रूप से विदेशी शराब का भंडारण करने के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति सहित औरंगाबाद निवासी सुधीर सिंह को आरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी के अनुसार पूछताछ के क्रम में बार संचालक द्वारा जप्त शराब का कोई वैद्य कागजात तथा अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं किया गया । उक्त व्यक्तियों तथा बार पर उत्पाद अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए कार्रवाई की गई।

## जिले के विभिन्न पंचायत व नगर निकायों में लगेगा शिविर

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 15 दिसंबर 2023 दिन शुक्रवार को जिले के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। मोहम्मदगंज प्रखंड के रामबांध के अन्य ग्राम में, हैदरनगर प्रखण्ड के इमामनगर बरेवा में, हुसैनाबाद प्रखंड के झरगड़ा पंचायत में, हरिहरगंज प्रखंड के कटैया के अन्य ग्राम में, नौडीहा बाजार प्रखण्ड के शाहपुर में, छतरपुर प्रखंड के मुरुमदाग पंचायत में, पांडु प्रखण्ड के सिलदिली में, विश्रामपुर प्रखण्ड के लालगढ़ मुख्यालय में, नावाबाजार प्रखंड के बसना के अन्य ग्राम में, पड़वा प्रखंड के पतरा के अन्य ग्राम में, चैनपुर प्रखंड के बंदुआ पंचायत में, रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह के अन्य ग्राम में, सदर मेदिनीनगर प्रखण्ड के सरजा में, पाटन प्रखंड के जंघासी पंचायत में, मनातू प्रखंड के मंझौली-1 के अन्य ग्राम में, तरहसी प्रखण्ड के सोनपुरा में, नीलांबर पितांबरपुर के कुन्दरी पंचायत में, सतबरवा प्रखण्ड के सतबरवा में, पांकी प्रखंड के पांकी पगार खुर्द पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।वंही मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 एवं 6 के लिए जीएलए कॉलेज मैदान में और छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11, 12 एवं 13 के लिए न्यू प्राथमिक विद्यालय खाटिन के पास आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन आज से

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के तत्वाधान में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन सहोदय उच्च विद्यालय मेदिनीनगर में किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15 दिसंबर 2023 से 17 दिसंबर 2023 तक किया जाना है। खेल कार्यक्रम का उद्घाटन आज सहोदय उच्च विद्यालय शाहपुर, मेदिनीनगर के खेल मैदान में किया जाएगा। वंही खेल का समापन समारोह का आयोजन दिनांक 17 दिसंबर 2023 दिन रविवार को अपराह्न 3ः00 बजे किया जाएगा।

# फुटपाथी दुकानदारों को सड़क से हटाए जाने के बाद कार्यपालक अधिकारी से की मुलाक़ात, सौंपा ज्ञापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत मुख्यालय में लग रहे सड़क जाम के मद्देनजर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जिसमें जपला मोड़ चौक को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया है लेकिन अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित फुटपाथ दुकानदारों के सामने दुकानें हटने से भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। फुटपाथ दुकानदारों की पीड़ा के मद्देनज़र समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने पहल करते हुए एक प्रतिनिधिमण्डल के साथ कार्यपालक अधिकारी सह प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार और कार्यपालक अधिकारी विश्वजीत महतो से मुलाक़ात की और दुकानदारों की पीड़ा से उन्हें अवगत कराया और उनसे रोजगार के लिए जगह उपलब्ध कराने का आग्रह किया। वहीं कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार ने नगर पंचायत में आयोजित बैठक में सहानुभूतिपूर्वक दुकानदारों की बातों को सुनते हुए कहा कि जल्द ही बाज़ार परिसर में वेंडर मार्केट बनवा कर सभी दुकानदारों को रोजगार हेतु जगह उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही स्पष्ट कहा कि बढ़ते सड़क जाम की समस्या के मद्देनजर नगर में अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमून ने अधिकारियों से आग्रह किया कि फुटपाथ दुकानदारों के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए प्रशासन उन्हें रोजगार हेतु जगह उपलब्ध कराया ताकि दुकानदार सम्मान से जी पाएं। फुटपाथ दुकानदारों के साथ बैठक में मुख्य रुप से कार्यपालक अधिकारी सह प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार, कार्यपालक अधिकारी विश्वजीत महतो, सिटी मैनेजर मुर्तज़ा अंसारी, समाजसेवी अरविन्द गुप्ता चुनमून, पूर्व वार्ड पार्षद रजनीश कुमार, विकास कुमार,उपेंद्र कुमार, जीतू कुमार, संतोष कुमार, मनोज साव, लव पासवान, बिगन साव, प्रवेश साव, मुकेश कुमार, राजन बरई, बिगन गुप्ता, रंजीत गुप्ता, अजय गुप्ता, अर्जुन साव, विनोद ठाकुर, शिवपूजन साव, प्रमोद चन्द्रवँशी, नरेश बरई, गुड्डू कुमार, देवलाल प्रसाद, शिवपूजन साव, हरनाथ पासवान, प्रदीप प्रसाद सहित दर्जनों की संख्या में फुटपाथ दुकानदार उपस्थित थे।

## वार्ड सदस्यों का तीनदिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत चुनाव 2022 के संपन्न होने के पश्चात सभी वार्ड सदस्यों का बैच-वार तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण गुरुवार से प्रारंभ हो गया। जिसके अंतर्गत प्रथम बैच में कुंबाखुर्द, विलासपुर, हलिवंता कला तथा पिपरडीह पंचायत के वार्ड सदस्य शामिल हुये। प्रशिक्षण में सभी वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम के तहत तीन स्तरीय ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के गठन एवं उसके कार्य प्रणाली, ग्राम सभा, स्थाई समितियां आदि की जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि प्रशासन की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत, ग्राम पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा, ग्राम सभा में वार्ड सदस्य की भूमिका सबसे बड़ी होती है।सभी वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत के कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी लेना चाहिये, इसके साथ ही वार्ड सदस्यों को ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण में वार्ड सदस्यों की भूमिका से संबंधित जानकारी दिया गया।संविधान के 73वे संशोधन के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का गठन की जानकारी भी दिया गया।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी पहुंचे चैनपुर के महुगावां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चैनपुर(पलामू):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुगावां पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार का आयोजन किया गया। आपकी योजना,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य के साथ-साथ चैनपुर में भी शिविर लगाकर लोगों को सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।चैनपुर में भी इसका उत्साह देखते ही बन रहा है।सरकार लोगों के लिये विभिन्न योजनाएं संचालित करती है लेकिन जानकारी के अभाव में लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है,इसी को दूर करने और लोगों को उनके घर में ही लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।पिछले साल लगाये गये शिविर में लोगों को अप्रत्याशित लाभ दिया गया इसीसे प्रेरित होकर यह अभियान दोबारा चलाया जा रहा है। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के पलामू एवं गढ़वा के नोडल पदाधिकारी सह महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग व परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा ने कही।गुरुवार को चैनपुर के महुगावां पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर जपला में मनाया गया ग्रैंड भारतीय भाषा उत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हुसैनाबाद :** सरस्वती विद्या मंदिर,जपला में महाकवि सुब्रमण्यम भारती जयंती के शुभ अवसर पर 'भारतीय भाषा महोत्सव' मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ आलोक रंजन,विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, डिग्री कॉलेज,जपला, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, सत्येन्द्र कुमार चंदेल,राजेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चन कर किया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों का परिचय कराया तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि हमें सुब्रमण्यम भारती के गुणों, प्रतिभाओं एवं उनके द्वारा किए गए कार्य को याद कर उन्हें आत्मसात करने की कोशिश करनी चाहिए।जिससे बच्चों में राष्ट्रधर्म और राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत हो।विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने झारखंड के विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया । इस कार्यक्रम में गीत, नृत्य, नाटक, भाषण आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनका जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था।बचपन से ही ये कुशाग्र बुद्धि के थे। उन्होंने तमिल के अलावा कई भारतीय भाषाओं में रचना की है। आज तमिलनाडु में उनका घर भारतीय इल्म के नाम से जाना जाता है।सुब्रमण्यम भारती महाकवि भारतियार के नाम से भी जाने जाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मृत्युंजय प्रसाद,शशि कुमार, राजेश्वर सिंह,रंजीत मिश्र, उषा कुमारी, हर्षदा चौबे का सराहनीय योगदान रहा।

## जिला स्तरीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढवा जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में गुरुवार को अधौरा ग्राम स्थित टीडीएम कॉलेज के मैदान में जिला स्तरीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस प्रतियोगिता में गढ़वा जिला के 10 प्रखंड के खिलाड़ी शामिल हुये. आगामी 19 दिसंबर से 21 दिसंबर 2023 तक जामताड़ा में आयोजित होने वाले 18वी जूनियर बालक एवं बालिका राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों का चयन किया गया .इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु रेफरी की भूमिका में हरेंद्र पासवान, विशाल सिंह ने जिम्मेदारी निभाया. मैच का शुभारंभ गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने नारियल फोड़कर किया. बालक वर्ग मेंनगर उंटारी ने भवनाथपुर को 5 प्वाइंट से हराया तथा बालिका वर्ग में नगर उंटारी ने मझिआंव को 25 पॉइंट्स से हराकर चैम्पियन हुई. विकास स्वदेशी ने सभी खिलाड़ियों को मैडल देकर समानित किया.उन्होंने कहा कि 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिनके, लिये 4 दिनों का कैम्प लगेगा, उसके बाद खिलाड़ियों का अंतिम रूप में चयन होगा.चयनित खिलाड़ी जामताड़ा के लिए 18 दिसम्बर को शक्तिपुंज से रवाना होंगे. चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग में अनंजय सिंह, आलोक कुमार, प्रतीक कुमार, अनिकेत कुमार, शुभम शर्मा, रंजन कुमार, नितेश कुमार, भानु सिंह,,प्रियंजली दुबे, रानी तिग्गा, नेहा कुमारी, अंजलि कुमारी, सोनी कुमारी, काजल कुमारी, अमृता कुमार , जूही कुमारी के नाम शामिल है।

## लालगढ़ में छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक व पाठ्य सामग्री का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ पंचायत के चौठा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच जूता-मोजा, पोशाक व पाठ्य सामग्री का वितरण हुआ.बच्चों के बीच पोशाक व पाठ्य सामग्री का वितरण मुखिया धर्मेंद्र चौधरी व पंचायत समिति सदस्य ने संयुक्त रूप से किया.प्रत्येक छात्र-छात्रा को दो सेट पोशाक के साथ जूता-मोजा,बैग व पाठ्य सामग्री भी दिया गया.इसके अलावा मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने लालगढ़ के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या एक मे भी बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया.धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि पोशाक से बच्चों में एक रूपता आती है। मौके पर बसंत पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## सरकार का प्रमुख कार्यक्रम है विकसित भारत यात्रा : भोला पांडेय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करसो व बोड़ी पंचायत में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय, बीडीओ नितेश भास्कर, करसो पंचायत के मुखिया सीमा देवी,बोड़ी पंचायत के मुखिया मुस्तफा अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर क्रार्यक्रम की शुरुआत की।सभी लोगों ने शपथ लिया। मौके पर भोला पांडेय ने कहा कि केन्द्र सरकार कई प्रकार के जन कल्याणकारी योजना चल रही है जिसका लाभ देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच भी रही है और उन्होंने कहा कि जो लाभुक ग्रामीण वंचित रह गए हैं वो आगे आकर इस जन कल्याणकारी योजना का लाभ जरूर लें साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शोषित वंचित लोगों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है।कार्यक्रम का संचालन अमित चौबे ने किया।

## कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड परीक्षा संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर :** रांची रोड, दुबियाखाड़ चौक मेदिनीनगर स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में गुरुवार को इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड की परीक्षा आयोजित की गई। इस ओलंपियाड के परीक्षा में तीन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के 85 छात्र-छात्राओं ने अंतर्राष्ट्रीय मैथमेटिक्स ओलंपियाड के परीक्षा में शामिल हुए। मौके पर विद्यालय प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक नंदकिशोर भारती ने कहा कि इस परीक्षा का उद्देश्य गणित पढने के प्रति बच्चों में रूचि जागृत करने के साथ ही ज्ञान में वृद्धि करने, तर्क शक्ति बढ़ाने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु अवसर प्रदान करने एवं स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के अवसर देने के उद्देश्य से किया गया। बच्चों ने लगातार 3 महीना तक कड़ी मेहनत कर इस प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित हुए। प्राचार्य भारती ने कहा कि ओलंपियाड परीक्षा स्कूली छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और जॉचने का एक बहुत बड़ा प्लेटफार्म है । उन्होंने कहा कि ओलंपियाड सभी प्रमुख विषयों में छात्रों की शैक्षणिक योग्यता का मूल्यांकन करता है। राज्य और जिले के सभी छात्रों को पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी और स्कॉलरशिप दी जाती है। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रगति समीक्षा रिपोर्ट दी जाती है। मौके पर परीक्षा कोऑर्डिनेटर के रूप में शिक्षिका सब्या सिंह, तान्या वर्मा, अर्चना दुबे,सुनीता पांडेय,अर्चना दुबे, अनु दुबे, पूजा गुप्ता,अर्चना दुबे,काजल कुमारी, सतीश कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## गरीबो का पैसा प्रमुख को हजम तो नही करने दूंगा : पूर्व मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बंशीधर नगर :** सगमा प्रमुख के द्वारा दर्जनों ग्रामीणों के खाता से अपने यहां संचालित सीएसपी से अपना अंगूठा लगाकर फर्जी निकासी किया गया है।उक्त बातें पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने गुरुवार को चेचरिया स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा की बृद्ध ग्रामीणों का पेंशन की राशि उनके खाते में सरकार द्वारा भेजी जाती है।उक्त खाता से सगमा प्रमुख के सीएसपी से फर्जी तरीके से अंगूठा लगाकर उनके पेंशन की राशि की निकासी कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सगमा प्रमुख पर करवाई तो होना ही चाहिए।गरीबो का पैसा प्रमुख को हजम तो नही करने दूंगा।उन्होंने कहा की सगमा प्रमुख के द्वारा प्रखंड के चैनपुर गावँ के 18 ग्रामीणों से पशु शेड कराने के नाम पर 13000-13000 रुपये की अवैध वसूली किया गया था।जिसमें से 7 ग्रामीणों का पैसा चैनपुर ग्राम स्थित चौपाल में सैकड़ो ग्रामीणों के सामने प्रमुख द्वारा वापस किया गया।जिससे यह साबित हो गया है की प्रमुख अजय साव द्वारा अन्य ग्रामीणों से भी पैसों की अवैध वसूली किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के पूर्व बीडीओ सत्यम कुमार द्वारा प्रखंड प्रमुख की मिली भगत से पैसे की वसूली किया गया था।उन्होंने कहा कि नगर ऊंटारी के पूर्व बीडीओ श्रवण राम के द्वारा भी मनचाहा वेंडर को मिलाकर मनरेगा राशि की लूट किया गया है।उनके द्वारा मनरेगा योजनाओं में जैसे तैसे करके योजना को पूरा कराने की कोशिश किया गया, उसके पश्चात मन चाहे वेंडर के खाते में पैसा डलवा कर राशि की लूट की गई है। उन्होंने कहा कि बीडीओ श्रवण राम का नगर ऊंटरी से स्थानांतरण भी हो गया है, लेकिन वह जो भ्रष्टाचार प्रखंड में करके गये हैं, उसकी जांच कर उन पर कार्रवाई होना ही चाहिये।

**संक्षिप्त खबरें**

### टनल में फंसे मजदूरों के नाम पर राजनीति कर रहे सीएम : मरांडी

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्तराखंड के टनल एक सुरंग से बाहर निकाले गए झारखंड के श्रमिकों के नाम पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर गुरुवार को उन्होंने कहा कि याद करिए वो दिन जब हेमंत सोरेन ने सुरंग में फंसे मजदूरों के नाम पर गंदी राजनीति कर के सुर्खियां बटोरने का कुत्सित प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि क्रेडिट खोरी की बुरी लत से मजबूर हेमंत ने मजदूरों की सहायता के लिए मीडिया में बड़े-बड़े दावे किए थे। मजदूरों के गांव जाने तक की घोषणा कर दी थी। बाबूलाल के मुताबिक आज बेचारे मजदूर रोजगार की आस देख रहे हैं लेकिन हेमंत सरकार के पास उनकी सुध लेने तक का समय नहीं है। मीडिया में चर्चित होने के प्रयास में हेमंत की दुर्गति भले हो जाए लेकिन वो जनता को झांसा देना नहीं छोड़ेंगे।

### भाजपा परिवार की नहीं, पारिवारिक सोच की पार्टी है : नागेंद्र

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। झारखंड सरकार के भूतपूर्व मंत्री स्व. समरेश सिंह की पुत्रवधू डॉ परिंदा सिंह ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर मंचस्थ नेताओं ने सभी को पार्टी का पटका एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा एक परिवार की पार्टी नहीं, बल्कि पारिवारिक सोच की पार्टी है। उन्होंने कहा कि स्व. समरेश सिंह का पार्टी से पुराना नाता रहा है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो लौट के आने वाले को वही सम्मान देती है।

# एक हजार सुरक्षाकर्मी रहेंगे तैनात, सत्र आज से शुरू

**झारखंड विधानसभा का पंचम सत्र 15 दिसंबर से शुरू हो रहा है जो 22 दिसंबर तक चलेगा ।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का पंचम सत्र 15 दिसंबर से शुरू हो रहा है जो 22 दिसंबर तक चलेगा । विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने विधानसभा सत्र होने से पहले मुख्यमंत्री विधायक के साथ बैठक की और प्रतिपक्ष नेताओं से सदन चलाने के लिए सहयोग भी मांगा की। वहीं पत्रकारों के साथ भी उन्होंने बैठक की और कई विचार विमर्श किया। विधानसभा सत्र को लेकर सुरक्षा के कड़े पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



### एक हजार सुरक्षाकर्मी तैनात

बता दें कि संसद भवन में हुए हमले के बाद देश के सभी विधानसभाओं को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है। झारखंड विधानसभा सत्र शुरू होने जा रहा है इसको देखते हुए करीब 1000 सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। झारखंड विधानसभा में सत्र शुरू होने से एक दिन पहले भारी बल में विधानसभा में सुरक्षा कर्मी पहुंचे और उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया।

## सीएम हेमंत सोरेन के काफिले के सामने आया बाईक सवार,मची अफरातफरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को दोपहर के समय डोरंडा थाना क्षेत्र के हरमू बाईपास रोड स्थित डीपीएस चौक के पास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काफिला के सामने अचानक एक बाइक सवार आ गया। घटना उस वक्त हुई जब मुख्यमंत्री विधानसभा से अपने कांके रोड स्थित आवास जा रहे थे। इसी दौरान सेल टाउनशिप से निकले मुख्यमंत्री के काफिले के सामने अचानक से बाइक सवार आ गया और वह मुख्यमंत्री के काफिले के पायलट वाहन से टकरा गया। जिसके बाद वह गिर गया, युवक को मामूली चोट भी लगने की बातें बताई जा रही है।



### इस रुट पर पहले भी मुख्यमंत्री के साथ हो चुकी है घटना

बता दें कि हरमू बाईपास रोड पर पहले भी मुख्यमंत्री के साथ घटना हो चुकी है। अति व्यस्ततम सड़क व संवेदनशील किशोरगंज चौक से ठीक पहले मुख्यमंत्री के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा था। दरअसल बीते नौ दिसंबर को हेमंत सोरेन देवघर से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लैंड करने के बाद मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना हुए थे। जैसे ही उनका काफिला हरमू मुक्तिधाम से आगे बढ़ा तो सड़क जाम थी। ट्रैफिक बाधित रहने के कारण मुख्यमंत्री के काफिले को ब्रेक लगाना पड़ा था। वहीं मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात अधिकारी दौड़ पड़े। जिसके बाद किशोरगंज ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक के जवान भी हरकत में आए, जिसके बाद जाम हटवाया गया और काफिले को गंतव्य के लिए रवाना किया गया था। अक्टूबर 2023 में दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडाल के उद्घाटन में पहुंचे थे इसके बाद कुछ पल के लिए जाम में फंसे रहे। वहीं पांच जनवरी 2023 को किशोर गंज चौक पर कारकेड रोका गया था।

## बेहतर कार्यों के लिए टाटा स्टील पावेल को करेगी सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** टाटा स्टील फाउंडेशन सबल अवार्ड 2019 से प्रति वर्ष देश प्रीतिभावान दिव्यांग बच्चों एवं वयस्कों के साथ-साथ दिव्यांगता पर कार्य करने वाले व्यक्ति को सबल साथी के रूप में समानित करती है ।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष में यह सम्मान समारोह जमशेदपुर में आयोजित है जहां देश के कोने-कोने से दिव्यांगजन एवं दिव्यांकता पर कार्य करने वाले व्यक्ति की खोज की गई है।

रामगढ़ के एक दयालु उपचारात्मक विशेष शिक्षक पॉवेल कुमार से। ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पाल्सी और अन्य विकासात्मक दिव्यांगों के साथ काम करने में विशेषज्ञता रखने वाले पॉवेल समावेशी शिक्षा के लिए एक समर्पित पक्षधर हैं।

अपने प्रयासों के माध्यम से, वह बच्चों और वयस्कों दोनों के जीवन को समृद्ध बना रहे हैं, एक सहायक वातावरण बना रहे हैं जो सीखने, विकास और स्वीकृति को बढ़ावा देता है। विविध क्षमताओं वाले लोगों की बेहतरी के लिए पावेल की प्रतिबद्धता शिक्षा और करुणा की परिवर्तनकारी शक्ति को दर्शाती है। सबल डिग्निटी थ्रू एबिलिटी इनेबल बाय टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा सबल साथी के रूप में सम्मानित किया जाएंगे 15 दिसंबर को।

## डेली मार्केट की दुकानों में आग लगने के बाद प्रभावित लोगों से मिले पदाधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डेली मार्केट में अगलगी की घटना के बाद जिला प्रशासन की टीम द्वारा 14 दिसंबर 2023 को सर्वे का कार्य किया गया। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर सर्वे किया।

सर्वे टीम में शामिल अंचल अधिकारी, शहर मुंशी राम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों एवं प्रभावितों से अगलगी के कारण की जानकारी ली एवं हुए नुकसान के बारे में पूछा।अंचल अधिकारी मुंशी राम ने प्रभावितों को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उन्हें आपदा प्रबंधन (अगलगी) अंतर्गत नियम अनुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी प्रभावितों को अपने दुकान के आकार एवं हुए नुकसान से संबंधित आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध कराने को कहा ताकि प्रक्रिया आगे बढ़ाया जा सके।



## एनटीपीसी कोयला खनन ने शानदार वृद्धि का प्रदर्शन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी लिमिटेड, अपने कोयला खनन के माध्यम से भारत की अग्रणी एकीकृत बिजली उपयोगिता पहल ने रिकॉर्ड समय में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर पार करके, एक और उपलब्धि जोड़ दी है। चालू वित्त वर्ष में 23.223 एमएमटी का उत्पादन के साथ,एनटीपीसी ने 13 दिसंबर 2023 को पिछले वित्त वर्ष के कोयला उत्पादन को पार कर लिया है। वित्त वर्ष 2022-23 में कुल उत्पादन 23.203 एमएमटी था। यह उपलब्धि हासिल की गई है 257 दिनों के रिकॉर्ड समय में हासिल किया गया जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 108 दिन कम है। कोयला उत्पादन में 77 प्रतिशत और प्रेषण में 88 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज किया। एनटीपीसी ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के साथ 100 प्रतिशत सहायक कंपनी बनाने में कदम रखा है। खनन व्यवसाय की ओर ध्यान केंद्रित करने का इरादा से कोयला मंत्रालय ने एनएमएल को मान्यता दी है,27 सितंबर 2023 को एमओसी, एनटीपीसी लिमिटेड और एनएमएल के बीच डीड ऑफ पालन पर हस्ताक्षर हुआ था यह उत्कृष्ट निष्पादन । अब तक, एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड ने अपने से 91 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) से अधिक कोयले का उत्पादन किया है। झारखंड में चार चालू कैप्टिव कोयला खदानें अर्थात पकरी बरवाडीह और चट्टी-बरियातू कोयला खदानें,ओडिशा में दुलंगा कोयला खदान और छत्तीसगढ़ में तलाईपल्ली कोयला खदान है ।

## डेली मार्केट पहुंचे इरफान और राजेश कच्छप, प्रभावित लोगों से की बात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डेली मार्केट थाना अंतर्गत डेली मार्केट में लगने वाले सब्जी मंडी में आग लगने के दूसरे दिन जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी और खिजरी विधायक राजेश कच्छप सब्जी बाजार मंडी पहुंचे और प्रभावित हुए दुकानदारों से मुलाकात की और उनकी बातों से अवगत हुए।

उन्हें अस्वासान दिया गया कि उन्हें दुकान भी बना कर दिया जाएगा और मुआवजा भी दिलाने की प्रयास की जाएगी। जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि पहले तो यह जांच होनी चाहिए कि आग कैसे लगी क्योंकि जिस वक्त आग लगी है उस वक्त दुकान और बाजार सभी बंद हो चुके थे ।

ऐसे में यह सवाल उठता है कि आग यदि किसी तरह से लगी भी तो तुरंत कैसे फैल गई। यह जांच का विषय है । वही खिचरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि हम लोग सरकार से मांग करेंगे की जिसकी दुकाने जल गई है जो लोग प्रभावित हुए हैं आर्थिक नुकसान हुआ है उन सबका भरपाई किया जाए मुआवजा सभी को दिया जाए।



## पारस एचईसी हॉस्पिटल में अब कटे और क्षतिग्रस्त अंगों का भी इलाज होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल में अब माइक्रोवैस्कुलर रिकंस्ट्रक्टिव प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा भी हो गई है। पिछले 1 साल से राँची के पारस एचईसी अस्पताल में माइक्रोवैस्कुलर सर्जरी और प्लास्टिक सर्जरी की विधि से लोगों को बेहतर जिंदगी देने का काम हो रहा है।पारस एचईसी अस्पताल के अनुभवी प्लास्टिक सर्जन डॉ. विवेक गोस्वामी के नेतृत्व में ये काम तेजी से अग्रसर हो रहा है। पारस एचईसी हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में हर तरह की माइक्रोवैस्कुलर सर्जरी एवं पुनर्निर्माण विधि से सर्जरी हो रही है। इसमें मुख्य रूप से .रीइम्प्लांटेशन सर्जरी, माइक्रोवैस्कुलर फ्री फ्लैप सर्जरी, ब्रैकियल प्लेक्सस सर्जरी, रिवैस्कुलराइजेशन सर्जरी, सिर और गर्दन की पुनर्निर्माण सर्जरी, लसीका सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।




**पुनः प्रत्यारोपण सर्जरी:** शरीर से पूरी तरह से कटकर अलग हुए अंगों को वापस शरीर से जोड़ना। पारस एचईसी अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन डॉ विवेक गोस्वामी ने बताया कि किसी भी अप्रत्याशित दुर्घटना या मशीन से किसी मरीज़ का अंग पूरी तरह से कटकर शरीर से अलग हो जाने पर यदि मरीज़ को गोल्डन पीरियड के भीतर जो 6 घंटे होते हैं अस्पताल ले आया जाये तो उस अंग को वापस शरीर से जोड़ा जा सकता है। क़रीब 5 से 6 घंटे तक चलनेवाले ऑपरेशन की प्रक्रिया के बाद उस मरीज के कटे हुए अंग के सभी नसों, हड्डी और मांसपेशियों को फिर से जोड़ा जा सकता है। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने मौक़े पर कहा की हमें गर्व है की हम प्रदेश में असाध्य और जटिल बीमारियों के इलाज की सुविधा देने में प्रमुखता से आगे बढ़ रहे हैं।

## झारखंड में ड्रॉप आउट रेट कम करने के लिए होगा तीन से 18 वर्ष के बच्चों का सर्वे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के सरकारी शिक्षक स्कूलों में मौजूद शिशु पंजी को अपडेट करने के लिए स्कूल क्षेत्र में पड़ने वाले इलाकों में तीन से 18 वर्ष के बच्चों का सर्वे करेंगे। टोले-मुहल्ले में कितने बच्चे हैं। इनमें किस आयु वर्ग के कितने बच्चे स्कूलों में पढ़ रहे हैं, कितने बच्चे ड्रॉप आउट हैं और कितने बच्चों का एडमिशन स्कूल में नहीं है, इसे नोट किया जाएगा। हर साल नामांकन की स्थिति और ड्रॉप आउट दर की स्थिति से अवगत होने के लिए शिशु पंजी को अपडेट किया जाता है, ताकि स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की पहचान हो सके और ड्रॉप आउट के कारणों का पता चले सके। इसके बाद बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया जाता है। शिशु पंजी को अपडेट करने से संबंधित प्रशिक्षण सभी जिलों के डीईईओ, डीएसई, एसडीओ, आरईओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को दिया गया है।

### खाटू नरेश का तिलक श्रृंगार 16 को



**रांची :** रांची के हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को खाटू नरेश का भव्य केसर चंदन तिलक का श्रृंगार किया जाएगा । साथ ही 91 वां श्री श्याम भंडारा शाम पांच बजे से होगा । मंदिर के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने गुरुवार को बताया कि खाटू नरेश की पूजा-अर्चना के बाद भोग लगाया जाएगा। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

# सरकार डेली मार्केट में आग से प्रभावित दुकानदारों को दें मुआवजा : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** दो दिनों पूर्व डेली मार्केट थाना अंतर्गत डेली मार्केट सब्जी मंडी में अचानक आग लगने से करीब 100 से अधिक दुकानदारों का दुकान आग में जलकर स्वाहा हो गया। करीब करोड़ का नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। दुकानदार अपने मांगों को लेकर और मुआवजा को लेकर गुहार लगा रही है । अब तक अल्पसंख्यक विभाग के हुसैन खान , अल्पसंख्यक आयोग, झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता सहित कई लोगों ने मुयैना कर चुके हैं। जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि डेली मार्केट जो सब्जी मंडी का बहुत बड़ा मंडी लगता था । यहां पर गरीब और कमजोर तबके के व्यापारी अच्छा खासा आमदनी कमाते थे।

जिससे उसका जीवन यापन बेहतर तरीके से चलाया गया था। आर्थिक रूप से यह लोग टूट चुके हैं। सरकार से हम चाहेंगे कि अविलंब इन लोगों को मुआवजा दे और इन लोगों को नहीं दुकान बनाकर इन लोगों को फिर से आर्थिक रूप से मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाएं , इस मौके पर झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष व झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता राइन पंचायत के सदर हाजी फिरोज, इनामुल , मार्केट दुकानदार समिति के सचिव सहित कई लोग उपस्थित थे।



## क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के दूसरे दिन राहे प्रखंड में परिसंपत्तियों को वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सिल्ली विधानसभा अंतर्गत राहे प्रखण्ड के डोमनडीह मैदान में गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर सिल्ली विधायक सह गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि समाज में जमीनी स्तर पर सेवा देने वाली रसोइया, स्वास्थ्य एवं जल सहिया, पहान, किसान समेत कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने गांवों की निस्वार्थ सेवा की है लेकिन सरकारी स्तर पर उनकी अनदेखी होती रही है। क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के माध्यम से हम अनदेखे किए गए उन सभी लोगों को सम्मानित करने एवं उनका उत्साहवर्धन करने का काम कर रहे हैं और यह कार्य लगातार जारी रहेगा। समाज को सशक्त बनाने के लिए हर वर्ग की भागीदारी महत्वपूर्ण है, तभी हम सामाजिक न्याय के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के दौरान स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। दिव्यांगजनों को रजिस्ट्रेशन के बाद प्रमाण पत्र दिए गए। उनके बीच निःशुल्क सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर का वितरण किया गया। साथ ही निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन और पौधों का भी वितरण हुआ। निःशुल्क गैस कनेक्शन, नेत्र व स्वास्थ्य जांच एवं दिव्यांगजनों के बीच वितरित सहायता यंत्र मिलने से जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर खुशी नजर आई। लोगों ने कहा कि इस तरह का आयोजन हमारे प्रखंड में भी होगा यह कभी नहीं सोचा था। जिस काम के लिए दूर शहर जाना पड़ता था आज वो हमारे घर के पास हो रहा है। इस शानदार पहल के लिए महोत्सव में मौजूद लोगों ने सुदेश कुमार महतो और गूंज परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया।अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों ग्राम प्रधान, संयोजिका, रसोइया, पहान, सहिया, जल सहिया, किसान, महिला समिति, क्षेत्रीय कवि, लेखक और गायक को सम्मानित कर उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिए गए।



**रांची में कई अधिवक्ताओं ने थामा पार्टी का दामन**

## इमा कराटे ग्रेडिंग में 126 खिलाड़ी सफल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में बहु बाजार स्थित बिशप स्कूल में संपन्न इमा कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग में 126 खिलाड़ी सफल घोषित किए गए द्य गुरुवार को शिविर में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस कुमिते एवं काता का प्रशिक्षण दिए । साथ ही ग्रेडिंग में सफल रहे खिलाड़ियों की घोषणा भी की। अंजली कुमारी ब्लैक बेल्ट तीसरी डान में सफल रही । इसके अलावा येलो बेल्ट के 53, ऑरेंज बेल्ट के 19, ग्रीन बेल्ट के 14, ब्लू बेल्ट के 12, पर्पल बेल्ट के 10 और ब्राउन बेल्ट के 17 खिलाड़ी सफल घोषित किए गए । शिविर में एरिक अनमोल टुडू, आन्या ट्विंकल कुजुर, मिशेल जसलीन खेस, सुनिधि एंजेल एक्का, शाइनी शेमोना टोप्पो, कुमारी आस्था, श्रेयांशी मुंडा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए द्य शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि अगामी 2024 में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होने वाला है, जिसकी तैयारी के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर को सफल बनाने में इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष सेंसाइ अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, उमा शंकर महतो, रवि कुमार सिंह, स्वस्तिका तफरदार, सुदेश कुमार महतो आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड का हजारीबाग में खुला शाखा



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, ने झारखंड के हज़ारीबाग में अपनी पहली नई शाखा का उद्घाटन धीमान कॉम्पलैक्स, पहली मंजिल, जीजीएस रोड, आनंदचक के पास खोला गया है। शाखा का औपचारिक उद्घाटन अविक मुखर्जी, रीजनल हेड (बिहार, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़) आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ द्वारा किया गया। उनके साथ नील रतन, क्लस्टर हेड और विवेक सिन्हा, शाखा प्रमुख और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ के अन्य स्टाफ सदस्य और कई प्रमुख वित्तीय सलाहकार भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में, अविक मुखर्जी ने सभी चैनल पार्टनर्स को धन्यवाद दिया और कंपनी की सफलता और विकास में उनके योगदान को मौलिक माना। उन्होंने कहा कि हम अपने ग्राहकों को एक खास अनुभव हासिल करने और वित्तीय समाधानों को सरल और अधिक सुलभ बनाने का प्रयास करते हैं। इस नई शाखा का खुलना इसी दिशा में एक और कदम है।

## एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर भारत की पहली लिस्टिंग



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में आज भारत की पहली लिस्टिंग श्री आशीष कुमार चौहान (प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) की उपस्थिति में हुई और इस मौके पर डॉ. आर बाला सुब्रमण्यम (अध्यक्ष, सलाहकार समिति, सोशल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी), रमेश स्वामी (संस्थापक निदेशक, उन्नति), अश्वनी भाटिया (पूर्ण कालिक सदस्य, सेबी) तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति अपने आज के एनएसई दौरे के दौरान मौजूद रहे। एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में भारत की पहली लिस्टिंग से इससे जुड़े लोगों में भी काफी उत्साह रहा।

## महुलिया में सरकार आपके द्वार में 1210 आवेदन आए



**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला प्रखंड के महुलिया पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर गुरुवार को आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन घाटशिला एसडीओ सत्यवीर रजक, जिला पार्षद सुभाष सिंह, घाटशिला प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू, उप प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल, घाटशिला प्रखंड विकास पदाधिकारी यूनिका शर्मा, मुखिया नेहा सिंह, पंचायत समिति सदस्य शीला गोप ने संकुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों से कुल - 1210 आवेदन प्राप्त हुए। परिसम्पतियों के वितरण में 05 लाभुकों के बीच कंबल वितरित, केसीसी लोन के तहत 03 लाभुक को 1 लाख 88 हजार रुपए का चेक वितरण, जेएसएलपीएस की ओर से सीसीएल लोन के तहत 10 स्वयं सहायता समूहों को 33 लाख रुपए का चेक दिया गया। साथ ही 46 व्यक्तियों का स्वास्थ्य जांच किया गया और 50 लोगों को फलदार वृक्ष का वितरण किया गया।

## राम मंदिर से पूजित कलश पहुंचा गम्हरिया



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अयोध्या स्थित राम मंदिर से पूजित कलश गुरुवार की शाम गम्हरिया प्रखंड पहुंचा। गम्हरिया में घोडाबाबा मंदिर में विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात वहां से कलश के साथ शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस मौके पर मिथिलेश महतो, अजय मिश्रा, बाबा पूर्णचंद्र, आकाश दास, मनोज सिंह, अनुभव दास, आकाश बारिक, करण, आशीष गौड़, सामोल घोष, ओंकार उपाध्याय, गणेश मंडल, पीयूष मंडल, दीपक, जीतू जेना, अमरजीत सिंह, जसविंदर सिंह समेत कई विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरवीएस कॉलेज में अनुसंधान पद्धति व बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय वर्कशॉप



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरवीएस कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जमशेदपुर में आज अनुसंधान पद्धति और बौद्धिक संपदा अधिकार पर एक दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के ओर से किया गया था । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कर्मकार पात्रा, निदेशक, राउरकेला इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज थे। विभागाध्यक्ष डॉ राकेश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर की। मंच पर मुख्य अतिथि के साथ कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी और डॉ राकेश कुमार उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक को अपनी पढ़ाने की शैली को बदलना अति आवश्यक है और आपकी शैली तभी बदलेगी जब आप अनुसंधान के क्षेत्र से जुड़ेंगे। कॉलेज के कोषाध्यक्ष श्री शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि इस तरह के वर्कशॉप से शिक्षक एवं छात्र छात्राओं को भी शोध करने की प्रेरणा मिलेगी।

# ओड़िशा ने तीरंदाजी, स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग सेंटर के लिए टाटा स्टील के साथ किया समझौता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ओडिशा सरकार ने ओलंपिक खेलों- तीरंदाजी और स्पोर्ट क्लाइंबिंग में उच्च प्रदर्शन केंद्र स्थापित करने के लिए बुधवार को टाटा स्टील के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किये गये। इससे ओडिशा में ऐसे केंद्रों की संख्या बढ़ जाएगी। इन विषयों में एथलीटों के विकास के लिए ओडिशा टाटा तीरंदाजी अकादमी और ओडिशा टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी यहां स्थापित की जाएंगी। समझौते के मुताबिक, तीरंदाजी के लिए क्षेत्रीय विकास केंद्र भी स्थापित किए



जाएंगे और दोनों अकादमी जमीनी स्तर पर कार्यक्रम चलाएंगी। ये केंद्र इच्छुक एथलीटों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए केंद्र के रूप में भी काम करेंगे। अकादमी में वे खिलाड़ी शामिल होंगे जो राज्य खेल छात्रावासों और राज्य-स्तरीय और राष्ट्रीय-स्तरीय कार्यक्रमों से चुने गए हैं। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि एथलीटों को उनके समग्र विकास के लिए खेल और युवा सेवा विभाग की सुविधाओं तक भी पहुंच मिलेगी, जिसमें व्यायामशाला, स्विमिंग पूल और कलिंगा स्टेडियम में भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स साइंस सेंटर शामिल होगा। मौके पर ओडिशा खेल सचिव एस विनील कृष्णा ने खेल और युवा सेवा विभाग का प्रतिनिधित्व किया, जबकि टाटा स्टील का प्रतिनिधित्व कॉर्पोरेट सर्विसेज टाटा स्टील लिमिटेड के उपाध्यक्ष और टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के अध्यक्ष, चाणक्य चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र हॉकी, फुटबॉल, तैराकी, एथलेटिक्स, जिम्नास्टिक, स्पोर्ट्स साइंस, निशानेबाजी, भारोत्तोलन में विशिष्ट एथलीट तैयार करने में सिद्ध हुए हैं और अब तीरंदाजी और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग को इस साझेदारी से और फायदा होगा।

## नक्सली श्याम सिंकू के घर में पटमदा थाना प्रभारी ने चिपकाया इश्तेहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**पटमदा :** पटमदा थाना कांड संख्या 41/2017 के प्राथमिकी अभियुक्त पश्चिम सिंहभूम जिला अंतर्गत कुमारडूंगी थाना क्षेत्र के पोखरिया गांव के रहने वाले नक्सली श्याम सिंकू के घर पर गुरुवार को पटमदा थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी ने बताया कि श्याम सिंकू के विरुद्ध जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नुमान आजम खान द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया था। स्थानीय थाना के सहयोग से ग्रामीणों के समक्ष अभियुक्त श्याम सिंकु के घर एवं गांव के सहजदृश्य भाग पर इश्तेहार चिपकाया गया। इससे पूर्व पुलिस ने डुगडुगी बजवाकर स्थानीय ग्रामीणों को एकत्रित किया और कोर्ट से



निर्गत इश्तेहार को पढ़कर सुनाया। न्यायालय द्वारा आभियुक्त श्याम सिंकू को अगले 15 जनवरी तक उपस्थित होने का आदेश दिया गया है। इस दौरान पुलिस के अन्य जवान भी मौजूद थे। 26 दिसंबर 2017 को धारा 25(1-बी)ए/26 आर्म्स एक्ट, 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत पटमदा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

## उपायुक्त के अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

# 17 मामलों पर अनुमान अनुग्रह राशि स्वीकृत करने का निर्णय




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार,अपर उपायुक्त सुबोध कुमार, जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला पारुल सिंह, सिविल सर्जन डॉ अजय सिन्हा सहित अन्य उपस्थित रहे। अपर उपायुक्त द्वारा जिले में विभिन्न प्राकृतिक आपदा अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया विभिन्न प्राकृतिक आपदा अंतर्गत स्वीकृति हेतु 17 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें सड़क दुर्घटना संबंधित 06, वज्रपात संबंधित 02,पानी में डूबने संबंधित 03 एवं अतिवृष्टि संबंधित 06 आवेदन हैं, सभी दस्तावेज भी प्राप्त हैं। उपायुक्त ने समिति सदस्यों से बिंदुवार चर्चा करते हुए सभी मामलों में नियमानुसार अनुमान अनुग्रह राशि स्वीकृति करने के निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा अंतर्गत पीड़ित परिवार को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्रदान करने हेतु जिला आपदा प्रबंधन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने आपदा के समय क्या करें एवं क्या न करें इस संबंध में ग्रामीण क्षेत्र एवं सभी स्कूली छात्र छात्राओं को जागरूक करने के निर्देश दिए।

## हमारा संकल्प विकसित भारत योजना वाहन पहुंचा किरीबुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग, डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम से जुड़ी डिजिटल वाहन किरीबुरु पहुंचा. किरीबुरु के मुर्गापाड़ा पूजा पंडाल पास किरीबुरु पश्चिम पंचायत की मुखिया पार्वती किड़ो, उप मुखिया सुमन मुंडू के अलावे जेएसएलपीएस महिला समूह से जुड़ी दर्जनों महिलाएं व अन्य पहुंचे. यहां कार्यक्रम का शुभारम्भ महिलाओं ने शपथ लेकर किया. महिलाओं ने शपथ लेते हुये कहा कि हम भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे.

# करीम सिटी कॉलेज के वीमेन सेल ने किया गुफ्तगू का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को करीम सिटी कॉलेज के वीमेन सेल ने गुफ्तगू का आयोजन किया, जिसका शीर्षक मेन विल बी मेन, बट डिफरेंटली सो था। कार्यक्रम की शुरुआत मासूम पॉल के स्वागत नृत्य से हुई। मौके पर मुख्य वक्ता हर्ष निल ने विषय पर चर्चा करते हुए अपनी राय रखी। वहीं सना वकील ने प्रेजेंटेशन के जरिए स्टूडेंट्स को वूमेंस सेल के बारे में बताया और औपचारिक रूप से सभी को नई समिति से परिचित कराया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रेयाज़ ने स्पीकर हर्ष निल का आभार व्यक्त किया और डॉ. अनवर शादाब ने



प्रतीक चिन्ह भेंट किया। डॉ. रेयाज़ ने छात्रों के साथ अपनी विचारशील अंतर्दृष्टि साझा की। आयुष मित्रा ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कॉलेज की नाटक टीम ने शिवलाल सिंह के मार्गदर्शन में लिंग और समानता पर एक नाटक प्रस्तुत किया। डॉ. कौसर तस्नीम ने महिला सेल का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम में डॉ. फरजाना अंजुम, डॉ. शशि प्रभा, डॉ. अनवर शादाब, डॉ. बीएन त्रिपाठी, डॉ. मोहम्मद शाहनवाज, साजिद परवेज और शहजेब मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बसुंधरा रॉय ने दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेल के सदस्यों का योगदान रहा।

## सुराबेडा व बिजार में 1.30 करोड़ की योजना का हुआ शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** लघु सिंचाई प्रमंडल सरायकेला के द्वारा कुचाई प्रखंड क्षेत्र के तिलोपदा पंचायत अंतर्गत सुराबेडा नाला में 58 लाख की लागत से एवं रूगुडीह पंचायत के बिजार गांव के बिछाछापी नाला में 68 लाख की लागत से बनने वाले चैक डैम का गुरुवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई सांसद प्रतिनिधि लखीराम मुंडा जीप सदस्य जींगी हेंब्रम ने शिलान्यास किया।



चैक डैम निर्माण से सुराबेडा व बिजार गांव के किसानों के साथ-साथ आसपास गांव के लोगों को भी खेती के लिए काफी सुविधा होगी। किसान सालों भर खेती कर सकेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से कनिय अभियंता मदन मोहन केराई, सांसद प्रतिनिधि दुलाल स्वांसी, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, भारत मुंडा, मुखिया राम सोय, मुखिया करम सिंह मुंडा, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मंगल सिंह मुंडा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मुंडा, प्रवीण सिंह, देव नरेश सिंह, देव विकास गोप, सुखलाल मुंडा, घनश्याम सोय, राहुल सोय आदि उपस्थित थे।

## पार्टी नेता सन्नी सिंह के नेतृत्व में आजसू के नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत कार्यक्रम

# आदिवासी-मूलवासियों के हितों की रक्षा को आजसू दृढ़ संकल्पित : रामचंद्र सहिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** छोटा गम्हरिया स्थित शहनाई भवन में कार्यक्रम आयोजित कर आजसू के नव मनोनीत पदाधिकारियों का पार्टी नेता सन्नी सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नव मनोनीत प्रधान महासचिव सह राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, प्रो रविशंकर मौर्य, केंद्रीय सचिव दीपक अग्रवाल का भव्य स्वागत किया। श्री सहिस ने पार्टी नेतृत्व के प्रति



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसका असर आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी यहां के आदिवासी-मूलवासियों, युवाओं और खिलाड़ियों के हितों की रक्षा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। हरेलाल महतो ने भी पार्टी सुप्रीमो की ओर से दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करने की बात कही। प्रो रविशंकर मौर्या ने युवाओं से पार्टी संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। इस मौके पर आजसू श्रमिक यूनियन के जिलाध्यक्ष जसबीर सिंह उर्फ बाबू, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश हांसदा, गम्हरिया प्रखंड अध्यक्ष राजेश महतो, मनोज कुमार, सूरज बनर्जी, गुड्डू सिंह, राजा टुडू, मोहन सामड, अंकित कुमार, रोबिन हांसदा समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## यूसील जादूगोड़ा अस्पताल में इंटरलिंक सिस्टम शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील की जादूगोड़ा अस्पताल आज से कंप्यूटरीकृत सिस्टम से जुड़ गया। इस इंटरलिंक सिस्टम से प्रतिदिन दवा की खपत व मरीजों की संख्या का ऑन लाइन जानकारी अस्पताल के सभी डॉक्टरों के पास एक क्लिक में उपलब्ध हो जाएगा।इस बाबत अस्पताल के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर एम के रजक ने नोटिस जारी कर अवगत करा दिया है और इसकी सूचना सभी नोटिस बोर्ड में चिपका दी है। इस नए सिस्टम से मरीजों को सबसे पहले रजिस्ट्रेशन काउंटर में रजिस्ट्रेशन नंबर हासिल करना होगा। जिसके बाद ही डॉक्टर से दिखा पाएंगे। इस नए बदलाव के बाद पूछे जाने पर यूसील अस्पताल के डीजीएम सह एचओडी देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा कि इस सिस्टम से प्रतिदिन कितनी दवा की उपयोग हुई है व कितने मरीज अस्पताल में अपना इलाज कराया ,कौन से दवा दी गई, किस डॉक्टर ने कितना रेफर किया है। कितना दवा अस्पताल में शेष बची है।इन सभी की जानकारी सभी डॉक्टर एक क्लिक में आसानी से जान पाएंगे ।इसके पूर्व सभी जानकारी रजिस्टर में ढूंढना पड़ता था। जिसमे काफी समय बर्बाद होती है। अंत में उन्होंने कहा कि यह ट्रायल के तौर पर शुरुआत की गई है सफल हुआ तो यह नियमित कर दिया जाएगा।

## गुमरिया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** जगन्नाथपुर प्रखंड के गुमरिया पंचायत में बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार - आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में गुमुरिया मुखिया अनिता लागुरी, उपमुखिया फुलमति लागुरी, बीससुत्री सदस्य सह सासंद प्रतिनिधि ललित दुराईबुरु, पंचायत समिति सदस्य सुभाष चंद्र लागुरी, मानकी दिपाक लागुरी,ग्रामीण मुंडा जमादर लागुरी,समाजसेवी दास माहाराणा ,बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ मनोज मिश्रा शामिल हुए। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में सबसे अधिक भीड़



अबुआ आवास योजना के स्टॉल पर रही। बीससुत्री अध्यक्ष सह सासंद प्रतिनिधि ललित दुराईबुरु ने कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों का निश्चित रूप से फायदा मिल रहा है। मौके पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के ने सोना सोबरन धोती- साड़ी, असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, स्कूली बच्चों को साइकिल, व महिला समूहों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया।

# रांची यूनिवर्सिटी में युवा का वार्षिक रिथिंक कार्यक्रम

## हर जगह महिलाएं हिंसा का शिकार हो रही है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था युवा( यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) एवं विमेन गेनिंग ग्राउंड कंसोटियम ,क्रिया, न्यू दिल्ली के तहत 16 दिवसीय अभियान के तहत असमानता से समानता सबकी गिनती एक समान के तहत राज्य स्तरीय वार्षिक रिथिंक इवनिंग का आयोजन समाज शास्त्र विभाग रांची यूनिवर्सिटी में किया गया। इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन युवा संस्था ने समाज शास्त्र विभाग व विमेन स्टडी सेंटर रांची के साथ मिलकर संगठित रूप से किया। कार्यक्रम में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था, शिक्षक , छात्र छात्राएं शामिल



हुए। युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी । कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से पौधा में पानी डालने एवं असमानता से समानता, सबकी गिनती एक समान,हिंसा के खिलाफ़ हम सबकी आवाज स्लोगन से किया गया। बबिता सिन्हा प्रोग्राम मैनेजर क्रिया ने बताया कि विमेन गेनिंग ग्राउंड कंसोटियम कि भारत में महिलाओं और युवा लड़कियों ,खास कर हाशिए पर रह रही महिलाओ जैसे की विकलांग महिलाएं , ट्रांस व्यक्ति उनके साथ हो रही हिंसा पर काम करता है । एचओडी पी के चौधरी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम होना बहुत सराहनीय है क्योंकि जानकारी के अभाव के कारण कुरीतियां बढ़ रही हैं और ज्यादातर महिलाएं हिंसा का शिकार हो रही है । डॉ दीपाली सहायक प्रोफेसर ने कहा कि युद्ध हो या समाज हर जगह शोषण का शिकार महिला है। रेशमा, आली से डायन प्रथा से प्रभावित महिलाओ की केस स्टडी को साझा की। आकृति लकड़ा ने बताया कि किस तरह ज्यादातर आदिवासी महिलाओं को डायन कह कर प्रताड़ित किया जाता है। खुला सत्र में सब ने अपने विचार साझा किए। युवा संस्था अध्यक्ष उषा सबीना देवगन ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

संपादकीया

# काला धन और सांसद

**कांग्रेस** के राज्यसभा सांसद धीरज साहू से जुड़े ठिकानों से करीब 400 करोड़ रुपए नकद बरामद किए जा चुके हैं और अभी यह सिलसिला जारी है। धीरज का परिवार देसी शराब का बड़ा उत्पादक है। इसके अलावा होटल, रियल एस्टेट, परिवहन और मछली आदि क्षेत्रों में भी वह व्यापार करता है, लेकिन उनके 30 से अधिक ठिकानों से, अलमारियों में ठूंसे गए, नोटों के बंडल मिले हैं, तो यकीनन वह 'काला धन' है, बेहिसाबी और बेईमानी का पैसा है। इस 'काले धन' का स्रोत क्या है? इतने धन-संग्रह का सच क्या है? क्या इस 'काले पैसे' से कुछ और लोग भी जुड़े हैं? क्या किसी और का 'अवैध धन' धीरज साहू ने छिपा कर रखा था? ईमानदारी, नैतिकता और पारदर्शिता का ढोल बजाने वाले आज खामोश क्यों हैं? इन सवालों के जवाब देश के सामने सार्वजनिक होंगे अथवा नहीं, उसे लेकर हम निश्चित नहीं हैं, क्योंकि ऐसे कई छापों में करोड़ों रुपए का नकदी बेनकाब, बेपर्दा हुआ है, लेकिन उन्हें उचित कानूनी दंड दिया गया हो, यह हमें याद नहीं है। किसी राजनेता और सांसद के अपने ही ठिकानों से, आयकर विभाग के एक ही ऑपरेशन में, इतना 'काला धन' बरामद करने का यह अभूतपूर्व मामला जरूर है। इतना संवेदनशील मामला है कि प्रधानमंत्री मोदी ने नोटों के बंडलों वाली, अखबार में छपी, तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है और देश को भरोसा दिलाया है कि जनता का जो पैसा लूटा गया है, उसकी पाई-पाई लौटाना पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।' बहरहाल 6 दिसंबर से छापेमारी का जो सिलसिला शुरू किया गया था, वह रविवार तक भी जारी था और 400 करोड़ रुपए के करीब का नकदी बरामद और जब्त किया जा चुका था। कुछ सांसदों का अनुमान है कि जब सभी बैंक खाते और लॉकर आदि खंगाल लिए जाएंगे, तो बेहिसाब का यह धन 1000 या 2000 करोड़ रुपए तक भी पहुंच सकता है। कंपनी के एक मैनेजर बंटी साहू के बोलांगीर (ओडिशा) वाले ठिकानों से नकदी के 20 बैग अलग से बरामद किए गए हैं। उनमें भी 100 करोड़ रुपए बताए गए हैं। नोटों के पहाड़ से लबालब 176 बैग पकड़े गए थे, जिनमें से 100 बैगों की गिनती की जा चुकी है। भारतीय स्टेट बैंक की बोलांगीर शाखा के 40-50 कर्मचारी मशीनों के जरिए नोटों की गिनती कर रहे हैं। मशीनें खराब भी हो रही हैं, लिहाजा उनकी मरम्मत करने वाले विशेषज्ञों को भी बुलाया गया है। चूंकि छापों में आयकर विभाग ने, विभिन्न ठिकानों से, कंप्यूटर, लैपटॉप और डिजीटल उपकरण भी अपनी गिरफ्त में लिए थे, लिहाजा उनकी सम्यक जांच और उन्हें पढने के लिए हैदराबाद से आईटी के 20 विशेषज्ञों को भी बुलाया गया है। कंपनी से जुड़े लोग कितने लंबे सालों से इन 'काली करतूतों' में लिप्त थे, इसका अभी खुलासा होना है, लेकिन जो शख्स सांसद के तौर पर सार्वजनिक जीवन में रहा है और जिसने संविधान और शुचिता की शपथ ली थी, अब उसका अंजाम क्या होगा? विडंबना है कि फिलहाल सांसद को 'आरोपित' माना जाता रहेगा और उसकी सांसदी बरकरार रहेगी। सांसद के तौर पर धीरज साहू कई संसदीय समितियों से जुड़ा है। खासकर ऊर्जा, नवीकरण ऊर्जा, कोयला, खदान, इस्पात आदि की सलाहकार समितियों का भी सदस्य है। ये अति महत्त्वपूर्ण समितियां हैं, जो सरकार की नीतियों की समीक्षा करती हैं और सुझाव भी देती हैं। 2018 में धीरज तीसरी बार राज्यसभा सदस्य चुने गए थे। तब उन्होंने चुनाव आयोग में हलफनामा देकर अपनी सालाना आय करीब एक करोड़ रुपए घोषित की थी। चार निजी वाहन भी बताए थे। करीब 26.16 लाख रुपए मूल्य के डायमंड जेवरात भी घोषित किए थे और पत्नी के 94.5 लाख रुपए मूल्य के सोने के जेवरात का खुलासा भी किया था। ऐसे व्यक्ति को झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल में कई ठिकानों में ठूंस-ठूंस कर नकदी पैसा भरने की जरूरत क्या थी? जाहिर है कि कुछ तो 'काला' जरूर है। इस मामले में जांच करके सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

राजनेता और सांसद के अपने ही ठिकानों से, आयकर विभाग के एक ही ऑपरेशन में, इतना 'काला धन' बरामद करने का यह अभूतपूर्व मामला जरूर है। इतना संवेदनशील मामला है कि प्रधानमंत्री मोदी ने नोटों के बंडलों वाली, अखबार में छपी, तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है और देश को भरोसा दिलाया है कि जनता का जो पैसा लूटा गया है, उसकी पाई-पाई लौटाना पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है।' बहरहाल 6 दिसंबर से छापेमारी का जो सिलसिला शुरू किया गया था, वह रविवार तक भी जारी था और 400 करोड़ रुपए के करीब का नकदी बरामद और जब्त किया जा चुका था। कुछ सांसदों का अनुमान है कि जब सभी बैंक खाते और लॉकर आदि खंगाल लिए जाएंगे, तो बेहिसाब का यह धन 1000 या 2000 करोड़ रुपए तक भी पहुंच सकता है। कंपनी के एक मैनेजर बंटी साहू के बोलांगीर (ओडिशा) वाले ठिकानों से नकदी के 20 बैग अलग से बरामद किए गए हैं। उनमें भी 100 करोड़ रुपए बताए गए हैं। नोटों के पहाड़ से लबालब 176 बैग पकड़े गए थे, जिनमें से 100 बैगों की गिनती की जा चुकी है। भारतीय स्टेट बैंक की बोलांगीर शाखा के 40-50 कर्मचारी मशीनों के जरिए नोटों की गिनती कर रहे हैं। मशीनें खराब भी हो रही हैं, लिहाजा उनकी मरम्मत करने वाले विशेषज्ञों को भी बुलाया गया है।

कांग्रेस के लिए वहां स्थिति अब ऐसी है कि सूफड़ा ही साफ हो गया है

# पूर्वोत्तर में कांग्रेस के 'पराई' होने के निहितार्थ

डॉ. रमेश ठाकुर

**सियासत** अपने रंग-ढंग बदलती रहती है जिसकी पटकथा समय लिखता है, जो समय के साथ नहीं बदलता, समय उसे बदल देता है। समय की गति को समझने में कांग्रेस शायद गच्चा खा गई। पूर्वोत्तर से कांग्रेस का तकरीबन बोरिया-बिस्तर बंध चुका है। एक जमाना था, जब पूर्वोत्तर राज्यों में मुल्क के सबसे उम्रदराज सियासी दल 'कांग्रेस' का बोलबाला होता था। कांग्रेस के मुकाबले अन्य दल वहां बिल्कुल भी नहीं टिकते थे। चुनावी मौसम में सियासी लहर सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की ही बहती थी। फिर, चुनाव चाहे पंचायती हो, या लोकसभा का, सभी में पार्टी की विजयी सुनिश्चित हुआ करती थी। लेकिन अब सियासी परिदृश्य पहले के मुकाबले एकदम जुदा है।

अवाम ने पुरानी पटकथाओं को नकार दिया है। कांग्रेस के लिए वहां स्थिति अब ऐसी है कि सूफड़ा ही साफ हो गया है। हाल ही में मिजोरम विधानसभा चुनाव का रिजल्ट आया, उसमें मात्र सिंगल सीट कांग्रेस को मिल पाई। पार्टी की इतनी बुरी हार, ऐसी दुगर्ति होगी जिसकी कल्पना भी शायद कांग्रसियों ने सपने में कभी नहीं की होगी। उन्हें पटकनी ऐसे दल दे रहे हैं, जो कभी उनके सहयोगी होते थे, या फिर कांग्रेस के गर्भ से ही निकले हैं। कांग्रेस का मरना इसी बात का तो सबसे ज्यादा है कि उनके सिखाए राजनीतिक ककहरा वाले दल उन्हें खदेड़कर सरकार बना रहे हैं। कुल मिलाकर अब हालात कांग्रेस के लिए वहां ऐसे बन चुके हैं जिससे दोबारा उभरना आसान नहीं होगा। उनका जनाधार और उनके खांटी कार्यकर्ता अब अपना रास्ता बदल चुके हैं।

पूर्वोत्तर में कांग्रेस की ऐसी दुगर्ति क्यों हुई? इस पर समीक्षा या आकलन करने की ज्यादा आवश्यकता इसलिए नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के बेदखली के कारण कुछ सामने दिखाई देते हैं। मोटे तौर पर कुछ कारण ऐसे हैं जैसे, स्थानीय नेताओं को इग्नोर करना, सभी फैसले दिल्ली में बैठे शीर्ष नेताओं द्वारा लेना, टिकट का वितरण सिफारिशों के जरिए होना, प्रदेश स्तरीय जमीनी मुद्दों को नकारना, वहां के नेताओं-कार्यकर्ताओं का अपमान-तिरस्कार करना और दिल्ली बुलाकर खुलेआम लज्जित करने वाले कारण प्रमुख हैं। यही वजह है कि 10 जनपद और पूर्वोत्तर राज्यों की दूरी धीरे-धीरे बढ़ती गई।

तभी, पूर्वोत्तर राज्यों के नेताओं ने अपमान का कड़वा घूंट पीकर विगत वर्षों से खुद से निर्णय लिया कि अब वो दिल्ली पर निर्भर नहीं रहेंगे, अपना रास्ता खुद तय करेंगे। मिजोरम में इस दफे जेडपीएम को बहुमत मिला है, उसके ज्यातर



नेता कभी दिल्ली का मुंह ताका करते थे। पर, जब से उन्होंने दिल्ली आना बंद किया और अपने यहां छोटे-मोटे एकाध दलों के साथ मिलकर संगठन बनाया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। मिजोरम में बिना किसी के सहयोग से जेडपीएम अपनी सरकार बना रही है।

बहरहाल, सेवन सिस्टर्स कहे जाने वाले पूर्वोत्तरी क्षेत्र नगालैंड, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, असम और मिजोरम में कांग्रेस एक साथ नहीं पिछड़ी, बल्कि धीरे-धीरे खत्म हुई। 2014 में केंद्र से जैसे कांग्रेस की छुट्टी हुई। तभी से उपरोक्त राज्यों की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। बदली तस्वीर कांग्रेस के बूढ़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती भी रही। बावजूद इसके उन्होंने रोकने की जरा भी कोशिशें नहीं की? 2018 में मिजोरम विधानसभा के वक्त वहां से एक स्थानीय कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मौजूदा हालात पर सियासी विचार-विमर्श करने दिल्ली पहुंचा था। वो सोनिया गांधी, राहुल गांधी या फिर प्रियंका गांधी में किसी एक से मिलने के इच्छुक थे। लेकिन तीनों में किसी ने मिलने तक का समय नहीं दिया।

वो प्रतिनिधिमंडल पांच दिनों तक दिल्ली में डेरा डाले रहा, उनसे मिलना गांधी परिवार ने उचित नहीं समझा। बल्कि उनको ये संदेश पहुंचाया गया कि प्रदेश के मुद्दों पर विचार करना और निर्णय लेना उनका काम है तुम वापस जाओ। सोचने वाली बात है। जब, लोकल लीडरशिप के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा तो पार्टी का सूफड़ा साफ होना तय है। कमोबेश, हो भी कांग्रेस के साथ वैसा ही रहा। बल्कि, उससे और ज्यादा होता दिख रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस पूर्व विपक्ष की भूमिका में भी नहीं रही। स्थिति अगर ऐसी ही बनी रही तो वह दिन दूर नहीं, जब कांग्रेस की चर्चा वहां सिर्फ कागजों में ही हुआ करेगी। दरअसल, कांग्रेस अपने भीतर से एक बड़ी गलतफहमी नहीं निकाल पा रही।

वो गलतफहमी है उनका मतदाताओं को अपनी जागीर समझना? कांग्रेस को लगता है कि वहां के वोटर तो उनके स्थाई हैं, कभी पाला नहीं बदलेंगे। पूर्वोत्तर के अलावा मैदानी और पहाड़ी राज्यों में भी ऐसी ही भूल कर रही है। पंजाब में चन्नी-सिद्धू का मसला अगर समय रहते सुलझा होता तो वहां भी ऐसी नौबत नहीं आई होती? हरियाणा, उत्तराखंड और ताजा तरीन राजस्थान में भी यही हुआ। राजस्थान में पायलट-गहलोत के बीच शुरू से आखिर तक बरकरार रहा अंतर्विरोध, जिसका खामियाजा उन्होंने जीता-जिताया प्रदेश हरवा डाला।

फिलहाल, पूर्वोत्तर में चुनावों में लगातार मिल रही हार ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नेताओं में मायूसी छा दी। यही कारण है कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता जनता से भी दूर होते गए जिसका नुकसान कांग्रेस को चुनाव दर चुनाव उठाना पड़ रहा है। मिजोरम के रिजल्ट ने कांग्रेस के लिए भविष्य की तस्वीर प्रस्तुत कर दी है कि पूर्वोत्तर में कांग्रेस की तानाशाही सियासी रणनीति अब नहीं चलने वाली, नए सिरे से रणनीति बनानी होगी। वरना, 2024 में भी ऐसी ही तस्वीर देखने को मिलेगी। कांग्रेस के न रहने से जितना स्पेस खाली होएगा, उसका बिना देर किए फायदा भाजपा उठाएगी। कांग्रेस के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र किसी वंडरलैंड से कम नहीं रहा, क्योंकि वहां क्षेत्रीय जनता के अलावा प्राकृतिक आशीर्वाद भी उन्हें प्राप्त हुआ। पर, सियासी घमंड में चूर कांग्रेस दोनों को नहीं पचा पाई, मतदाताओं को अपनी स्थाई जमीन समझने की भूल करते रहे।

एक वक्त था, जब जनता के प्रति भी कांग्रेस को लेकर दीवानगी थी कि कांग्रेस के सिवाए उन्हें कोई दूसरा दल नहीं भाता था। जनता की कई आकांक्षाएं और अपेक्षा थी जिसे पूरा करने में कांग्रेस असफल रही। मणिपुर में उपजी जातीय हिंसा भी पूर्व की घटनाओं की देन हैं। कई ऐसे पुराने मसले हैं जो जिन्न बनकर बोतल से बाहर एक-एक करके निकल रहे हैं। पूर्वोत्तर में पड़ोसी देश म्यांमार और बांग्लादेश से मादक पदार्थों की सप्लाई का विरोध सेवन सिस्टर्स राज्य बहुत पहले से करते आए हैं, जिस पर कांग्रेस की केंद्र सरकार ने कभी गौर नहीं किया। राज्य सरकारों ने अपने बूते कुछ करना भी चाहा, तो उन्हें रोका गया। इन्हीं सभी बातों का गुस्सा जनता अब चुनावों में कांग्रेस से ले रही है। सेवन सिस्टर्स राज्यों की चुनावी रिजल्ट वाली तस्वीर कांग्रेस को बेहद परेशान किए हुए, अगर सिलसिला यूं ही रहा तो 2024 में भी कांग्रेस खाली हाथ रहेगी। पूर्वोत्तर के लिए कांग्रेस को नई रणनीति बनाने की दरकार है। साथ ही स्थानीय नेताओं को तवज्जो देकर वहां से ताल्लुक रखने वाले तमाम निर्णयों को उन्हीं पर छोड़ना होगा। पर, शायद ही हो, कांग्रेस इतना नीचे झुक पाए।

2014 में केंद्र से जैसे कांग्रेस की छुट्टी हुई। तभी से उपरोक्त राज्यों की तस्वीर बदलनी शुरू हुई। बदली तस्वीर कांग्रेस के बूढ़े नेताओं के इर्द-गिर्द घूमती भी रही। बावजूद इसके उन्होंने रोकने की जरा भी कोशिशें नहीं की? 2018 में मिजोरम विधानसभा के वक्त वहां से एक स्थानीय कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के मौजूदा हालात पर सियासी विचार-विमर्श करने दिल्ली पहुंचा था। वो सोनिया गांधी, राहुल गांधी या फिर प्रियंका गांधी में किसी एक से मिलने के इच्छुक थे।

दृष्टि कोण

# बेहिसाब नकदी की बरामदगी ने कांग्रेस और कैश को पर्यायवाची शब्द बना दिया है

**कांग्रेस** के नेताओं ने 'चौकीदार चोर है' का नारा लगाया लेकिन यह नारा नहीं चला, कांग्रेस के नेताओं ने उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरना चाहा और 'मोदानी' नाम से अभियान चलाया लेकिन इस अभियान की हवा निकल गयी। जानते हैं क्यों? क्योंकि जनता जानती है कि कलियुग में 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत ही चरितार्थ होती है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिसरों से नकदी के जो बंडल पर बंडल निकल रहे हैं वह इस बात की जरूरत पर भी बल दे रहे हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत को बदला जाये क्योंकि चोर अब डकैत बन चुके हैं और तिनका अब बड़ी-बड़ी तिजोरियों का रूप ले चुका है। झारखंड के कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद हो रही नकदी सिर्फ टैक्स की चोरी नहीं है, यह सिर्फ गरीबों के हक का पैसा नहीं है, यह मध्यमवर्गीय



परिवारों के हक पर भी कुठाराघात है जो समय पर सारी ईएमआई, कर और अन्य प्रकार के भुगतान करते हैं और बजट में जरा-सी राहत पाने का इंतजार करते रहते हैं। देखा जाये तो मोदी सरकार जब भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी करवाती है तो घमंडिया गठबंधन के सारे नेता एकत्रित हो जाते हैं और आरोप लगाते हैं कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। यही नहीं, ईडी के समन को तवज्जो नहीं देते हुए नेता चुनावी रैलियों के लिए निकल जाते हैं और कहते हैं कि मोदी सरकार हम पर अत्याचार कर रही है और हम ऐसे समन से डरने वाले नहीं हैं। लेकिन वक्त आ गया है कि भ्रष्ट राजनीतिज्ञों के मन में कानून का डर पैदा किया जाये। सवाल उठता है कि यह लूट और डकैती नहीं तो क्या है कि राजनीतिज्ञों के घर से सामान्य बैंक ब्रांचों से ज्यादा कैश बरामद हो रहा है, राजनीतिज्ञों के घर से सुनार की दुकान से ज्यादा सोना बरामद हो रहा है और राजनीतिज्ञों के घर से बिल्डरों की भांति जमीन-जायदाद के तमाम कागजात बरामद हो रहे हैं? यह सब देखकर आम आदमी के दिल से यही निकल रहा है कि देश को लूटने वालों से पाई-पाई वसूलनी ही चाहिए। वैसे, झारखंड में ऐसा नहीं है कि पहली बार किसी कांग्रेसी नेता के यहां से नकदी बरामद की गयी है। इससे पहले कांग्रेस के कुछ विधायक बड़ी मात्रा में नकदी के साथ पकड़े गये थे तब दिखाने के लिए कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था लेकिन जल्द ही पार्टी में उनकी बहाली भी हो गयी थी। अब झारखंड में कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद नकदी दर्शा रही है कि कांग्रेस और कैश पर्यायवाची शब्द होते जा रहे हैं। बात सिर्फ झारखंड की भी नहीं है। अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ में महादेव एप मामले के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 500 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद देने की बात भी सामने आई थी। सवाल उठता है कि जब राज्यों में कांग्रेस इतने बड़े घोटालों के आरोपों के घेरे में आती है तो जरा कल्पना कीजिये कि केंद्र में उसके सत्ता में रहने के दौरान घोटालों की राशि का दायरा क्या रहता रहा होगा? बहरहाल, देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही ही कहा है कि देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें। आज कांग्रेस को शर्मसार होने की जरूरत है और अपने भ्रष्ट नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने की जरूरत है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान में चितरपुर परिसर में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित सिविल जज संजीबिता गुइन के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के द्वारा मिलने वाली निशुल्क कानूनी में सहायता के बारे में बताया। बाल विवाह, दहेज प्रथा और डायन प्रथा के विषय में विस्तार से बताते हुए इसके सामाजिक दुष्परिणाम व इसके रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों को विस्तार से बताया। और कहा कि ये तीनों ही प्रथाएं समाज को विकास की राह ले जाने में बाधा बन रही है। डालसा पैनल अधिवक्ता ने विभिन्न सरकारी योजना के बारे में बताया। चितरपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सरकार आप के द्वार कार्यक्रम का आम जनों को लाभ लेने का प्रेरित किया।सशक्तिकरण के मामले में बीडीओ चितरपुर ने कहा कि गरीब और दबे कुचले व जरुरतमंदों को सोबरन धोती साड़ी, अबुवा आवास योजना , कंबल वितरण योजना, स्कॉलरशिप योजना, सहित अन्य सरकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया और कहा कि सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाएं समाज के गरीब और असहायों को सशक्त करने का एक बेहतर माध्यम है। उन्होने कहा कि समाज को आगे आकर इन योजनाओं को लाभ लेने के लिए तत्पर रहना चाहिए। मौके पर अंचलाधिकारी, प्रमुख द्रोपती देवी, विश्व सूत्री अध्यक्ष , प्रखंड कर्मी एवं पीएलबी दुर्गेश कुमार ,सुदीप रंजन, निरंजन कुमार आदि थे ।

## आजूसू पार्टी ने विमल बुधीया को बनाया केंद्रीय शाह कोषाध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजुसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देशानुसार कमेटी का गठन किया गया जिसमें रामगढ़ छावनी के विमल बुधीया को केंद्रीय कमेटी का शाह कोष अध्यक्ष बनाया गया । विमल बुधीया ने केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो एवं केंद्र उपाध्यक्ष सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को धन्यवाद दिया। बुधीया ने कहा की जो मुझे दायित्व दिया गया है मैं अच्छे तरीके से तन मन धन से निभाऊंगा और पार्टी के सिद्धांतों को आगे बढ़ते हुए अपना कार्य करूंगा बुधीया को सा शह कोष अध्यक्ष बनने पर आजुसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी एवं गोमिया के विधायक लंबोदर महतो केंद्रीय सचिव विजय साहू गुड्डू यादव मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विमल बुधीया को बधाई दी।

## डाक कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का अनिश्चितकालीन का विभिन्न मांगों को लेकर जारी हड़ताल गुरूवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। हड़ताल के तीसरे दिन ग्रामीण डाक सेवक संघ द्वारा प्रधान डाकघर रामगढ़ के समक्ष धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुदीप गोस्वामी ने और संचालन संजय कुमार महतो ने किया। जबकि धरने का नेतृत्व सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की जब तक हमारी मांग नही मानी जाएगी हड़ताल जारी रहेगा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की हमारी काम की अवधि 8 घंटे हो, पेंशन की सुविधा मिले, कमलेश चंद्रा कमेटी की सिफारीस लागू किया जाए, हम सबों को सिविल सर्वेंट का दर्जा मिले, समान कार्य के लिए समान वेतन लागू हो , आर्टिकल 3ए को समाप्त किया जाये, सभी शाखा डाकघरों को लैपटॉप, प्रिंटर और ब्रॉडबैंड की सुविधा दी जाए।धरने में संजय कुमार महतो, भीम महतो, उमाशंकर सिंह, स्नेहा सोमल, स्वरूप सीखा, सीमा कुमारी, इम्तियाज आलम, चंदन कुमार, विशेश्वर पासवान, नरेश तिवारी उपस्थित थे।

## भाजपा नेता दिनेश करमाली के मां की ब्रह्भोज कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी निवासी सह भाजपा बड़कागांव पुर्वी मंडल महामंत्री दिनेश करमाली के मा की ब्रह्भोज कार्यक्रम गुरुवार को किया गया। वहीं इस ब्रह्भोज कार्यक्रम में भाजपा बड़कागांव के पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह,बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिव दास, बिरसा मैनेजर रामेश्वर मुंडा, आदिवासी छात्र संघ के संरक्षक दसई मांझी आदि ने स्वर्गीय प्यासो देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वहीं मौके बड़े पुत्र भाजपा नेता दिनेश करमाली,मंझले पुत्र जलेश करमाली,छोटे पुत्र बालेश्वर करमाली,मटन करमाली, कैलाश करमाली, बिनोद करमाली,दीपक कुमार, रोहित धनेश कुमार, कमलेश,अमन राज कुमार, बिनोद मनीलाल, अशोक,संजय करमाली, पिंटू करमाली, राजपति राम, बिरसा कार्मिक पदाधिकारी विकास रंजन, दिलिप कुमार, आदि थे ।

## प्रबंधन सिरका खदान के पास सड़क व ट्रेंच काटने में लगा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका कोलयरी प्रबंधन के द्वारा सीटीओ मिलने के बाद खदानों से जुड़ने वाले आवागमन मार्गो को डोजरिंग करवा समतलीकरण निर्माण कार्य किया जा रहा हैं। साथ ही खदानों को सुरक्षित रखने के लिए ट्रेंच कटवा कर दिवार तैयार किया जा रहा हैं। इसके लिए



स्थानीय ग्रामीणों के कहने पर प्रबंधन के अधिकारीगण लगातार आवश्यकता अनुसार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण भी अपनी जरूरत के मुताबिक सड़क बनाने में अपनी बातें रख रहे हैं। आने वाले दिनों में कोयला उठाने के बाद सड़कों का उपयोग किया जाएगा। लोकल सेल के माध्यम से कोयला कंपनी बचेगी।

## स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया का 221 वीं जयंती दिवस 30 को

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेदिया विकास परिषद् झारखंड प्रधान कार्यालय घुटूवा में परिषद् के संरक्षक-देवकी नंदन बेदिया, महासचिव-रामफल बेदिया व अध्यक्ष-शंकर बेदिया ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया का 221वीं जयंती दिवस 30 दिसंबर 2023 को सफल करने के लिए बेदिया विकास परिषद् झारखंड को बृहद पैमाने पर मनाने का आह्वान किया गया है। इस अवसर पर बेदिया समुदाय के जन-जन तक पहुंचने का काम करें और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल अवश्य कराएं। बेदिया समुदाय सहित आदिवासियों का धर्म, संस्कृति व अस्तित्व जल-जंगल-जमीन से है और




हमेशा से जल-जंगल-जमीन छीना गया है और जल-जंगल-जमीन की लड़ाईं हमेशा से लड़ते रही है। जल-जंगल-जमीन पर सरकार की कोई भी गलत व जनविरोधी नीतियां लाएगी उसका हम पुरजोर विरोध करते हैं। सीएनटी/एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागू करने की मांग करती है। खनिज तत्व संपदा से परिपूर्ण झारखंड है और झारखंड के आंदिवासियों को ही बृध्दा पेंशन नहीं, शिक्षा-स्वास्थ की गारंटी नहीं,वास- आवास,राशन-किरासन नहीं, रोजगार नहीं, झारखंड के खनिजों की लूट के साथ मनरेगा मजदूरों को काम नहीं,मजदूरी नहीं।

## परियोजना सिरका कार्यालय में विद्युत तारों का हो रहा बदलाव

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के परियोजना सिरका कार्यालय में जर्जर विद्युत तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा हैं। गुरुवार को विद्युत मिस्त्रीयों के द्वारा मुख्य दरवाजे के महत्वपूर्ण बिजली प्रवाह तारों को बदलने का काम किया गया। बताया गया कि इससे सिरका कार्यालय के वर्षो पुराने विद्युत तार बदलने के बाद सुरक्षा और सुविधा प्रत्येक कमरों में बन पाएगी।

## हेसला आंगनबाड़ी केंद्र में 29 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद वार्ड नंबर 12 में आंगनबाड़ी केंद्र हेसला में 29 बच्चों को ठंड से बचने के लिए स्वेटर वितरण किया गया ।यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र करमाली टोला हेसला मे नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, गोपाल मुंडा सेविका शीला देवी सहायिका रीना देवी के उपस्थिति में स्वेटर का वितरण किया गया। सरकार के द्वारा सभी आंगन बाड़ी केंद्रो में छोटे बच्चों को स्वेटर वितरण किया जा रहा है उसी के तहत् यह कार्यक्रम किया गया।



## संक्षिप्त खबरें

### डिजिटल क्रांति का फायदा समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा : सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, बीपीओ टंडवा सुबोध पासवान, जिला परिषद् सदस्या देवंती देवी, स्थानीय मुखिया सुबेश राम और मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने संयुक्त रूप से विधिवत् फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इन सबों की उपस्थिति में हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया गया और कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने कहा कि मोदी सरकार की देन है कि डिजिटल क्रांति का फायदा समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। गरीब कल्याण देश का कल्याण के सूत्र से कमजोर वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करने का नाम मोदी सरकार है। युवा, महिला, मजदूर, किसान के सम्मान की गारंटी का नाम मोदी सरकार है। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया। मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार सिंह, राम चन्द्र प्रसाद गुप्ता, मुनेश गंझू, मिश्रोल पंचायत संयोजक सुरेन्द्र साहु, पंचायत समिति सदस्य विमला देवी, चिंतामन साव, अजय सिंह, धनेश्वर विश्वकर्मा, वार्ड सदस्य गण, पंचायत सचिव जितेन्द्र सिंह समेत सैकड़ों लाभुक ग्रामीण उपस्थित थे।

### मुखिया प्रतिनिधि ने 25 गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण



**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सिकीदाग पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश प्रसाद यादव के द्वारा गरीब, असहाय, वृद्ध महिला और पुरुष के बीच कंबल का वितरण किया गया।समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश प्रसाद यादव ने कहा कि कपकपाती ठंड को देखते हुवे गरीब, असहाय व वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। कंबल मिलने के बाद लोगों को ठंड से राहत मिलेगी। वहीं सोहरलाट गाँव के बैगा, बिरहोर समेत अन्य 25 गरीबो के बीच कंबल वितरण किया गया।

### एसजीआरएस संस्था ने बेहतर कार्य करने वाली सेविकाओं को किया सम्मानित



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल विकास परियोजना कार्यालय बरवाडीह में मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर प्रखंड की सेविकाओं के साथ बैठक किया गया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सारथी योजना के लिए बेहतर कार्य करने वाली सेविकाओं सुनीता देवी विजय लक्ष्मी देवी अनिता देवी आदि को एसजीआरएस संस्था के राज्य समन्वयक अब्दुल जब्बार के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बरवाडीह अनिता देवी महिला प्रवेक्षिका नीला रानी कुजूर संस्था के जिला समन्वयक मनोज दत्त देव उपस्थित थे। वहीं योजना का लाभ पालनयन करने वाले ग्रामीण युवक एवम युवती को देने की बात अब्दुल जब्बार के द्वारा कहा गया साथी ही साथ बरवाडीह के सभी पंचायत में एक एक पंचायत समन्वयक के लिए चयन करने का जिम्मा प्रखंड की सेविकाओं को दिया गया।ताकि मानव तस्करी पर रोक लगा कर बेरोजगार युवक एवम युवती को सरकारी तरीके से बेहतर प्रशिक्षण देकर रोजगार की दिशा में उन्मुख किया जाए जिससे युवक एवम युवती सुरक्षित एवम सही जगह पर रोजगार पा सके, ज्ञात हो की झारखंड सरकार के द्वारा विगत दिनों झारखड़ राज्य के हर जिले में मुख्यमंत्री सारथी योजना का संचालन श्रम नियोजन कौशल एवम प्रशिक्षण विभाग झारखंड सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है जिसमें एसजीआरएस संस्था अपना योगदान दे रही है।

### कुत्ता काटने से चार वर्षीय बच्चा घायल



**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ थाना क्षेत्र के हाँथडीह ग्राम में कुत्ता काटने से एक चार वर्षीय बच्चा घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आयुष कुमार 4 वर्ष पिता कुलेश्वर भुइँया ग्राम हांथडीह थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान एक पागल कुत्ते ने उसे काट लिया। जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास को लेकर उमड़ी हजारों की भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिआतु पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बृहस्पतिवार को संपन्न हुआ। जहां प्रखंड प्रमुख अनीता यादव जिला परिषद सदस्य अनीता देवी उप प्रमुख प्रीतम यादव मुखिया डेगन गंझु प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के साथ अन्य सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारीओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके तहत अनेकों विभाग ने स्टॉल लगाए। जहां अबुआ आवास को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। और 638 आवेदन जमा कीए। सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ लेने की ख्याल से भी लोगों में उत्साह देखा गया। जहां बिरधा पेंशन विधवा पेंशन के13 खाद्य आपूर्ति में 29 ए-श्रम में 7 केसीसी एक साथ जेएसएलपीएस 60 आवेदन जमा करने को लेकर भीड़ देखी गई। कार्यक्रम के तहत परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। जहां स्कूली 8 बच्चों को पोशाक स्वेटर जुता व सोना सोबरन के तहत लाभार्थियों को 14 धोती साड़ी एवं10 वृद्ध लोगों को कंबल दिया गया। बाल विकास परियोजना 14 वही फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों द्वारा 85 वृक्ष का भी वितरण किया गया।कृषि पशुपालन स्लॉट में पशुओं के लिए लाभार्थियों को निशुल्क दवाई दी गई। समाज सुरक्षा के तहत लोगों का फार्म जमा किया गया।आधार शुद्धिकरण के लिए एवं मनरेगा जॉब कार्ड 25 लोगों का आवेदन आया?। जेएसएलपीएस में आवेदन 60 प्राप्त हूए। लगभग सभी विभाग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के तहत एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को फूलों जनों योजना का लाभ लेने की बात बताई गई। एवं गांव से हरिया दारु बंद करने की बात नुक्कड़ नाटक में बताया गया। वह अन्य रोजगार करने के लिए फूलों जनों के तहत बिना ब्याज का राशि लेकर बिजनेस करने की बात बताई गई। मौके में प्रखंड के मुखिया जगदीश यादव निर्मला देवी जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव मुखिया प्रतिनिधि बसंत नारायण सिंह दिनेश भारती पर बीपीओ रामकुमार सिंह पंचायत सेवक चितरंजन शर्मा उज्जवल कुमार सिंह कनीय अभियंता सचिन कुमार सहायक अभियंता मनोज कुमार रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी सत्येंद्र कुमार प्रदीप कुमार पार्वती देवी शालिनी भारती ऑपरेटर अभय कुमार सिंह अभिनंदन कुमार सतीश कुमार शेखर कुमार जेएसएलपीएस के अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव अनिल प्रजापति अरुण कुमार सुमन कुमारी उज्ज्वला योजना से मुकेश कुमार दांगी आंगनबाड़ी सेविका सहायिका फॉरेस्ट विभाग से अधिकारी एवं सैकड़ो ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आगाज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड स्तरीय चार दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का आगाज गुरुवार को रेलवे स्पोर्ट्स क्लब बरवाडीह में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में हुई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर से जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, बीससूत्री अध्यक्ष सह कांग्रेस जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आगाज फीता काट कर किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा जारी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को उनके प्रतिभा को निखारना साथ ही उन्हें खेल क्षेत्र में प्रखंड, जिला और राज्य में अपनी अलग पहचान बनाने के साथ अपने जीवन को सुखमय बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रखंड से चयनित खिलाड़ियों को जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा।

### स्कूली बच्चों से मनमानी बस किराया वसुलने को लेकर अभिभावकों में आक्रोश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड अंतर्गत मंडल से मेदिनीनगर चलने वाली बसों के कंडक्टर द्वारा क्षेत्र के स्कूली बच्चों से निर्धारित किराये से अधिक वसुली किया जा रहा है जिसे लेकर मंगलवार को पंचायत मोरवाईकला के अभिभावकों ने बस स्टॉफ के बीच जमकर हंगामा किया। जहां अभिभावकों ने बताया कि मंडल से मेदिनीनगर का किराया 100 रुपए हैं और मोरवाईकला से मेदिनीनगर का किराया 70 रुपए होता है जबकि स्कूली बच्चों से किराया 80 रुपए लिया जा रहा है। इस मामले में अभिभावकों ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिए किराए में कानूनन छुट है लेकिन बस कंडक्टर द्वारा जबरदस्ती अधिक किराया वसुली की जा रही है साथ ही बच्चों के विरोध करने पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

## शिशु विद्या मंदिर के बच्चे धनबाद के लिए हुए रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** विद्या भारती योजना के तहत धनबाद मे आयोजित प्रांतीय कला संगम में भाग लेने के लिए बारियातु प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के भैया बहने सुरक्षा वाहन से रवाना हुए। इस संबध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्या भारती झारखंड के द्वारा धनबाद के राजकमल स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है। प्रांतीय कला संगम में भिन्न-भिन्न विद्यालयों के भैया/ बहने सम्मिलित रहेंगे। इस प्रांतीय कला संगम प्रतियोगिता में व्यक्तिगत गीत, सामूहिक गीत, व्यक्तिगत नृत्य, सामूहिक नृत्य, चित्रकला, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता, रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, वैनर/ पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, वाद्य - वादन बजाओ प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता शामिल हैं। इस तरह के प्रतियोगीताओं मे भाग लेने से भैया/ बहने का कला के क्षेत्र में सर्वांगीण विकास होता है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय लातेहार में खेलो इंडिया के तहत खेलकूद का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बाजकुम स्थित पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में खेलो इंडिया के अंतर्गत विद्यालय के शारीरिक शिक्षक बी बी कुमार के निर्देशन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रदीप कुमार सिंह थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक सुखराम भगत ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात सुखराम भगत ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत गाया गया और असम के बच्चों के द्वारा आकर्षक असमी नृत्य बिहू प्रस्तुत किया गया। इसके बाद विद्यालय के राष्ट्रीय खेल में भाग लेने वाले बच्चों ने मशाल दौड़ किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया एवं खेल के शुरुआत की औपचारिक घोषणा की गयी। सभी सदन के बच्चों के द्वारा मार्च पास्ट किया गया। विद्यालय के सभी सदन के कप्तानों ने खेल की शपथ ली। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में हमारे जीवन में खेल के महत्व को बताया। कार्यक्रम के समापन में सभी प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता प्रतिभागियों को मेडल से पुरष्कृत किया गया। वरिष्ठ बालक वर्ग में रामनाथ और कनिष्ठ बालक वर्ग में मोहित कुमार तथा वरिष्ठ बालिका वर्ग में खुशी कुमारी और कनिष्ठ बालिका वर्ग में प्रीतिका कुमारी ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। इस अवसर पर मुख्य रूप से सुखराम भगत, कमलेश कुमार मिश्र, आरके सक्सेना, ए के पाण्डेय, बी के दुबे, सुकेश कुमार, पी पी मंडल, मीनाक्षी कुमारी, निहारिका साहा, उपेंद्र सिंह, सी एल डेम्टा, संजय कुमार, पुनम खलको, तृप्ति तिवारी, ज्योति बोरकाटाकी, संदीप कुमार ओझा सहित स्कूल के बच्चे व बच्चियां मौजूद थे। मंच का संचालन एस के साव ने किया। धन्यवाद वक्तव्य कमलेश कुमार मिश्र ने दिया।

## ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस जिला इकाई की बैठक परिसदन भवन में की गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** जिला मुख्यालय के परिसदन भवन चतरा में ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस जिला इकाई चतरा की एक अहम बैठक की गई। यह बैठक जिला अध्यक्ष हाजी जैनुल आबेदीन के अध्यक्षता में की गई। जिसका संचालन यूथ जिला अध्यक्ष नेसार अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश के प्रधान महासचिव अब्दुल्लाह अंसारी मौजूद थे। बैठक में जिले के हंटरगंज प्रखंड में 19 दिसंबर को हो रहे तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस को कामयाब बनाने को लेकर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसमति से निर्णय लिया गया कि तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस को कामयाब बनाने के लिए तन मन धन तथा हर तरह का सहयोग किया जाएगा। इस दौरान सभी प्रखंड के अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि संबंधित गांव में जाकर सदर व सेक्रेटरी से संपर्क कर तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस हंटरगंज, जाने का आह्वान किया जाय जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंच सके। कांफ्रेंस को कामयाब बनाने के लिए प्रखंड के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में तहरीके बेदारी कांफ्रेंस के मौलाना अतीक मंसूरी को आमंत्रित किया गया था। मौके पर जिला प्रधान महासचिव असलम अंसारी, जिला उपाध्यक्ष फारूक अंसारी, उस्मान अंसारी, अनवर अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, अजमल हुसैन, मोहम्मद तौफीक अंसारी, शौकत अंसारी, हलीम अंसारी के अलावे दर्जनों लोग मौजूद थे।

## डीएसपी अशोक प्रियदर्शी पहुंचे उच्च विद्यालय बच्चों को पढ़ाई के लिए किया प्रेरित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत +2 जनता उच्च विद्यालय में सोशल मीडिया पर छाए रहने वाले पूरे जिला में जागरूकता अभियान फैला रहे डीएसपी अशोक प्रियदर्शी छात्र एवं छात्राओं के बीच पहुँच किया जागरूक। डीएसपी प्रियदर्शी ने शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया प्रियदर्शी ने बच्चों को सच्चे मन से एकाग्र होकर पढ़ने लिखने का अपने विचार दिया एवं बिंदु को याद रखने के लिए कुछ ट्रिक दिए जिससे पढ़े हुए चीज को बच्चे याद रख सके प्रियदर्शी ने अपने साथ घटित घटना को बच्चों के साथ साझा किया और बच्चों को अपने साथ हुई घटना से प्रेरित किया कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती उन्होंने बताया की हमारे समय में 50 किलोमीटर तक कॉलेज करने के लिए जाना पड़ता था पैसे की मजबूरी में मैं कॉलेज भी नहीं कर पता था फिर भी हम आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं तो वह हमारी कोशिश थी। साथ में बच्चो को जागृत करते हुए कहा कि 18 वर्ष से नीचे बच्चे, वाहन ना चलाए कभी भी चलाएं तो 18 वर्ष उम्र के बाद ही चलाए हेलमेट के साथ चलाएं और दो सवारी के साथ ही चले हेडफोन लगाकर ना चले इस जागरूकता अभियान में जन प्रतिनिधि बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन, सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रावण कुमार, शिक्षक सकलदेव राणा, शिक्षक राजकुमार सिंह, शिक्षक संदीप कुमार उपस्थित थे।

## बीडीओ की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में गुरुवार को बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बैठक में जिला द्वारा उपलब्ध कराए गए पीएसई एवं डीएसई पपत्रों को बीएलओ के बीच बांटा गया। और उन्हें निर्देश दिया गया कि डीएसई के तहत वैसे मतदाता जिनका पहचान पत्र दो बूथ में बना हुआ है। वैसे मतदाता का एक बूथ से नाम हटाना है। क्योंकि कानूनी तौर पर एक व्यक्ति एक ही जगह मतदान कर सकता है। वही पीएसीई के तहत वैसे मतदाता जिनका फोटो दो जगह लगा हुआ है एक जगह से हटाना है। बता दे कि आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड में मतदाता पुनर्निक्षण नए नाम जोड़ना सहित कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## अशोक गहलोत बने आजसू के केंद्रीय महासचिव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** आजसू के जन-जन में लोकप्रिय नेता अशोक गहलोत को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने बड़ी जिम्मेवारी सौंपी है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके कुशल संगठनकर्ता और जन जन में लोकप्रिय होने के कारण ही अशोक गहलोत को केंद्रीय महासचिव का दायित्व सौंपा है। चतरा विधानसभा क्षेत्र में पिछले कई दशकों से अशोक गहलोत राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से सक्रिय हैं। इस विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक लोगों के सुख-दुख में वर्षो से उनकी भागीदारी रही है। पिछले करीब दो दशकों से चतरा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों के सभी प्रमुख गांव में जा जाकर इन्होंने पार्टी को मजबूत बनाया है और पार्टी के हर एक दिशा निर्देश को अक्षरशः पालन करने की जिम्मेदारी को बखूबी भी निभाया है। गौरतलब है कि वर्ष 2024 में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा और नगर निकाय के भी चुनाव होने की संभावना हैं। पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा अशोक गहलोत पर विश्वास जताते हुए उन्हें चतरा विधानसभा क्षेत्र में संगठन को धारदार और सशक्त बनाने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। आने वाले समय में चतरा विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ी राजनीतिक भूमिका निभाने की जिम्मेदारी भी अशोक गहलोत को मिल सकता है। हालांकि पार्टी न सिर्फ जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने की कवायत में जुटी हुई है बल्कि सभी प्रखंडों के प्रत्येक गांव में कमेटी का भी निर्माण लगभग अंतिम चरण में है।

### विगत दिनों बस दुर्घटना में मौत की संख्या बढ़ी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगाड़ा :** विगत दिनों हजारीबाग जिले के कटकमसांडी जमुनिया सोत में घटी दुर्घटना में स्कूली बच्ची शिवानी कुमारी (13 वर्षीय) पिता कैलाश प्रजापति नोनगांव निवासी का बुधवार को रांची में ईलाज के दौरान मौत हो गई है। मौत की खबर सुनते ही नोनगांव सहित प्रखंड क्षेत्र में मातम छा गया है। ओमिनी ड्राइवर के मौत के बाद यह दूसरी घटना है। शव गांव पहुंचने के बाद विधिवत् गुरुवार को नोनगांव शमशान घाट पर परिजनों ने मुखग्नी दी। ज्ञात हो कि अब भी कई बच्चे अस्पतालों में ईलाजरत हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह की घटना के बावजूद आज तक किसी विधायक, मंत्री ने न ही बच्चों को मदद करने की कोशिश की और न ही घटना की जानकारी लेने पहुंचे। वहीं इस घटना की जानकारी पाते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मोनी कुमारी ने नोनगांव पहुंचकर उनके परिजनों को ढाढस बंधाया। बीडीओ ने कहा की इस तरह की घटना से हमे बहुत ही दुःख हुआ।

## बीसीए के जूनियर टीम ने इलेवन वॉरियर्स को 8 विकेट से हराया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गिद्धौर में जिला क्रिकेट लीग मैच का तेरहवां मैच बी सी ए जूनियर बनाम इलेवन वॉरियर्स के बीच बृहस्पतिवार को खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए। इलेवन वॉरियर्स ने 19 ओवर में सभी विकेट खोकर 112 रन बनाई। इलेवन वॉरियर्स के तरफ से शिवाजी 22 सुधांशु 21, और रूपेश ने 20 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए बी, सी, ए के तरफ से सुभांकर प्रत्युष ने तीन तीन विकेट और बादल ने दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी बीसीए जूनियर ने 13.2 ओवर में 2 विकेट खोकर 113 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया। बालेबाजी करते हुए, बी सी ए जूनियर की तरफ से पंकज 56, और समीर 26, सुभम 19 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए इलेवन वॉरियर्स के तरफ से मलिंगा ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पंकज को दिया गया। अंपायर राहुल और सुमित, स्कोरर में राज ने निभाई। मौके पर चतरा जिला क्रिकेट असोशियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह, जिला क्रिकेट लीग मैच के अध्यक्ष प्रेम राणा उपस्थित थे।

## डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति तथा अस्पताल प्रबंधन की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति तथा अस्पताल प्रबंधन समिति एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से गर्भवती महिला का एएनसी जाचं, संस्थागत प्रसव, सिजेरियन, आयरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, हीमोग्लोबिन जांच, एचआईवी जांच, कुपोषण उपचार केन्द्र, एसएनसीयू, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ रोग, टीवी रोग, मलेरिया, एनसीडी स्क्रीनिंग, फाईलेरिया दवा की उपलब्धता, स्वास्थ्य संस्थान की आधारभुत संरचना, मानव संसाधन की उपलब्धता आदि के संदर्भ में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने पूर्व के बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की। जिसमें संस्थागत प्रसव में लक्ष्य के विरूद्ध जहां कमी आई है उसका सूची तैयार कर दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निदेश दिया।जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चतरा को निदेशित किया गया कि कुपोषण उपचार केन्द्रों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को रेफर कराया जाय जिससे उन बच्चों को समय पर इलाज किया जा सके।बैठक में उप विकास आयुक्त ने बताया कि शिकायते मिल रही है कि सदर अस्पताल चतरा में संचालित जन औषधि केन्द्र जो अपराहन में 3 बजे बंद हो जाती हैं। इस संदर्भ में सिविल सर्जन चतरा को निदेशित किया गया कि सदर अस्पताल चतरा में संचालित जन औषधि केन्द्र को 24 घंटे संचालित कराएं। साथ ही यू-वीन पोर्टल को सुचारू रूप से सक्रिय कराने का निदेश दिया ताकि टीकाकरण संबंधित शत प्रतिशत प्रतिवेदन उपलब्ध हो सके। वहीं उन्होने कहा कि समय पर सभी प्रकार के टीकों को लगवाया जाय। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि गैर संचारी रोगों का स्क्रीनिंग शत प्रतिशत कराया जाय।हंटरगंज प्रखण्ड की उप्लब्धि पर नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन चतरा को हंटरगंज प्रखण्ड का निरीक्षण करने समेत स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाने व मरीजों के समुचित इलाज हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम का मामला विधानसभा सत्र में उठाएंगे बरही विधायक उमाशंकर अकेला

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम के निर्माण को लेकर बरही प्रखण्ड के पंचमाधव एनएच-02 पर विधायक उमाशंकर अकेला ने शिलान्यास किया था। जिसके बाद निर्माण कार्य रुका हुआ है। जिसे लेकर निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने सवाल किया है। ज्ञात हो कि बरही में अनुमंडल स्तरीय स्टेडियम निर्माण हेतु वर्ष 2018 में निविदा निकली गई थी परन्तु उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण संवेदक के साथ एकरारनामा नहीं हो पाया था जिसके वजह से स्टेडियम निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया जा सका था। जिसके बाद बरही विधायक उमाशंकर अकेला के अथक प्रयास से 2018 में बरही के पंचमाधव में जमीन उपलब्ध करवाया, लेकिन सवेदक ने पांच साल बाद पूर्व के प्राकक्लन राशि पर निर्माण करना असंभव बताया है। उपायुक्त ने विभाग को प्राकक्लन राशि पुनरीक्षित कर प्रशासनिक स्वीकृति करने हेतु पत्राचार किया है परन्तु विभाग के उदासीन रवैये के कारण अभी तक स्वीकृति नहीं मिल पाने के वजह से निर्माण कार्य शुरू नही किया जा सका है, जिससे यहाँ के खिलाडियों को काफी परेशानी हो रही है। इसी के मद्देनजर बरही विधायक उमाशंकर अकेला आने वाले सत्र में उक्त मामला उठाएंगे।

### प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के बच्चो को मिला साइबर सिक्योरिटी की जानकारी

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में साइबर सिक्योरिटी को लेकर अपने 26 में स्थापना दिवस के अवसर पर सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन का जगत अभियान जोरों पर है. इसी क्रम में गुरुवार को केंद्र की टीम देचंदा मोड स्थित श्रीदस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहार और प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा में विद्यार्थियों को साइबर सिक्योरिटी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देने का काम किया. इस दौरान केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमों से होने वाले साइबर फॉड की जानकारी देते हुए उसे सुरक्षित रहने का तरीका बताया. उन्होंने बताया कि साइबर ठगी से बचने के लिए साइबर सिक्योरिटी का जानकारी होना अनिवार्य है. इसके लिए 26वें स्थानपाना दिवस के अवसर पर उनके केंद्र ने प्रत्येक विद्यालय के 25 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइबर सिक्योरिटी कोर्स करवाने का निर्णय लिया है. इच्छुक विद्यार्थी उनके केंद्र से संपर्क कर अपना पंजीकरण करवा सकते है. जगत अभियान के दौरान श्री दास इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में प्राचार्य रोहित कुमार सिंह, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोला हर में प्रधानाध्यापक डॉक्टर सुनील कुमार यादव और प्लस टू उच्च विद्यालय गौरीया करमा में सहायक शिक्षा बमबम राम की अगुवाई में सॉफ्टेक की टीम का स्वागत किया गया. साथ ही इंटरनेट के इस युग में इस महत्वपूर्ण जानकारी के लिए केंद्र के इस कदम की सराहना की गई. जागरूकता टीम में पूर्ववर्ती छात्र बैजनाथ महतो, सोनू दास सहित केंद्र की सोनाली पांडेय और मुस्कान प्रवीण शामिल थी।

### नामांकन के लिए अंतिम अवसर की सूचना जारी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रथम समसत्र (सत्र 2023-25) के लिए नामांकन की अंतिम योजना को जारी कर दिया गया है। इसके तहत नामांकन हेतु दो तरह की व्यवस्थाएं किए गए हैं। प्रथम व्यवस्था उन लोगों के लिए है जिन लोगों ने रू 300 का भुगतान कर नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया है परंतु किसी कारणवश अभी तक जिनका नामांकन नहीं हो पाया है। ऐसे लोग संबंधित अंगीभूत महाविद्यालय में या विश्वविद्यालय के नामांकन प्रकोष्ठ में उनके द्वारा पूर्व में रू 300 जमा करने के रसीद की छाया प्रति के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। ऐसे आवेदन 14 से 16 दिसंबर, 2023 के अपराहन 4:00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। दूसरी व्यवस्था वैसे विषयों के लिए है जहां पर शेष या कुल आवेदकों की संख्या, रिक्त सीटों की संख्या से कम है। ऐसे विषयों में संबंधित स्थान के लिए चांसलर पोर्टल द्वारा नए सिरे से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। यह सुविधा उन लोगों के लिए है जो पूर्व में आवेदन करने से वंचित रह गए थे। ऐसे आवेदन 14 से 16 दिसंबर के अपहरण 4:00 बजे तक किए जा सकते हैं। नामांकन की नई योजना के तहत स्नातकोत्तर सत्र 2023 -25 में अंतिम बार के लिए मेधा सूची का प्रकाशन 18. 12. 2023 को किया जाएगा । उक्त मेधा सूची के तहत दिनांक 20 से 22 दिसंबर के अपराह्न 4:00 बजे तक संबंधित महाविद्यालय या स्नातकोत्तर विभाग में प्रमाण पत्र/ अंक पत्र का ऑफलाइन सत्यापन (वेरीफिकेशन) एवं तत्पश्चात ऑनलाइन नामांकन किया जा सकेगा। यह जानकारी नामांकन प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी डॉ. इंद्रजीत कुमार ने दी।

### जिलास्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना डाड़ी प्रखंड



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के तत्वावधान में गुरुवार को जिलास्तरीय तीन दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हो गया। फाइनल के मौके पर पूरे गर्मजोशी से खेलते हुए डाड़ी प्रखंड के खिलाड़ियों ने सात गोल से केरेडारी प्रखंड टीम को परास्त किया और जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप 2023 अपने नाम कर लिया। इस प्रकार उपविजेता केरेडारी और विजेता डाड़ी प्रखंड बना। फ़ाइनल मैच के रेफरी के रूप में सुरेंद्र राम और शशि कुमार दास थे। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार एवम कार्यकारी अध्यक्ष फुटबॉल संघ आलोक कुमार ने कप और जर्सी देकर विजेता और उपविजेता टीम को सम्मानित किया। श्री राजीव ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि सभी टीमों ने खेल को अनुशासन में रह कर खेला और उम्दा प्रदर्शन किया। जोनल स्तरीय प्रतियोगिता धनबाद में खेली जाएगी, जहाँ विजयी होने की कामना करता हूँ। जिला खेल पदाधिकारी ने भी विजेता टीम को बधाई दिया और अग्रेतर अनुशासन में रह कर जिला को प्रतिनिधित्व करने की सलाह दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संयोजक कौलेश्वर गोप, खेल शिक्षक मधुसूदन कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, पवन कुमार, किशोर कुमार, प्रमोद दास फुटबॉल कोच सोनी कुमारी, एथलेटिक्स कोच अनुकंपा रुण्डा , हॉकी कोच संदीप खलखो , कुंदन कुजूर,ललित उरांव में महत्वपूर्ण सहभागिता निभायी।

## केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को रवाना किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने एवं योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत अच्छादान प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है। गुरुवार को बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय से विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को रवाना किया गया। जिसके तहत बड़कागांव प्रखंड के हर पंचायत में इस रथ के द्वारा भारत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार की बहुत ऐसी योजनाएं हैं , जिनके बारे में ग्रामीण नहीं जानते हैं। उन योजनाओं को प्रोजेक्टर के द्वारा ग्रामीणों को दिखलाया जा रहा है ताकि ग्रामीण देखकर उसका लाभ उठा सके। इस दौरान भारत सरकार की योजनाओं से छपी कैलेंडर एवं डायरी का वितरण किया गया।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन संगठन की मजबूती व विस्तार के लिए बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन आज गुरुवार को बरही प्रखंड परिसर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में एक अति महत्वपूर्ण बैठक किया। जिसके अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष मंजीत यादव व संचालन कुणाल कटारियार ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के मजबूती और विस्तार पर चर्चा जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ समय से भी रघुनंदन गोप विशिष्ट अतिथि बरही विधायक के हजारीबाग जिला प्रतिनिधि वासुदेव यादव उपस्थित थे। आज के इस बैठक में संगठन का विस्तार और मजबूती प्रदान करने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चिंतन मंथन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि बरही प्रखंड के सभी पंचायत में एक-एक प्रभारी की नियुक्ति हो, विश्वस्त्र सूत्रों की माने तो बरही प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में फाउंडेशन का प्रभारी मनोनीत हो चुका है लेकिन इसकी अधिकारी घोषणा होना अभी बाकी है।

## जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने मनैया में शपथ दिलाकर केंद्र सरकार की योजनाओं से कराया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा की शुरूआत चलकुशा प्रखण्ड से पंचायत चलकुशा मनैया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के प्रभारी जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने शपथ दिलाकर केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार, अंचलाधिकारी शशिकांत शिंकर, पुर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया सुखदेव यादव, सुबोध चौधरी, मण्डल अध्यक्ष अशोक वर्णवाल, मनैया मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, समेत सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हुए।

## ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण ग्रामसभा किए बिना बैरंग वापस लौटे अधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अपर समाहर्ता हजारीबाग के पत्रांक संख्या 279/रा. दिनांक 10/04/23 के आलोक में बड़कागांव प्रखंड के महुगाई पंचायत भवन के पास एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना के लिए ग्राम अंबाजित और मोतरा के गैरमजूरवा आम रास्ता भूमि के लिए प्रस्तावित ग्राम सभा का ग्रामीणों ने भारी विरोध किया।

ग्रामीणों के विरोध के कारण कंपनी और सरकारी अधिकारियों को बैरंग वापस लौटना पड़ा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा के हम लोग किसी भी परिस्थिति में कंपनी को जमीन नही देना चाहते हैं। ग्रामीणों ने कहा के ईस्ट इंडिया कंपनी जब आई थी तो उसका सीधा नीति था फुट डालो राज करो वही नीति यहां पे कंपनी अपना रही है। किसान और मजदूरों के दर्द को सरकार नही समझ रही हैं ।

इस दौरान कंपनी के अधिकारी ने कहा के बादम की जो जमीन है वह भू अर्जन के प्रक्रिया के तहत जा रहा है। यह आम सभा लगभग 1 एकड़ गैर गैरमजूरवा जमीन रास्ता और नाला वगैरह के लिए हो रहा है। प्राइवेट जमीन नए कानून के तहत लिया जाएगा। पब्लिक हेरिंग के बाद राज्य सरकार और जिला एडमिनिस्ट्रेशन जो फैसला लेगी वह सब के लिए मान्य होगा। यह सारा कार्य भू अर्जन के माध्यम से होगा।

## समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त नैंसी सहाय ने की। बैठक में सभी तकनीकी विभाग के अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिले में चल रही योजनाओं को पूर्ण करने के क्रम में गुणवत्ता का खास ध्यान रखने तथा योजनाओं को ससमय निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर हजारीबाग में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में उदघाटन व शिलान्यास के लिए योजनाओं की सूची अपडेट करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने योजनाओं को पूर्ण करने के दौरान आ रही कठिनाईयों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिया। इस मौके पर विद्युत, डीएमएफटी, जिला योजना, रूबन मिशन, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित अन्य कई विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे।

## उन्नत कृषि योजना के तहत कृषको को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत में गुरुवार को कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार एवम आत्मा हजारीबाग द्वारा आयोजित परियोजना निदेशक आत्मा हजारीबाग के पत्रांक ऐई/2023-24/259 दिनांक 25/11/2023 के आलोक में एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अंतर्गत जैविक सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने के विषय पर जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता खरकी पंचायत मुखिया मुनिया देवी के द्वारा किया गया। त्रिदिवसीय शिविर के प्रथम दिन के प्रशिक्षण में विष्णुगढ़ प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार,प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा, प्रखंड सहायक तकनीकी प्रबंधक सुशील कुमार, कृषक मित्र गाल्होबार बसंत नायक, कृषक मित्र खरकी सुरेश महतो, प्रतिनिधिगण एवम प्रगतिशील कृषक द्वारा भाग लिया गया।

# बिरसा कूप निर्माण में जिप सदस्य ने उठाये भ्रष्टाचार पर सवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब ने विष्णुगढ़ बीपीओ के विरुद्ध में सचिव ग्रामीण विकास विभाग एवं हजारीबाग उपायुक्त महोदया नैंसी सहाय को डोजियर सौपा। इसकी जानकारी देते हुए शेख तैयब ने बताया कि उपायुक्त महोदया मामले की छानबीन कर डोजियर पर जल्द ही कार्यवाई का आश्वासन दिया। इसी मुद्दे पर आज 14 दिसम्बर 2023 को जिप सदस्य ने ग्रामीण विकास विभाग सचिव को भी ज्ञापन सौपा गया, जिसमे जिप सदस्य के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023-2024 में कुल 481मनरेगा बिरसा कूप निर्माण की ऑनलाइन स्वीकृति दी गई है। 481 कूप में 200 कूप का कार्य ऑनलाइन स्वीकृति के आधार पर कार्य प्रगति पर हैं, परन्तु 281 कूप निर्माण के कार्य सिर्फ स्थगित है,उसमे भी करीब 100 से ऊपर कूप ऑनलाइन में बिना नाम के स्वीकृत किये गए। इस पर शेख तैयब ने मनरेगा बीपीओ ने मिलीभगत कर बिना नाम के योजनाओं की कालाबाजारी के उद्देश्य से बिना नाम के स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही जिप सदस्य ने कहा कि एक कूप निर्माण में करीब 15 से 20 हजार रुपये की उगाही आमजनो से इनके द्वारा की जा रही है। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने इन आरोपों पर कहा कि ये तमाम आरोप निराधार है। विष्णुगढ़ प्रखंड में मेरी जानकारी के अनुसार पूरे प्रखण्ड में 525 बिरसा कूप संवर्धन का टारगेट है,जिसमे 497 स्वीकृत है,जिसमे 224 कूप का कार्य प्रगति पर है,शेष 273 पर जल्द ही कार्य किया जाना है। झारखंड सरकार की योजना का आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में भी इस योजना के तहत लोगो को जोड़ा जा रहा है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग के लापरवाही से नगवां सेवाने पुल में पडा जानलेवा दरार : डॉ आरसी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बोगा-नगवा स्थित सेवाने पुल जो कुछ ही वर्ष पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अधिकृत कंपनी द्वारा पुल का निर्माण किया गया है। बिच पुल में दरार पड़ चुका है, जो दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है । निर्माता कंपनी द्वारा पुल मरम्मत कर रहा है ,जो ह्यूमन राइट का उल्लंघन है, जिस तरह बिहार में पुल का जमी दोष गंगा में हुआ था, वैसी संभावना बनी हुई है । यह बातें विधानसभा उपविजेता कांग्रेस नेता डॉ आर सी मेहता ने सेवन पुल के निरीक्षण के दौरान कहा। फोरलेन पुल का निर्माण केंद्र सरकार के अधिकृत कंपनी द्वारा किया गया है मैं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मांग करता हूं की गुणवत्ता हिन पुल का निर्माण कैसे हुआ हैं इसका जांच केंद्रीय एजेंसीयो से कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें। लगता है केंद्र से जो पैसा चला घिसते घिसते आधा भी सेवाने पुल नहीं पहुंचा। सरकार से निवेदन है की नया पुल का निर्माण हो क्योंकि इस पुल से नित्य दिन 20-25 हजार गाड़ियों का अवाजाही होता है दुर्घटना होने पर निर्दोषों का मौत होगा। पूल निरीक्षण में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी लालमोहन रविदास, साजिद अली खान, मुरली मेहता, राजु मेहता, चंद्रदेव प्रसाद, राजकुमार मेहता, अविनाश मेहता, जगदीश राम, कुलदीप राम ,आबिद अंसारी, राहुल कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

## सरकार से अपनी मांग को लेकर बरही डीलर संघ ने दिया एक दिवसीय धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड मुख्यालय परिसर में डीलर संघ की एक दिवसीय धरना फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के निर्देश पर डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडेय के अगुवाई में दिया गया। धरना पर बैठे उपस्थित डीलरो ने काला बिल्ला लगा शामिल हुए। वहीं सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि सरकार डीलरो की मांग को 31 दिसंबर तक पूरा नहीं किया तो नया वर्ष 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। मौके पर डीलर संघ के अध्यक्ष डोमन पांडेय ने कहा कि सरकार हमलोगों का कोरोना कल में पीएमजी केवाई योजना का बकाया कमिशन को अतिसीघ्र दिया जाय, कमिश्नन 1 रूपये के स्थान पर 3 किया जाय, कमिशन प्रतिमाह 30000 रूपये मानदेय दिया जाए। एवं अनुकंपा नियम को पुनः लागू किया जाय। उन्होंने बताया कि अपने सूत्री मांगों को लेकर केंद्रीय कमेटी के निर्देशन में 4 से 15 दिसंबर तक सभी डीलर काला बिल्ला लगाकर काम किया। 15 दिसंबर के बाद केंद्रीय कमेटी के निर्देश के अनुसार आगे का कार्य किया जाएगा। साथ ही कहां की 31 दिसंबर तक सरकार डीलरों को मांग पूरा नहीं करती है तो जनवरी 2024 में अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। मौके पर बंटी ठाकुर,नंदकिशोर प्रसाद, मंटू कुमार, रीता देवी, प्रदीप यादव, शमशाद आलम, मोहम्मद हासिम, देलवर हुसैन, मनोज कुमार यादव, चंद्र देव रविदास, रामधारी यादव, गणेश साव, संतोष केसरी, छोटेलाल राम, लखन राम, अशोक प्रसाद सुखदेव साहू, छोटन ठाकुर,किशोरी प्रसाद, गणेश साहू, प्रमोद कुमार, चंद्रदेव रविदास, अब्दुल कयूम, देवधारी यादव, परमेश्वर राम, किशोर कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ऑल इंडिया एसटी एससी बीसी कोऑर्डिनेशन काउंसिल का क्षेत्रीय कार्यालय का विधिवत उद्धाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** गुरुवार को नीरज बेसरा प्रदेश महासचिव के अध्यक्षता में चरही लाल बंगला में ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी को- ऑर्डिनेशन काउंसिल का क्षेत्रीय कार्यालय विधिवत उद्धाटन किया गया जिसके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अमला अधिकारी (कार्मिक/ प्रशासनिक) हजारीबाग क्षेत्र, आदरणीय शपल्लव चक्रवर्ती के कर कमलो द्वारा किया गया । वही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी को ऑर्डिनेशन काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष सह अध्यक्ष कोल इंडिया आदरणीय बृज किशोर पासवान, अमला अधिकारी (सामग्री प्रबंधक), सैयद शारफुद्दीन, उप प्रबंधक (कार्मिक) बरूण कुमार, निधि खालको,सहायक प्रबंधक (कार्मिक) ओबीसी कोल इंडिया अध्यक्ष राजकुमार महतो सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ,सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष, संजय कुमार इसके साथ ही साथ हजारीबाग क्षेत्र में ऑल इंडिया एससी एसटी बीसी को ऑर्डिनेशन काउंसिल के पुराने कमिटी को भंग कर नया कमिटी पुनर्गठन किया गया द्य जिसके क्षेत्रीय अध्यक्ष दिनेश्वर महतो, क्षेत्रीय सचिव अजीत कुमार कोषाध्यक्ष शिवजी टुडू, मीडिया प्रभारी महालाल हेमब्रॉम को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया । मौके पर विशेष रूप कुजू क्षेत्रीय अध्यक्ष मिश्रा लाल मुंडा पिपरवार सचिव रामचंद्र उरांव, अध्यक्ष रतनलाल पासवान, अरगड़ा क्षेत्रीय अध्यक्ष शशांता कुमार सचिव बिगन बेदिया, सेंट्रल हॉस्पिटल नई सराय क्षेत्रीय सचिव तेजू रविदास रजरप्पा क्षेत्रीय सचिव धनेश्वर राम, अध्यक्ष चरित्र राम , कथारा क्षेत्रीय सचिव शंकर पासवान, गांधीनगर हॉस्पिटल रांची क्षेत्रीय अध्यक्ष जनेश्वर राम, उपाध्याक्ष आर पी सिंह सुनीता सुरेश मांझी, नरेश् मुंडा, पूर्व क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू महतो, क्षेत्रिय सचिव बबलू मांझी,जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, फिरोजवाआलम ,रश्मि बेसरा, श्रीमति सीता हंसदा, पंचायत समिति सदस्य आशा राय एवम अन्य सैंकड़ों लोग उपस्थित हुए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## गोला सीडीपीओ एवं जिला पार्षद की संवेदनशीलता से बेसहारा वृद्ध महिला को मिला सहारे की छड़ी



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को गोला प्रखंड सह् अंचल कार्यालय परिसर में बैठी एक बेसहारा वृद्ध महिला जिसे चलने फिरने में काफी परेशानी होती थी। गोला( पश्चिम ) की जिला परिषद सदस्य सरस्वती कुमारी की पहल एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ग्लोरिया एक्का के कर्तव्यपरायणता से उस वृद्ध महिला को स्टील की भ्रमण छड़ी( वाकिंग स्टीक ) मुहैया कराई गई। पूर्व में वह वृद्ध महिला लकड़ी की छड़ी के सहारे किसी प्रकार घुमती फिरती थी। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में ऐसे लोगों की ही भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए तथा सही लाभुकों को इसका लाभ मिल सके।

## केन्द्रीय एदारा ऐ सरिया जागरूकता अभियान सह समाज सुधार अधिवेशन 17 को

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केन्द्रीय एदारा ऐ सरिया जागरूकता अभियान सह समाज सुधार अधिवेशन दिनांक 17 दिसंबर दिन रविवार समय 9॰00 बजे स्थान कर्बला मैदान अम्बाटांड़ हेहल जिला रामगढ़ में हो रहा है जिसमें राज्य और देश के विभिन्न भागों के उलेमा धार्मिक बुद्धिजीवी सामाजिक वक्त आ रहे हैं जिसकी तैयारियां रामगढ़ के प्रत्येक गांव देहात में हो रही है इन तैयारी का जायजा लेने एदारा ऐ शरिया झारखंड के प्रदेश नाजीमे अआला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने अपने टीम के साथ जिसमें मौलाना हबीब आलम कारी मुश्ताक महशर कारी इम्तियाज अंबर जाकिर अख्तर और अन्य लोग शामिल थे पूरे गोला प्रखंड के विभिन्न भागों का दौरा किया और तैयारी का निरीक्षण किया इसमें बड़ी तादाद में लोगों ने पहुंचने का संकल्प लिया और बड़ी तादाद में पहुंचकर अपने हक और अधिकारों की बात के लिए समाज सुधार अधिवेशन में बड़ी तादाद में संख्या में लोग उपस्थित होंगे नाजीमें आला ने लोगों से अपील किया के रविवार को 17 दिसंबर को हर काम छोड़कर अपने समाज के चहुमुखी विकास हेतु अपने बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अम्बाटांड़ चैन गड्ढा के कर्बला मैदान पहुंचे और आने वाले पिड़ियो के भविष्य को संवारने के लिए अहम भूमिका निभाएं। इसकी जानकारी कारी मुश्ताक महशर रजवी प्रवक्ता एलआर ऐ सरिया जिला रामगढ़ के द्वारा किया गया।

## रामगढ़ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी बिरहोर व मल्हारो के कॉलोनी पहुंचकर समस्याओं से हुए अवगत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेहल गांव स्थित बिरहोर व मल्हार लोगों की समस्या से अवगत होने के बाद रामगढ़ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार अपने दल बल के साथ बिरहोर कॉलोनी पहुंचे। जहां पूर्व वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा द्वारा स्वागत किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बिरहोर व मल्हार जाति के लोगों से मिलकर उनकी समस्या से अवगत हुए। उन्होंने लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का काम करें ताकि बच्चे शिक्षित होकर देश के लिए अपना योगदान कर सकें। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बिरहोर व मल्हार लोगों के बीच 80 कंबल का वितरण किया गई। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद की अभियंता व नगर प्रबंधक को विशेष दिशा निर्देश देते हुए बिरहोरों के आवास तक सड़क निर्माण कराए जाने की बात कही गई। बिरहोरों द्वारा बताया गया कि हजारीबाग के तत्कालीन उपयुक्त केबी सक्सेना द्वारा दिए गए जमीन पर भी भू माफिया का कब्जा कर लिया गया है। मां छिन्नमस्तिका स्पंज एंड आयरन फैक्ट्री के द्वारा फैलाई जा रहे प्रदूषण के कारण कई लोग असमय काल के गाल में समा चुके हैं। कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा वीरहोर व मल्हारो की समस्या से रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार को अवगत करते हुए उचित कार्रवाई करने की बात कही गई।मौके पर अंजली कुमारी, प्रिया देवी, चांदनी देवी, छोटेलाल बिरहोर, काबली देवी, पार्वती देवी, मुन्नी देवी, पिंकी देवी, बसंती देवी, सहित कई बिरहोर व मल्हार समाज के लोगों उपस्थित थे।

## सोसो खुर्द टोल प्लाजा स्थित अग्रग्ति कार्यालय में नाबार्ड की हुई बैठक



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सोसो खुर्द टोल प्लाजा स्थित अग्रगति कार्यालय में नाबार्ड के द्वारा एक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से नाबार्ड के डीडीएम उपेंद्र कुमार शाह, गोला प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अजीत कुमार, अग्रगती परियोजना प्रभारी किरण शंकर दत्त उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित बोर्ड मेम्बर एवं सीईओ के दस्तावेजों का निरिक्षण किया। बैठक में नाबार्ड के डीडिएम ने जानकारी देते हुए कहा कि व्यवसाय को और अच्छा तरह से करते हुए बिचौलियों से बचाते हुए किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का काम करें। एफपीओ को सशक्त करने के लिए प्रशिक्षण दिलाने का भी बात कहे। बैठक में अर्ग्गति के प्रोग्राम मैनेजर डॉ पीजूस कांति घोष, जिला समन्वयक श्याम सुन्दर महतो, मोहम्मद बेलाल अंसारी आदि थे ।

### पतरातू प्रखंड के चोरधरा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# जब तक सही से योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं होगा हम विकसित नहीं हो सकेंगे : जयंत सिन्हा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरूवार को रामगढ़ जिला के पतरातू प्रखंड के चोरधरा पंचायत भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. इंद्रजीत, मुखिया राम नारायण कुमार, हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद भौमिक, बैंक ऑफ़ इंडिया के एलडीएम संजीव कुमार व जेई अनिल महतो आदि अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक योगेश दांगी ने लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा विभिन्न योजनाओ व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के



बारे में लोगों को जागरूक करने का काम किया गया। साथ ही स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से डॉक्टर द्वारा दर्जनों लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उचित परामर्श दिय गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने गोद भराई व मुहजुट्ठी की रस्म पूरी की। इस दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी, पीएम आवास, हर घर जल योजना, पीएम कुसुम, पीएम मुद्रा, केसीसी योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य योजना का ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। साथ ही मुर्गी-बकरी पालन, राशन दुकान आदि के जरिये ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य कई लोगों के बीच लोन का भी वितरण किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की सभी ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। जब तक सही से योजनाओं का क्रियान्वन नही होगा हम विकसित नहीं हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगो में जागरूकता लाना है। साथ ही वंचित, शोषित, गरीब, दलित वर्ग जो छूट गए हैं, उनतक बिना भेदभाव, जाति-धर्म से अलग उठकर प्रधानमंत्री के योजनाओ का लाभ पहुंचाना है। सांसद श्री सिन्हा ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया व दिलाया की 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की दिशा में हमसभी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे हैं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान खुशी आजीविका सखी मंडल स्वयं सहायता समूह को 6 लाख रुपए का दिन उपलब्ध कराया गया।मौके पर खुशी सखी आजीविका मंडल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने सरकार व जिला प्रशासन का धन्यवाद करते हुए कहा कि समूह से जुड़ने के उपरांत उन्होंने आपसी समन्वय के साथ मसाला व्यापार शुरू किया था, वर्तमान में हम अपने गांव व आसपास के गांवों में व्यापार कर रहे हैं अब तक किए गए कार्यों के अनुभव से हमें लगता है कि अगर हमें सही पूंजी मिले तो हम अपने व्यापार को और आगे बढ़ा सकते हैं अब जब सरकार द्वारा 6 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया है तो यह हम सभी के लिए खुशी की बात है हमें पूरी उम्मीद है कि आने वाले समय में हम मसाला व्यापार में अच्छा कर अपने साथ-साथ अपने गांव व पंचायत की अन्य महिलाओं के जीवन को भी स्वावलंबी और सुदृढ़ बना सकेंगे।

## पतरातू के धाकड़ खिलाड़ी विश्वजीत सिंह ने क्रिकेट में नमन को दिया दीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** पतरातू क्षेत्र के पूर्व धाकड़ खिलाड़ी विश्वजीत सिंह के द्वारा नमन पाठक को क्रिकेट में दीक्षा दी गई। मौके पर विश्वजीत सिंह ने नन्हे बालक नमन पाठक को बैट, बॉल और गलब्स देते हुए खेल के बारे में तथा दैनिक जीवन में अनुशासन के महत्व तथा खान-पान के विषय में विशेष जानकारी देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में सफलता की हर ऊंचाई को प्राप्त करें। मगर याद रखें कि सफलता प्राप्त करने का कोई शॉर्टकट तरीका नहीं है। इसके लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी अपने जीवन को नियम संगत बिताना पड़ेगा। अपने खान-पान, व्यवहार और अभ्यास पर निरंतर फोकस करना होगा। तभी जाकर आप सफलता प्राप्त करेंगे। आप अकादमी में जुड़कर क्रिकेट का लगातार प्रैक्टिस करें और एक दिन अपने क्षेत्र और राज्य तथा देश का नाम रोशन करें। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। मौके पर विश्वजीत सिंह ने नन्हे बालक नमन को क्रिकेट की कई बार प्रयोग से अवगत कराया।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** जिला के गोला प्रखंड के मगनपुर पंचायत अन्तर्गत महलीडीह तहसील कचहरी मैदान में एवं सुतरी पंचायत में बाजारटांड़ सुतरी में झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी कार्यक्रम ÷आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का गोला प्रमुख गीता देवी, गोला( पश्चिम ) जिला परिषद सदस्य सरस्वती कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सांडिल्य, अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार, मगनपुर मुखिया नुरुल्ला अंसारी एवं सुतरी मुखिया सतीश कुमार मुर्मू द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के शिविर में उपस्थित



लाभुकों से अपील करते हुए प्रमुख ने कहा कि वे सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें। इस दौरान फुलो झानो योजना के तहत चेक का वितरण, कूप निर्माण प्रमाण पत्र, आवास प्रमाण पत्र, विद्यालय के छात्र/छात्राओं को माध्यमिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रखंड के बिभिन्न बिभागीय कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगा कर फॉर्म जमा लिया जा रहा था। जैसे प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास,अबुआ आवास योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा कूप योजना, कृषि योजना, पशुपालन योजना, बैंक ऋण योजना, केसीसी योजना में भूमि दाखिल खारिज, जाति प्रमाण पत्र, वन पट्टा, गुरु जी क्रेडिट कार्ड, विभागीय पदाधिकारियों ने मनरेगा योजना आदि योजनाओं आवेदन एवं फार्म जमा लिया। कार्यक्रम में बताया गया कि काम किया जा रहा है ताकि सभी को समूचित लाभ मिल सके। लोगों से अपील की गई कि इस शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ लिया जाय। इस शिविर में सभी प्राप्त आवेदनों को यथासंभव हो सके तो शिविर में हीं निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं जिन आवेदनों को तत्काल रुप से निष्पादन करना संभव नहीं है उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग करके उन आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जायेगा।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता, 2023-24 का हुआ समापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक/ बालिका) प्रतियोगिता 2023-24 के तहत गुरुवार को सिदो कान्हू स्टेडियम रामगढ़ में फाइनल मुकाबले खेले गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार मैदान में पहुंचे। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहां की जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जो भी प्रयास किए जा सकते हैं वे किए जाएं इसी कड़ी में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के सभी पंचायतों में बच्चों के खेलने के लिए खेल का मैदान एवं उनमे मूलभूत सुविधा हो। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप के विजेताओं को ट्रैकसूट देने की घोषणा की। उपायुक्त ने कहा कि खिलाड़ियों को ट्रैकसूट देने का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सम्मानित करने के साथ-साथ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे अन्य बच्चों को भी खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर विभिन्न प्रकार के खेलों में आगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित करना है। इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए आप सभी के पास जो भी सुझाव हैं उसे आप जिला प्रशासन तक जरूर पहुंचाएं ताकि हम सभी मिलकर रामगढ़ जिले की पहचान खेल के दिशा में और आगे ले जाएं।जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला दुलमी एवं माण्डू प्रखंड के बीच खेला गया जिसमें माण्डू प्रखंड



ने 2-1 से जीत हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला पतरातू एवं माण्डू के बीच खेला गया जिसमें पतरातू प्रखंड 3-0 से विजई रहा। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार, जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ मारकस हेमरोम, सहित अन्य के द्वारा विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने प्रतियोगिता में भाग लेने एवं खेल की दिशा में आगे बढ़ने हेतु सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। गौरतलब हो कि दोनों विजेता टीमों को 17 दिसंबर 2023 को जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रांची भेजा जाएगा।इस दौरान रामगढ़, मुस्तफा आजाद, रामगढ़ फुटबॉल संघ के सचिव, मोहम्मद कमरुद्दीन, डे बोर्डिंग प्रशिक्षक भोला नाथ महली, प्रकाश महतो, सूरज मुंडा, निर्णायक मंडली से अजय डिसिल्वा, बी. ए. राय, संतोष कुमार, गागेश्वर महतो, एवं रामगढ़ डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ी एवं अन्य उपस्थित हुए साथी ही सफल आयोजन में अपना सहयोग दिया।

## एदार-ए-शरिया के नाजिमे आलामें मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने चलाया जागरूकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** तहरीके बेदारी कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने को लेकररामगढ़ जिले के मांडू चरही घाटो मगनपुर जाम सिंह सो सो चाडी गांव में एदार ए शरिया के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। मालूम हो कि केंद्रीय एदारा ए सरिया के नेतृत्व में तहरीके बेदारी वा इसलाहे मोआशेरा कॉन्फ्रेंस यानी ऐदारा ए सरिया जागरूकता अभियान सह समाज सुधार अधिवेशन आगामी 17 दिसंबर दिन रविवार को 9॰00 बजे दिन कर्बला मैदान अम्बाटांड़ हेहल जिला रामगढ़ में हो रहा है ।इसमें पूर्व सांसद मौलाना गुलाम रसूल बाल्यावी हुजूर अमीन ए शरियत हुजूर मुफ्ती साहब अलकमा शिवली मौलाना सैफुल्लह अलीमी मौलाना नोमान अख्तर मौलाना अख्तरुल कादरी कारी निसार अहमद मौलाना आसिफ इकबाल दिलबर शाही हबीबुल्लह फैजी जफर अकील मुबारक हुसेन मुबारक जम जम फतेहपुरी और देश के विभिन्न भागों से धार्मिक विद्वान कवि आ रहे हैं। इसकी तैयारियां रामगढ़ चैन गडा पतरातु कुजू मांडू चरही हुआग घाटो भुरकुंडा गोला चाडी मगनपुर बैतूल मनुव फुल सराय सिरका जामसिंह चामरोम सिकनी और तमाम स्थानों पर मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी तादाद में पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। इन्हीं तैयारी का जायजा लेने के लिए झारखंड के प्रदेश नाजीम ए आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी मौलाना हबीब आलम कारी मुश्ताक महसर का इम्तियाज अंबर के साथ गोला के विभिन्न भागों का भ्रमण किया विशेष कर चाडी गोला सो सो मगनपुर बैतूल बरियातू आदि में जहां पर हर एक व्यक्ति अपने आप को उपस्थित होने के लिए तैयार है और इन तैयारी का जायजा नाजीमे ए अआला ने लिया और बड़ी खुशी जताई।लोगों से अपील भी किया के मुस्लिम सेफ्टी एक्ट के लिए अल्पसंख्यक सेफ्टी एक्ट के लिए समाज सुधार के लिए मुस्लिम समुदाय के हक के लिए शिक्षा रोजगार स्वास्थ्य और अमन शांति से जोड़ने के लिए अति आवश्यक है जागरूकता अभियान सह समाज सुधार अधिवेशन को सफल बनाया जाए ।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लिट्टीपाड़ा :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का गुरुवार को प्रखंड के तालझारी पंचायत के फुटबाल मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ श्रीमान मरांडी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, मुखिया लीली मुर्मू, झामुमो जिला उपाध्यक्ष समद अली के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग आबुवा आवास योजना, बृद्धा पेंशन, सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने पहुंचा। उपस्थित ग्रामीणों को बीडीओ श्रीमान मरांडी ने केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित सभी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दिया ।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– राधिका देवी उम्र–25 वर्ष, रंग–सांवला, ऊँचाई–5 फीट, पहनावा–साड़ी पैर पर चप्पल, पहचान– दाहिने हाथ में टेटु बना हुआ है।

उपरोक्त लापता महिला राधिका देवी उम्र–25 वर्ष पे0–रामजी नायक, पति–रोहित नायक सा0– नायक टोली बुटी बस्ती, थाना–सदर, जिला–राँची, अस्थायी पता– हर्रा, थाना–चान्हो, जिला–रॉची। जो घर से दिनांक–02.12.23 को समय लगभग 11:00 बजे सुबह घर से निकल कर कहीं चली गयी है जो अब तक घर लोट कर नहीं आयी है। जिसके संबंध में सदर थाना– सनहा संख्या–13/23, दिनांक–03.12.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली राँची। – 9431770066
थाना प्रभारी अनगड़ा, राँची। – 9934717334

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची

PR 313370 Police (23-24)_D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम– राणा घोष उम्र–30 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट , 05 ईंच, पहनावा–निला जेकट, निला जिन्स, सादा जुता**

उपरोक्त लापता पुरूष राणा घोष उम्र–30 वर्ष पे0–सुनिल घोष, सा0–दुवारिकापुरी रोड नं0–03, चुना भट्टा रोड थाना–चुटिया, जिला–राँची, जो घर से दिनांक–10.12.23 को दोपहर करीब 12:00 बजे दिन में ऑफिस के लिए घर से निकला है जो अब तक घर लोट कर नहीं आये है। जिसके संबंध में चुटिया थाना– सनहा संख्या–22/23, दिनांक–10.12.23, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूष कहीं मिलतें/दिखतें है तो इसके संबंध में वरीय अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली राँची। –9431770077
थाना प्रभारी चुटिया, राँची। –9431706165

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR313374 (Police)23-24*D



**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,खूँटी**
**(मनरेगा कोषांग)**

**मनरेगा अंतर्गत संविदा पर नियुक्ति संबंधी सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड राँची के संकल्प ज्ञापांक 4729 दिनांक 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक 6440 दिनांक 17.07.2012 एवं संकल्प 848 दिनांक 21.03.2017 के आलोक में जिला स्तर पर मनरेगा अंतर्गत संविदा के आधार पर तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कम्प्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक का रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक 311/मन० दिनांक 05.10.2023 द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था।

उक्त के आलोक में **तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक** के पदों के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची जिला के वेबसाईट **www.khunti.nic.in** पर अपलोड किया गया है।

ह०/–
उप विकास आयुकत
–सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,खूँटी

PR 313463 District(23-24).D



**कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव**
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा माँ भगवती इन्टरप्राइजेज ग्राम– बटउवा, पो0–टण्डवा, थाना–बिशुनपुरा, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा नगर पंचायत मझिऑव में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत राजेश विश्वकर्मा के घर से रामप्यारी शर्मा के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 07.09.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 06.11.2022 था, परन्तु आपके द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिसे प्रारम्भ करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 740 दिनांक 12.12.2022, पत्रांक 03 दिनांक 02.01.2023 (स्मार–01), पत्रांक 56 दिनांक 12.01.2023 (स्मार–02) एवं पत्रांक 67 दिनांक 19.01.2023 (स्मार–03) के द्वारा सूचना देने के बावजुद भी आपके द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। इससे प्रतित होता है कि उपरोक्त कार्य को करने में आपकी रूचि नहीं है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको अंतिम बार सूचित करना है कि दो दिनों के अन्दर कार्य प्रारम्भ करते हुए एक माह में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप आपकी एकरारनामा को विखण्डीत करते हुए जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा आपका निबंधन को काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारियों को सूचित करना अद्योहस्ताक्षरी की बाध्यता होगी तथा इसकी पूर्ण जिम्मेवारी आपकी होगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 313484 Urban Development(23-24)#D

## अरारी पंचायत में स्वेटर व चोंगाखार में बांटे गए कंबल



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के अरारी पंचायत ग्राम कल्हाजोरी के आंगनबाड़ी केंद्र स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा के द्वारा नौनिहालों के बीच ठंड को देखते हुए जहां स्वेटर का वितरण किया गया। मौके पर उपमुखिया जितेंद्र यादव, रामदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य पंकज यादव, सेविका कंचन कुमारी, सहायिका सुशीला देवी उपस्थित थी। वहीं चोंगाखार पंचायत के ग्राम चरगो में स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रामप्रसाद वर्मा एवं वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सचिन वर्मा के द्वारा झारखंड सरकार द्वारा प्रदत्त कंबल का वितरण वृद्ध महिला पुरुषों एवं असहाय लोगों के बीच वितरण किया गया। मौके पर भातू महतो, मंदोदरी देवी, चंदवा देवी, कुंजो महतो, उगन महतो समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## उमंग फाउन्डेशन बाल विवाह रोकथाम को लेकर गांव व विद्यालय में बच्चो व बच्चीयो को कर रहे जागरूक



**गावां(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गावां प्रखंड के सेरूआ पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरुआ में बाल विवाह रोकथाम को लेकर बच्चो के बीच उमंग फाऊंडेशन द्वारा बच्चो को शपथ दिलाया गया और जागरूक करते हुए इससे होने वाले नुकसान के बारे में चर्चा किया गया। उमंग फाऊंडेशन के प्रखंड सचिव पिंटू शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा की हमारी संस्था का अत्यंत प्रयास है कि किसी भी बच्ची का बाल विवाह न हो इसलिए हर जगह हरेक विधालय में जाकर जागरूकता अभियान लगातर सूचीबद्ध तरीके के तहत चलाया जा रहा है। वही विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह सचिव सीता राम पाण्डेय ने बच्चो के बीच बाल विवाह से होने वाले रोचक जानकारी भी प्रस्तुत किए विद्यालय के सभी बच्चो को इसके बारे में जानकारी समय समय पर देने की बात कही गई साथ ही हर संभव उमंग फाउन्डेशन को मदद करने का वचन मिला इस कार्य को करने में शिक्षक सह कवि भीम कुमार ने बाल विवाह जागरूकता से संबंधित रोचक तथ्य बात रखे। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक अपराध भी है इसे रोकने की हर संभव प्रयास करना है। शिक्षक सह भीम कुमार ने उमंग फाउन्डेशन का भी खूब सराहना किया उन्होने बताया कि समाज को जागरूक करने में अहम योगदान दें रहे हैं।

## वयोवृद्ध आयुष हेल्थ चेक अप कैंप में आश्रम के बुजुर्गो की हुई स्वास्थ्य जांच




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को वयोवृद्ध आयुष हेल्थ कैंप का आयोजन एच एस सी कोला कुसमा ने संबलपुर सहयोगी नगर स्थित ओल्ड एज और एच एस सी बेगनरीया टुंडी ने लोहारबरवाअड्डा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में सभी महिला एवं पुरुष बुजुर्गो का हेल्थ चेकअप किया। बुजुर्गो का बीपी, शुगर एवं इस उम्र में रहन-सहन, खाने-पीने का नियम एवं योग ट्रेनर द्वारा योगासन सिखाया गया। लालमणि में हेल्थ चेकअप कैंप में डॉ कलीम अहमद, डॉ वलीउर रहमान, राजेंद्र प्रसाद एवं संजय कुमार और ओल्ड एज होम में डॉ नीलिमा, डॉ जयश्री एवं टीम के सदस्यों ने अपना योगदान दिया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा इस बदलते मौसम में बुजुर्गो का स्वास्थ्य जांच एवं बढ़ते ठंड से सुरक्षा के मद्देनजर गर्म कपड़े, अलाव एवं सुरक्षा के अन्य जरूरी प्रयास किया जा रहा है। उसी कड़ी में यह स्वास्थ जांच कैंप लगाया गया है। बुजुर्गो की सेवा में आश्रम के सदस्य कुमार मधुरेंद्र सिंह एवं ओंकार मिश्रा सक्रिय थे।

## लिंडसे क्लब में 17 से 19 दिसंबर तक पौष पार्बन उत्सव का होगा आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को हीरापुर, भिस्तीपाड़ा रोड स्थित लिंडसे क्लब में 17 से 19 दिसंबर को होने वाले त्रितीय वर्श पौष पार्बन उत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी देने हेतु पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में क्लब के अध्यक्ष अमलेंदू सिंहा ने बताया कि प्रथम दिन 17 दिसंबर को संध्या 5 बजे पौष पार्बन उत्सव सह मेला का उद्घाटन होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद उपायुक्त एवं बीसीसीएल के सीएमडी को आने के लिए निमंत्रण दे आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया यह उत्सव बांग्ला संस्कृति, बांग्ला पारंपरिक नृत्य को जीवंत उत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। तीन दिवसीय उत्सव कार्यक्रम में 30 से अधिक स्वादिष्ट वेज और नॉनवेज के स्टॉल्स रहेंगे। साथ ही कार, महत्वपूर्ण अस्पताल और ब्रांडेड आभूषणों के भी स्टाल लगेंगे।

**सक्सेस स्टोरी : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार**

# बाघमारा प्रखंड के डुमरा दक्षिण पंचायत में दर्जनों लाभुकों को ऑन द स्पॉट मिला जॉब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार में बाघमारा प्रखंड के डुमरा दक्षिण पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में डुमरा दक्षिण पंचायत की दर्जनों लाभुकों को ऑन द स्पॉट मनरेगा जॉब कार्ड निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद समेत मुखिया एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा प्रदान किया गया।

जॉब कार्ड मिलने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि इससे उनकी आय बढ़ेगी जिससे उनके कई आवश्यक काम पूरे होंगे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहियारी में 15 दिन से मध्यान भोजन बंद, अधिकारी मौन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखण्ड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहियारी में 15 दिनों से मध्यान भोजन बंद है। इधर ग्रामीण का कहना है कि अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक के मिली भगत से 15 दिनों से मध्यान भोजन बंद है। इधर ग्रामीण का कहना है कि प्रधानाध्यापक और अध्यक्ष की मिली भगत से 15 दिनों से मध्यान भोजन बच्चे को नहीं मिल रहा। इधर अधिकारी इस तरह से मौन बैठे रहेगे या फिर बच्चों के लिए न्याय का कोई काम करेंगे। वही कई बार स्थानीय प्रतिनिधि के समझाने बुझाने पर भी प्रधानाध्यापक अपने कर शैली पर सुधार नहीं लाने का काम कर रहे हैं। वहीं शिक्षा विभाग के पदाधिकारी कुछ कहने से भाग रहे हैं फोन के माध्यम से सूचना लिया गया लेने पर कुछ कहने से इनकार कर रहे हैं।

## अंचल कार्यालय पुटकी में कंबल वितरण व सामुदायिक भोजन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गुरुवार को मध्य विद्यालय खरिकाबाद कुसुंडा, धनबाद के धनबाद नगर निगम वार्ड नंबर. 14 के अंतर्गत अंचल कार्यालय, पुटकी धनबाद द्वारा 200 लोगों को कंबल विवरण किया गया। जिनमे विधवा, वृद्ध,दिव्यांग एवं असंगठित मजदूर के बीच कंबल वितरित हुआ। साथ ही सामुदायिक भोजन का आयोजन किया गया जिसमे 400 लोगों द्वारा भोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राज सिन्हा व झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मनान मल्लिक उपस्थित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को विद्यालय के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक गीत के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा द्वारा कहा गया कि विद्यालय में छात्र - छात्राओं के लिए शौचालय बनाई जाएगी। आगे विद्यालय में विभिन्न सुविधाओ का ध्यान दिया जाएगा।

## पतंग उड़ाने के दौरान 11 वर्षीया बच्चा गिरा कुंआ में मौत



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले के धनवार थाना क्षेत्र के बरजो मोड़ के समीप बुधवार की शाम को पतंग उड़ाने के दौरान कुएं में गिरकर एक 11 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना से इलाके में को कोहराम मच गया। मृतक की पहचान मिकी बर्णवाल के पुत्र नयन के रूप में हुई। बताया गया कि नयन कुमार घर के पास ही पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान घर के आगे कुएं के पास चला गया और कुएं में गिर पड़ा।वहां बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। बच्चे को कुएं से निकाल कर बरजो स्थित गायत्री नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही धनवार थाना प्रभारी पिंकू प्रसाद दल-बल के साथ गायत्री नर्सिंग होम पहुंचे ओर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गए। बताया गया कि पोस्टमार्टम के बाद ही शव को परिजनों को सौपा जाएगा।

# सरकार आपके द्वार में महिला समूह के बीच 1 करोड़ 20 लाख का ऋण दिया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर/गिरिडीह :** बगोदर प्रखंड के अंतर्गत बेको पश्चिमी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न स्टॉलों में अपने अपने समस्या का आवेदन दिया जिसमें अबुवा आवास सर्वजन पेंशन राशन कार्ड से संबंधित दिया गया वहीं महिला समूह को एक करोड बीस लाख का चेक दिया गया ।इस दौरान लाभुकों के बीच परी संपत्तियों का वितरण भी किया गया । विभाग के द्वारा कई स्टॉल लगाया था जिसमें अबूवा आवास योजना विरसा सिंचाई कूप योजना इसकी अतिरिक्त जाति आय जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से सबंधित आवेदन सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना किसान क्रेडिट कार्ड योजना मुख्यमंत्री पशुधन योजना श्रम विभाग अंतर्गत सार्वजनिक पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों का पंजीकरण राजस्व अभिलेखों में संशोधन आधार कार्ड में संशोधन बिजली बिल। वहीं लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया मौके पर प्रमुख आशा राज प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह सीओ सुषमा सोरेन मुखिया मूनेजा खातून पंचायत समिति सदस्या निखत परवीन पंचायत सचिव नाहिदा साहिबा प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी ज़ियाउल रहमान इस्तियाक अंसारी सिकन्दर अली समशुद्दीन अंसारी नारायण महतो बिरबल महतो सहित बडी संख्या में लोग मौजुद उधर किसान महा सभा नेता पूरन महतो ने कार्यक्रम का विरोध किया । उन्होने ने कहा की अगले साल भी इस तरह का कार्यक्रम हुआ था।



## एसएनएमएमसीएच में सफाई कर्मियों ने खड़े किए हाथ, बढ़े हुए वेतन की भुगतान की मांग पर हड़ताल का ऐलान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला के एसएनएमएमसीएच के सफाई कर्मियों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। उन्होंने आगे भी साफ सफाई की सेवा बाधित रखने की घोषणा की है। सफाईकर्मी बढ़े हुए वेतन की मांग पर अड़ गए हैं। सफाई कर्मियों की इस घोषणा से एसएनएमएमसीएच में साफ सफाई की व्यवस्था चरमरा जाएगी। इस मांग को लेकर अस्पताल में सफाई कर्मियों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे सफाईकर्मियों का कहना है कि दो महीने बीत गए लेकिन अब तक उनके संवेदक के द्वारा बढ़ा हुआ वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। दो महीने से सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। दिसंबर महीने में वेतन का भुगतान संवदेक ने किया है लेकिन पुराने वेतन के अनुसार ही राशि का भुगतान किया गया है। पिछले दो महीने से संवेदक टाल मटोल कर रहा है। जब तक बढ़ा हुआ वेतन नहीं मिल जाता तब तक काम नहीं करने की चेतवानी सफाईकर्मियों ने दी है। सफाई कर्मियों ने बताया कि करीब 150 सफाईकर्मी अस्पताल में कार्यरत हैं। उनके मुताबिक कमांडो सिक्योरिटी हजारीबाग की कंपनी के द्वारा उनसे अस्पताल में साफ सफाई का काम लिया जा रहा है। वहीं महिला सफाई कर्मियों ने कहा कि उन्हें साढ़े सात हजार रुपए वेतन दिया जाता था। जिसे बढ़ा कर 9 हजार रुपया कर दिया गया है। लेकिन बढ़ा हुआ वेतन का भुगतान करने में संवेदक के द्वारा आनाकानी की जा रही है। अपनी मांग को लेकर पिछले दिनों सभी ने मिलकर हड़ताल भी किया था।

# पीएनएम की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल की अध्यक्षता में दिनांक 14.12.2023 को मुख्यालय स्थित सभाकक्ष में ईस्ट सेन्ट्रल कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारियों के साथ रेल हित, कर्मचारी कल्याण संबंधी कार्यो पर विचार-विमर्श एवं सुझावों के आदान प्रदान हेतु स्थायी वार्ता तंत्र (Permanent Negotiating Machinery-PNM) की वर्ष 2023 की दूसरी बैठक का आयोजन हुआ । बैठक में अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाष, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री बी.के.सिंह सहित सभी विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष तथा अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे । इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने कहा कि कर्मचारी हित अति महत्वपूर्ण है एवं रेल प्रशासन इसके लिए प्रतिबद्ध है । उन्होंने प्रशासन के साथ सहयोगात्मक रवैये के लिए कर्मचारी यूनियन के प्रति आभार प्रकट करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि रेलकर्मी के अथक परिश्रम से पूर्व मध्य रेल आने वाले समय में नई ऊंचाई प्राप्त करने में सफल रहेगा। बैठक में कर्मचारी हित से जुड़े कई मुद्दों पर गहन चर्चा एवं विचार विमर्ष किया गया । महाप्रबंधक ने कर्मचारी यूनियन के सुझावों को गंभीरता से लेते हुए आवष्यक एवं त्वरित कार्रवाई का आष्वासन दिया। उन्होंने आष्वस्त किया कि रेल हित एवं कर्मचारी कल्याण हेतु हर प्रकार की व्यवस्थाएँ की जाएगी जिससे रेलकर्मी एवं उनके परिवारजन को सुविधा हो। ईस्ट सेन्ट्रल कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष डी0के0पाण्डेय, महामंत्री एस0एन0पी0 श्रीवास्तव एवं यूनियन के मुख्यालय एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे तथा अपने-अपने मंतव्य रखें।



# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के कोल्हर पंचायत सचिवालय में आज गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के आयोजन में लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज गुरुवार को कोल्हर पंचायत सचिवालय स्थित मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ झामुमो धनबाद के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश टुडू एवं जिला परिषद क्षेत्र संख्या 4 की मीना हेंब्रम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम प्रारंभ होते ही सर्वप्रथम स्कूली बच्चों के बीच जाति प्रमाण पत्र एवं साइकिल की खरीद के लिए 4500 रुपया प्रति छात्राओं के बीच चेक का वितरण किया गया ।साथ ही ठंड को देखते हुए बुजुर्गो के बीच कंबलों का वितरण किया गया। इसके अलावा धोती साड़ी का भी वितरण लाभुकों के बीच किया गया साथ ही जेएसएलपीएस के दीदियों के बीच रोजगार को बढ़ावा देने के लिए 6,80,000 की राशि से सुशोभित किया गया ।आज के इस महत्वाकांक्षी शिविर में टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार चौरसिया स्वयं लाभुकों को मदद करते देखे गए एवं शिविरों में इनकी कर्तव्य निष्ठा देखकर लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं ।हर शिविरों में लाभुकों को मदद करते पीछे नहीं हटते अच्छे ढंग से कार्य करने पर विश्वास करते हैं पूछने पर कहते हैं कि सुदूर क्षेत्रों से आए एक भी व्यक्ति इस लाभ से वंचित न रहे यही शिविर का आयोजन का मुख्य विषय है ,मुखिया विजय मंडल ने सभी लोगों के बीच कड़ी मेहनत करते देखे गए।




## धमना नदी पर पुल निर्माण कार्य को लेकर किया गया सर्वे

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के पहाड़पुर और हथबोर गांव के बीच धमना नदी पर पुल निर्माण कार्य हेतु स्पेशल डिविजन द्वारा बुधवार को नदी का सर्वे किया गया और इसके डीपीआर के लिए नदी की मापी की गई। धमना नदी पर पुल निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू होते देख ग्रामीणों भारी हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों द्वारा नदी पर पुल निर्माण कार्य की मांग लंबे समय से की जा रही थी। नदी पर पुल नहीं रहने से लोगों को आने जाने में परेशानी होती थी। खासकर बरसात के मौसम में नदी के पोषक गांव टापू बन जाता था। बतला दें कि गोलगो मोड़ से लेकर हथबोर तक आरईओ विभाग के तहत पथ सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। परंतु नदी पर पुल नहीं रहने से सड़क की उपयोगिता पर प्रश्न चिन्ह लगा था। बदवारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रघुनंदन कुशवाहा ने गांडेय विधायक डा सरफराज अहमद के संमक्ष पुल निर्माण की मांग की थी। विधायक ने इस मामले को गंभीरता से लिया और पुल निर्माण कार्य हेतु अनुशंसा पत्र स्पेशल डिविजन को पहाड़पुर और हथबोर के बीच धमना नदी गोलगो और बदवारा पंचायत को विभाजित करती है। दो पंचायतों के अलावा यह बिहार राज्य के कई गांवों को भी जोड़ेगा। यातायात के लिए सड़क की सुविधा थी परंतु नदी पर पूल आजादी के बाद से नहीं बना था। जिससे सड़क की उपयोगिता व्यर्थ साबित हो रही थी।

## झारखंड सरकार के कार्यो का सफल क्रियान्वयन कर रही है झारखंड की गठबंधन सरकार : सतपाल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा : पूर्व** निर्धारित कार्यक्रम के तहत टेलीफोन एक्सचेंज रोड एस एस एस एल एन टी बालिका उच्च विद्यालय स्कूल आफ एक्सीलेंस में प्रतिनियुक्ति अंचल कार्यालय के कर्मचारी एवं पदाधिकारीयों के साथ-साथ नगर निगम के पदाधिकारीयों, एवं कर्मचारीयों ने शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से,सर्वजन पेंशन योजना, साफ सफाई,जन्म मृत्युप्रमाण पत्र, जलापूर्ति,सड़क नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट समाज कल्याण विभाग से संचालित योजनाएं,सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,आदि योजनाओं का क्रियान्वयन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ क्षेत्र के लोगों ने इसका लाभ उठाया साथ ही साथ धोती,साड़ी, लुंगी, एवं कंबल का वितरण किया गया,इस अवसर पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के सतपाल सिंह ब्रोका ने कर्मचारियों के साथ सहयोग कर कहा की झारखंड सरकार के कार्यो का सफल क्रियान्वयन कर रही है झारखंड कि गठबंधन सरकार। झारखंड कि गठबंधन सरकार पिछले 24 नवंबर से पूरे झारखंड प्रदेश के सुदूर इलाकों से लेकर शहर तक जनकल्याण कारी,योजनाओं का लाभ लोगों के घरों तक पहुंच कर देने का काम कर रही है यह तीसरा चरण में शिविर लगाकर लोकहित कारी योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही है।

## शुद्ध सांसों के लिए वायु प्रदूषण के खिलाफ हजारों की संख्या में एक साथ दौड़ा झरिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** प्रदूषण के खिलाफ तंत्र को जगाने के लिए गुरुवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत झरिया वासियों ने चिल्ड्रेन पार्क से लेकर कतरास मोड़ तक दौड़ लगाई। दौड़ में समाजसेवी संगठन, राजनीतिक पार्टियों के लोग, चिकित्सक, व्यवसायी सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। सुबह से ही चिल्ड्रेन पार्क में लोगों का जुटान होना शुरू हो गया था। दौड़ में शामिल सभी लोग मेरी सांसें मेरा हक लिखा टी शर्ट और टोपी लगाए हुए थे। सभी ने एक स्वर में प्रदूषण के खिलाफ आवाज बुलंद की। दौड़ के दौरान मेरी सांसें मेरा हक, रन फ़ॉर क्लीन एयर, शुद्ध हवा मेरा अधिकार जैसे नारे लगते रहे। दौड़ में हजारों की संख्या में लोग थे। सड़क लोगों से खचा खच भरा हुआ था। कार्यक्रम में विद्यालय के छत्र छात्राओं ने भी भाग लिया। दौड़ में शामिल निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि यह जन जन की आवाज है। जिस तरह से बीसीसीएल सारे नियमो का ताख पर रख माइनिंग कर रही है और एनवायर्नमेंटल क्लियरेंस की एक भी शर्त नहीं मान रही है जिसका खामियाजा यहां की जनता झेल रही है। वहीं झरिया विधायक के प्रतिनिधि केडी पांडेय ने कहा कि हमें स्वच्छ हवा लेने का अधिकार है पर बीसीसीएल द्वारा इसका हनन किया जा रहा है। अभी लड़ाई की शुरआत हुई है और आगे झरिया की पूरी जनता एक साथ मिलकर ये लड़ाई लड़ेगी। मौके पर उपस्थित रागिनी सिंह ने कहा कि दौड़ के शक्ल में यह विरोध बता रहा है कि झरिया की जनता प्रदूषण से कितनी त्रस्त है। यहां की जनता के जीवन से खिलवाड़ नहीं होने देंगे बीसीसीएल की मनमानी नहीं चलेगी। रन फ़ॉर क्लीन एयर के दौड़ में निवर्तमान महापौर चन्द्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि के डी पाण्डेय, मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, भाजपा नेत्री रागनी सिंह, डॉ ओ पी अग्रवाल, लायंस क्लब के डॉ नरेश प्रसाद, डॉ एस के भगानिया, शेखर प्रसाद, दिलीप सुद्धकी, केके साहू, पार्षद शैलेन्द्र सिंह, अनिल कुमार सिंह, अरुण साव, बलदेव पाण्डे, पिंकू चंद्रवंशी, दिलीप आडवाणी, ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद, नव जवान एकता फाउंडेशन के सचिव मो शाहनवाज खान, मो सद्दाम इराकी, मो आलमगीर खान, मोनू खान, राजा अंसारी सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।



### संक्षिप्त खबरें

**ज्यादा बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं का कटा कनेक्शन**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड क्षेत्र के भट्टखिजरी पंचायत अंतर्गत क्षेत्रों में जैसे मुंदो, भट्टखिजरी, इरगांव रामपुर इत्यादि क्षेत्रों में बिजली विभाग द्वारा बकाया बिजली बिल जमा नहीं करने के कारण उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया, जिसमें क्षेत्रीय ऑपरेटर धनंजय सिंह ने बताया कि ग्राम मुंदो में कुल 13 लोगो का कनेक्शन काटा गया है जिसमे कि दस हजार रु से ऊपर के बिजली बिल वाले उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा जा रहा है,जिसमें चोरी इत्यादि संबंधित लोगो पर भी नजर रखी जा रही है।

**आजसू पार्टी ही जनता की आकांक्षाओं को पूरा करेगी : नीरू शांति भगत**

**लोहरदगा :** आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड में शहरी क्षेत्र के सदस्यों ने आजसू पार्टी का दामन थामा, जिसमें मुख्य रूप से रोहित महतो, मोहित शर्मा, राजकुमार साहू, सनी साहू, विक्की विश्वकर्मा, प्रशांत साहू अपने समर्थको के साथ आजसू पार्टी में शामिल हुए, इनका स्वागत माला पहनाकर एवं आजसू का अंग वस्त्र देकर किया गया। इस मौके पर लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने कहा की आम जनता का रुझान आजसू पार्टी की ओर है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण है कि लगातार आजसू पार्टी में कार्यकर्ता शामिल हो रहे हैं

**पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत में आयोजित हुआ आपके द्वार कार्यक्रम**

**लोहरदगा :** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज पेशरार प्रखंड के सीरम पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, जाति/ आय/ आवासीय/ दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, राजस्व के जुड़े मामले जैसे म्युटेशन, लगान रसीद तथा ऑनलाईन रिकॉर्ड में सुधार करने से संबंधित मामले, आयुष्मान कार्ड, 15 वें वित्त, जनजातीय कल्याण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी गयी।

# आदिवासीयो के धरोहर के साथ छेड़छाड़ मामले में नही हुई कार्यवाही, ग्रामीणों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के ग्राम प्रधान सुखनाथ उरांव तथा पहान एवं पूरे जोरी ग्रामीणों के द्वारा 8 नवंबर को पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा को उपरोक्त विषय में आवेदन देते हुए समस्या से अवगत कराने का प्रयास किया गया था परंतु एक सप्ताह बीत जाने के बाद किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीण काफी नाराज हैं। इसको लेकर 14 नवंबर दिन गुरुवार को जिला उपायुक्त कार्यालय में पुनः लिखित आवेदन के द्वारा बताया गया है की ग्राम जोरी लोहरदगा में कब्रिस्तान के घेरा के अंदर अवस्थित आदिवासियों का आराध्य देव करम वृक्ष को नुकसान पहुंचाने और शाति भंग करने के संबंध में आदिवासी समाज ने लिखित शिकायत कर कहा है कि ग्राम जोरी स्थित मुस्लिम समुदाय का कब्रिस्तान का घेरा के अंदर एक करम का वृक्ष है, जिसका मोटाई करीब 13-14 फिट है। इस करम वृक्ष का पूजा पाट आदिवासियों द्वारा पुरखो से किया जा रहा है। 2005 के आस-पास मुस्लिम समुदाय के द्वारा कब्रिस्तान का घेरा बंदी के समय इस आराध्य देव करम पेड़ को जबरदस्ती घेरा के अंदर कर दिया गया था जबकि पूजा-पाठ के लिए अलग से एक गेट देने की बात थी तब से अब तक यह एक विवाद का विषय हो गया है।वही दिनांक 07.12.2023 दिन बृहस्पतिवार को सवेरे घेरा से झाँककर देखने से दिखाई दिया कि करम पेड़ के चारों ओर करीब 2 फीट के आस-पास का पेड का छाल को टांगी से छीलकर अलग कर दिया गया है। इससे साफ है कि यह कार्य पेड़ को मार देने के ख्याल से किया गया है ताकि यह पेड़ धीरे-धीरे सुख जाए और मर जाए। इस अदम्य-देव को छति करने से आदिवासी समुदाय के धर्मावलम्बियों में काफी आक्रोश है एवं धार्मिक उन्माद की फैलने की आशका भी जताई गई है। चूंकि कब्रिस्तान में एक गेट है जिसपर हमेशा ताला लगा रहता है। यह गेट की जिम्मेवार व्यक्ति जो अंजूमन इस्लामिया जोरी के अध्यक्ष-सचिव एवं अन्य लोगो के मिली भगत से हुआ है। जिसपर त्वरित कानुनी कार्रवाई करने की मांग की गई है, उक्त गेट का ताला की चाभी अंजूमन इस्लामिया, जोरी के सदर एवं सचिव के पास रहता है। उक्त भूमि का मापी नया नक्शा के आधार पर करने की एवं करम पेड़ को घेरा बंदी से मुक्त कराने कि भी मांग की गई है तथा इस मामले में घटना की जांच कर त्वरित कानुनी कार्यवाही करने की भी मांग की गई है।इसी मामले में लिखित आवेदन पर बताया गया है कि देवी मंडप इसका प्लॉट नं0 138 है, जो अब संकोचित कर घर बना लिया और मौजा जोरी के प्लॉट नं0 185 है जो देवी मंडप से सटा हुआ है। सदियों से पहान पुजार के पूजा-पाठ के बाद वह सरकारी प्लॉट में दही-सही कार्यक्रम तहत पूजा के बाद गुड-चूड़ा, खान-पान एवं सहीया-गोरिया लगाने का कार्यक्रम चलता रहा है जहां पर उपरोक्त प्लॉट पर भी जबरदस्ती नमाज पढ़ना शुरू कर दिया गया है।

# जिला स्तरीय मॉनिटरिंग, पीड़ित प्रतिकर कमेटी एवं पोक्सो स्टेकहोल्डर्स की मीटिंग संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में आज जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी, पीड़ित प्रतिकर कमेटी एवं पोक्सो स्टेकहोल्डर्स की बैठक बुलाई गई। जिसमें जिले के उपायुक्त सह डालसा के उपाध्यक्ष डॉ बाघमरे प्रसाद कृष्ण, पोक्सो जज अरविंद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा हरीश बिन जमा, डालसा सचिव राजेश कुमार,निबंधक राज कल्याण, सिविल सर्जन, डीएफओ, जेलर, सीडब्ल्यूसी के सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में सिविल कोर्ट परिसर एवं जज आवास के सुरक्षा का जायजा लिया गया। आज कुल 10 वादों में पीड़ित प्रतिकर राशि देने को लेकर चर्चा की गई जिसमें 8 पीड़िताओं को अंतरिम मुआवजा प्रदान करने की राशि तय की गई। एवं दो केस में फाइनल मुआवजा की राशि तय की गई। इसके साथ ही आज पोक्सो स्टेकहोल्डर्स की भी बैठक बुलाई गई जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अतिरिक्त उपयुक्त लोहरदगा, पुलिस अधीक्षक लोहरदगा, स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट अरविंद कुमार,लोक अभियोजक मिनी लकडा, पुलिस निरीक्षक एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। पोक्सो स्टेकहोल्डर्स मीटिंग का मुख्य उद्देश्य पोक्सो के केस में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा करना था। मीटिंग के दौरान यह पाया गया कि गवाहों के गवाही समय पर न होने कारण पोक्सो के मामले लंबे समय तक न्यायालय में चलते रहते हैं। जिसके कारण पोक्सो के पीड़िता या पीड़ित को समय पर न्याय नहीं मिल पाता है। जबकि पोक्सो केस को छह माह में निष्पादन करने का निर्देश है। चिकित्सकीय जांच परीक्षण एवं उम्र निर्धारण के संबंध मे कई दिशा निर्देश भी जारी किए गए।

# दो स्कूटी के टक्कर में दोनों चालक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु में पुलिया के समीप दो स्कूटी के टक्कर में दोनों चालक गम्भीर रूप से घायल हो गये। वही घटना देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की दोनों स्कूटी चालक अलग अलग दिशा से आ रहे थे। उसी दौरान दोनों स्कूटी अनियंत्रित हो एक दूसरे से टकरा गया। वही घटना की सूचना राहगीरों के द्वारा प्रशासन को दिया गया। घटना की सूचना पर एस आई गणेश कुमार यादव घटना स्थल पहुंच सर्वप्रथम घायलों को उपचार हेतु गम्भीर अवस्था में सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। घायल युवक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के पलमी निवासी बिरिया उराँव का पुत्र सुजीत उराँव के रूप में किया गया जो स्कूटी जे एच 01 सी सी 0739 में सवार था। तथा दूसरा युवक स्कूटी जे एच 08 ए 5381 पर सवार था जिसका पहचान छत्तर बगीचा निवासी के रूप में किया गया। जिसे उसका नाम पता के बारे में स्पष्ट नही हो पाया है। इस संदर्भ में एस आई गणेश कुमार यादव ने बताया कि घटना लगभग 11 बजे रात का है। साथ ही उन्होंने कहा संदेह है कि दोनों स्कूटी चालक शराब का सेवन कर रखा था जिसके कारण यह हादसा हुआ है। साथ ही बताते हुए कहा कि दोनों घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए क्षतिग्रस्त दोनो स्कूटी को थाना परिसर में जब्त कर सुरक्षित रख पुलिस अग्रतर करवाई जुट गई है।

## जिंगी संकुल से मोहन टाना भगत आज दिल्ली रवाना

# कराटे अंडर-14 खेल में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा मोहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के जिंगी संकुल स्थित उ. मध्य विद्यालय तान में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत् मोहन टाना भगत आज रात रांची स्टेशन से दिल्ली के लिए रवाना हुआ। वह झारखंड सरकार शिक्षा विभाग द्वारा खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहत झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व दिल्ली में करेगा। ध्यातव्य है कि टाना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में विगत 27-28 सितंबर 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में गोल्ड मेडल जीतकर मोहन टामा भगत ने अपनी दावेदारी सुनिश्चित की थी। उक्त चयन शिविर में जिंगी संकुल प्रधान सह रा. उ. उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी स्वंय संकुल के कराटे खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को लेकर गए हुए थे।आज उच्च विद्यालय जिंगी में समारोह का आयोजन कर मोहन टाना भगत को विदाई दी गई।मौके पर प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहा कि अपनी मेहनत और कोच देवंती मैम के बेहतरीन निर्देशन में मोहन ने दिल्ली तक का सफर तय कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। क्षेत्र के बच्चों में असीमित प्रतिभा है जिसे निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मौके पर तान स्कूल के प्रभारी अनिरूद्ध साहू, जिंगी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं ज्याउल हक अंसारी, प्रमेश कुमार सिंह, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, फूलमनी कुमारी, शमीना खातून, चांदो तिर्की आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी, कोच देवंती कुमारी सहयोगी विनय कुमार सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# समावेशी शिक्षा अंतर्गत प्रखंड स्तरीय वार्षिक समावेशी खेल-कुद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 14 दिसंबर गुरुवार को लोहरदगा उपायुक्त सह अध्यक्ष झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा के पत्रांक 2065 दिनांक 08-12-2023 के निर्देशानुसार राजकीय प्राथमिक विद्यालय खन्डा कैरो में समवेशी शिक्षा के अंतर्गत एक दिवसीय दिव्यांग खेलकूद समावेशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रुप से दिव्यांगो ने मटर छिलो, बादाम छिलो, बैलुन फूलाओ, बाल्टी बाल, बिस्किट रेस, चित्रांकन, गायन, बिन्दी चिपकाओ इत्यादि प्रतियोगिताएं मे प्रतिभागीयों ने भाग लिया। इस अवसर पर ख्वास अम्बवा, पचागाई, सढ़ाबे, कैरो, इत्यादि के दिव्यांग प्रतिभागियो ने प्रतियोगिता मे भाग लिया। मौके पर अशद इकबाल, एस भगत, सुनीता कुमारी, सृष्टि कुमारी, मनीषा कुमारी, आदित्य उरांव इत्यादि उक्त कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# 15 वां गोंडवाना शेर शहीद वीर नारायण सिंह बालक/बालिका खेल महोत्सव 2023 खेलकूद का महापर्व मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** खेल एक माध्यम है जो समाज में सामूहिकता, साहस और विश्वास को बढ़ावा देता है। यही सिद्ध होता है 15 वां गोंडवाना शेर शहीद वीर नारायण सिंह बालक/बालिका खेल महोत्सव 2023 के दौरान, जो बासेन पंचायत के रेंगर टोली खेल मैदान में हुआ। यह महोत्सव न केवल खेल का महत्त्व प्रस्तुत करता है, बल्कि आदिवासी समुदाय को संकल्पित करता है कि उनका समूह एकता और प्रेरणा में सशक्त है। यह खेल महोत्सव आदिवासी कल्याण एवं विकास मंच सिमडेगा एवं जी.एस.यू सिमडेगा के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होता है। इसमें जिले के विभिन्न गांव के बीच टीम हिस्सा लेती है और खेल का प्रतिस्पर्धा होता है। इस खेल महोत्सव में युवा खिलाड़ियों को उनके खेलने का मौका मिलता है, जो उनकी निष्ठा, कौशल, और टीम वर्क क्षमता को दर्शाता है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गोंडवाना शेर शाहिद वीर नारायण सिंह समिति के अध्यक्ष श्री सेतुवन मांझी उपस्थित रहे उन्होंने खेल शुरुआत होने से पहले खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्होंने लोगों को कहा कि इस महोत्सव का माध्यम से सामाजिक समरसता और साझेदारी को बढ़ावा देने में मदद करता है। यहां आने वाले लोग साथ में होकर खेलते हैं और एक-दूसरे का समर्थन करते हैं, जिससे समूह की एकता और मेलजोल बढ़ता है। गोंडवाना विकास मंच के संरक्षक श्री कमलेश्वर मांझी ने कहा कि यह खेल महोत्सव न केवल खेल का महत्त्व प्रस्तुत करता है, बल्कि इससे समूह की दृढ़ता, सामर्थ्य, और एकता को भी दिखाता है। यहां युवा खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी भी प्राप्त होती है, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करती है। यह महोत्सव वास्तविक रूप से खेल के माध्यम से समुदाय को एकता, सामरस्ता, और साझेदारी का संदेश देता है। इससे न केवल खेलकूद का प्रोत्साहन होता है। बल्कि इस महोत्सव के उद्घाटन सत्र में 6 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन मैच में, गोंडवाना विकास विद्यालय और जामबहार के बीच खेल खेला गया। महामुकाबले में गोंडवाना विकास विद्यालय ने चार -एक गोलों से जीत हासिल की, जो उनकी सशक्त प्रदर्शनी क्षमता को प्रमोट करता है। इसी प्रकार खेल का सिलसिला चला गया और दूसरा मैच हेठमा डीपाटोली और बाराहडेमा (उड़िसा) के बीच खेला गया।

**वन विभाग द्वारा बनाए गए चेक डैम में भारी अनियमितता**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड कॉंग्रेस विधायक प्रतिनिधि गण तथा बीस सूत्री अध्यक्ष के द्वारा जिला सिमडेगा जिले के प्रखंड के डॉमटोली पंचायत अंतर्गत केराबेड़ा वन विभाग द्वारा बनाए गए चेक डैम की जांच की गई है, जिसमें भारी अनियमित पाई गई। जांच के क्रम में पाया गया की चेक डैम एक तरफ से टूट कर बह गई है, यह चेक डैम 6 महीने भी नहीं चला। चक डैम में फाउंडेशन भी गलत है, केवल एक दो पत्थर नीचे जमीन पर दिया गया है और जितनी चौड़ी नदी है उसके केवल आधे भाग में चेक डैम बनाई गई है, जबकि चेक डैम के दोनों वालों को नदी के बिल्कुल किनारे होनी चाहिए थी, ना कोई बोर्ड लगाया हुआ है और न स्टीमेट की जानकारी दी गई है। इससे साफ पता चलता है कि विभाग के कर्मियों द्वारा भारी अनियमित तथा पैसे की बंदर बांट की गई है। वहां के ग्रामीणों से भी पूछताछ के क्रम में पता चला कि यह चेक डैम बिल्कुल गलत बनाया हुआ है। यहां कोई फायदा भी किसी को नहीं हो रहा है। प्रतिनिधि मंडल द्वारा कहा गया कि निश्चित तौर पर मामले की जांच कराया जाएगा।

# सेवा भारती ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा की एक अहम बैठक जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ के अध्यक्षता में सचिव के आवासीय परिसर गुदरी बाजार में संपन्न हुई। बैठक पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी व संघ के वरीय प्रचारक गुरुशरण प्रसाद एवं प्रांतीय प्रचारक जितेंद्र कुमार उपस्थित हुए। उन्हें लोहरदगा सेवा भारती के लोगों के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक पर सेवा भारती के संबंधित कई विषयों पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने लोहरदगा सेवा भारती के द्वारा चल रहे सेवा के कार्यो की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जरूरतमंदों एवं असहायों को स्वास्थ्य आदि की सेवा ज्यादा से ज्यादा मिल सके इसके लिए हम सभी कटिबद्ध हैं। राष्ट्रीय वरीय प्रचारक गुरुशरण प्रसाद ने कहा कि लोहरदगा जिला सेवा के कार्य ने क्षेत्र में अपना अलग पहचान बना रखी है, और कहा कि प्रत्येक वार्ड परिषदों को अपना सेवा भारती का लेटर पैड मुहैया कराकर चल रहे स्वास्थ्य-चिकित्सा शिविर की जानकारी दिया जाए जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ ले सके। और कहा की स्कूलों में बच्चों के बीच संस्कार आदि की जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। बैठक का संचालन जिला सचिव जयप्रकाश शर्मा ने किया।

# सरना कोड को लेकर आदिवासियों का भारत बंद 30 दिसंबर को : सालखन मुर्मू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को लोहरदगा जिला में 30 दिसंबर 2023 को सरना कोड लागू करने को लेकर भारत बंद आदिवासी सेंगेल अभियान केन्द्रीय सरना समिति, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, जिला सरना समिति लोहरदगा, राजी पड़हा प्रार्थना सभा लोहरदगा जिला, एवं विभिन्न सरना आदिवासी संगठन के अगुवागण की बैठक सह प्रेस कॉन्फ्रेंस केतकी होटल लोहरदगा में हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सरना समिति लोहरदगा के अध्यक्ष चैतू उरांव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सालखन मुर्मू एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष श्री फूलचंद तिर्की उपस्थित थे। सालखन मुर्मू ने कहा कि सरना कोड भारत के प्राकृतिक पूजक लगभग 15 करोड़ आदिवासियों के अस्तित्व पहचान हिस्सेदारी के जीवन रेखा है 2011 की जनगणना में 50 लाख आदिवासियों ने सरना धर्म लिखवाया था सरना धर्म कोड के बगैर आदिवासियों को जबरन हिंदू मुसलमान ईसाई आदि बनाना धार्मिक गुलामी को मजबूर करना है। 15 नवंबर को प्रधानमंत्री उलिहातु दौरा और राष्ट्रपति का 20.11.23 को मयूरभंज के बारीपदा आए थे परंतु सरना कोड के बारे में कुछ नहीं बोला जिसके चलते आदिवासी समाज आंदोलन के लिए बाध्य है। एवं 30 दिसंबर 2023 को आदिवासी भारत बंद और रेल रोड चक्का जाम करेंगे। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष श्री फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना कोड मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा सरना कोड को लेकर पूरे देश में वृहद आंदोलन चलाया जा रहा है। 30 दिसंबर को भारत बंद ऐतिहासिक होगा मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष श्री फूलचंद तिर्की, लोहरदगा जिला सरना समिति के अध्यक्ष श्री चैतू उरांव, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, बना मुंडा, प्रमोद एक्का, दीपक कुमर आदी उपस्थित थे।

**अपने अधिकार को लेकर रोहिंग्या घुसपैठियो के खिलाफ होगा चरणबद्ध आंदोलन : मनीर उरांव**

# लोहरदगा जिला में बहुत तेजी से रोहिंग्या व बांग्लादेशी लोग पांव फैला रहे हैं : साधनू भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति समाज से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संगठन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मनीर उरांव ने कहा कि जो भी बाहरी घुसपैठी हमारे समाज ही नहीं लोहरदगा जिला में किसी तरह की गलत नीयत से आकर बस गए हैं उन्हें चिन्हित करने का कार्य जल्द पूरा करना है। हमारे जिला में जो बाहर से घुसपैठ आकर बस रहे हैं और लोहरदगा जिला के लोगों का अधिकार छीन रहे हैं उसे हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके लिए लोहरदगा जिला में हम चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री श्री सधनु भगत ने कहा कि हमारे लोहरदगा जिला में बहुत तेजी से रोहिंग्या एवं बांग्लादेशी लोग पांव फैला रहे हैं। हमारे लोहरदगा जिला के भोले भाले आदिवासी भाइयों को पहले विश्वास में लेकर बहला फुसलाकर उनकी जमीन लेते है मकान बनाते हैं फिर हमारे आदिवासी बेटी बहनों पर गलत नजर कर ले जाते हैं। उसके बाद परिवार में कोई आता पता नहीं रहता है। इसके खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर आगे संघर्ष करना है। आवश्यकता है हमें वैसे तत्वों से सतर्क रहने की ताकि आने वाला समय में कोई भी हमारे समाज एवं देश विरोधी कार्य नहीं कर सके पूर्व विधायक बिशनपुर श्री रमेश उरांव ने कहा कि बाहरी लोगों को गांव-गांव में चिन्हित करने की आवश्यकता है। उन्हें जल्द चिन्हित कर आंदोलन करने की आवश्यकता है। मौके पर शामेला भगत, मीना बाखला, कलावती देवी, सरस्वती देवी, आशा उरांव, सुधीर उरांव, सानिया उरांव, प्रदीप उरांव, सतनाम उरांव, बिपता उरांव, शुक्रा उरांव, लखन उरांव, लक्ष्मण भगत, विनय उरांव, भगवान दास उरांव, सकलु उरांव, दिलीप लकड़ा, बेंजामिन लकड़ा, राजकुमार मुंडा, पुणा उरांव, मनोज उरांव, रामनाथ उरांव, हरि उरांव, अमित लोहारा, बाल कृष्णा सिंह, अनिल उरांव, सुरेश बैठा सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

# जितेंद्र महतो ने राज्य सरकार से धान का क्रय मूल्य 3,100 क्विंटल दर से क्रय करने का किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार से धान का क्रय मूल्य 3100रु/क्विंटल दर से क्रय करने की मांग की। उन्होंने कहा झारखान से सटे छतिसगढ़ राज्य में वहां की भाजपा सरकार बनते ही 3100 रु /क्विंटल धान की खरीददारी करने घोषणा की। और झारखंड की सरकार धान अधिप्राप्ति बढ़े दर पर करने की इस दिशा में अभी तक किसान हित में कोई बदलाव नहीं किया। इस ओर बताते चले की लोहरदगा जिले में समय पर बारिश नहीं होने से 40 प्रतिशत खेत पर बिचड़े छीटे के छींटे रह गए। खेती हुआ ही नहीं। बची 60 प्रतिशत जमीन पर खून पसीना लगाकर किसान दूर दूर से पानी का वयवस्था बनाकर किसी तरह सिंचाई करके धान का फसल लगाया जिसका पैदावार काफी कम हुआ है।और जो थोड़ा बहुत उपज हुआ भी तो यहां के किसान औने पौने दाम पर धान बिचौलियों के हाथ बेच रहें हैं। जिससे किसानों को लागत मूल्य का भी पैसा नहीं मिल रहा है। किसान अपने जिवीकोपार्जन को लेकर चिंतित है।अभी तक सरकार और से आकाल एवं कम पैदावार का सर्वे कर किसानों को मुआवजा देने पर अभी तक किसी तरह की पहल नहीं कि गई है।किसान सरकार से आस लगाए बाट जोह रहें हैं।और झारखंड सरकार कान में तेल सोनें का काम कर रही है। किसान मरे या जिए सरकार को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। किसान के हित में प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह शिथिल पड़ गई है। अफसर शाही चरम पर है। इस कारण किसान किस्मत का मारा बेरोजगारी के प्रकोप से दूसरे प्रदेश के ईट भठ्ठों में जाकर काम करने को विवश है। आखिर अन्नदाता की कौन सुनेगा और किसे बताएं छुपद्व छुप के रोने के अलावा कुछ चारा भी तो नहीं है।

**हेमंत सरकार ध्वंस कर रही है युवाओं का मनोबल : अजय कुमार सिंह**

# शिक्षार्थियों के धैर्य और मेहनत पर ठगबंधन सरकार की है बुरी नजर : संजय ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गौरतलब है कि झारखंड की वर्तमान हेमंत सरकार युवाओं और शिक्षार्थियों के मेहनत पर बार-बार पानी फेरने का कार्य कर रही है। आज भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में हेमंत सरकार द्वारा रद्द किए गए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन करते हुए महावीर चौक सिमडेगा के पास झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया।इस दौरान भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार युवाओं के मनोबल को ध्वंस करने का कार्य कर रही है। बार-बार परीक्षा की तिथि निकालना एवं पूर्व की भांति निरंतर रद्द करते रहना, सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। यह सरकार जब युवाओं को नौकरी और रोजगार नहीं दे सकती है तो उसे झूठी दिलासा दिलाने का कोई अधिकार नहीं है। सरकार के इस अनैतिक व्यवस्थाओं का युवा मोर्चा पुरजोर विरोध करती है।कार्यक्रम के दौरान भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा की शिक्षार्थियों के धैर्य और सामर्थ्य की परीक्षा बार-बार प्रदेश की ठगबंधन सरकार न लें। सरकार की इस कायरता पूर्ण हरकतों के लिए प्रदेश की युवा इस सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में बाहर का रास्ता दिखाने वाली है। झारखंड राज्य का चौमुखी विकास सिर्फ मोदी की गारंटी ही कर सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसटी मोर्चा जिला महामंत्री राकेश रविकांत प्रधान, नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, जिला महामंत्री दीपक पुरी, श्रद्धानंद बेसरा, सुजान मुंडा, दीप नारायण दास, अनिरुद्ध सिंह दांगी, नंदनी दास, रामप्रसाद राम, जोगिंदर राम, कामेश्वर प्रधान, दिनेश प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## चलते चलते एक नजर

### विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से, मुख्यमंत्री ने सभी विधायकों के साथ की बैठक



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पंचम विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सभी सत्ताधारी दलों के विधायकों की बैठक अपने मुख्यमंत्री आवास पर बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमत्री हेमंत सोरेन ने की। बैठक में सत्र के दौरान सरकार का क्या रणनीति होगी इस पर विस्तार से चर्चा की गयी। इसके साथ ही विपक्ष के सवालों का किस प्रकार से काउंटर करना है, इसकी भी रणनीति तय की गयी। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष के सार्थक चर्चा जनमुद्दों को लेकर होती है तो सरकार उनके हर सवालों का जवाब देगी। बैठक में राज्य में वर्तमान राजनीति मसलों पर भी बात हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सत्ता पक्ष पूरी तरह से तैयार है। बैठक में सत्ता पक्ष की ओर से विधायक व मंत्री के अलावा सत्ता पक्ष के सहयोगी दल कांग्रेस व राजद के विधायक भी मौजूद थे।

### डीएवी गांधीनगर स्कूल के छात्रों ने गोशाला का किया भ्रमण

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजधानी के कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल (शिशु विहार) के छात्रों ने कांके गोशाला का भ्रमण कर सैकड़ों गायों को भोजन कराया। भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने अपने-अपने घरों से एकत्रित हरी सब्जी, गुड़, रोटी, फल और भोजन सहित कई सामग्रियां गायों को खिलाकर उनकी सेवा एवं पूजा भी की। इस अवसर पर छात्र काफी उत्साहित दिखे। भाजयुमो संयोजक और रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि छात्रों को शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से प्रकृति एवं जानवरों से जुड़ने में मदद करने को लेकर इस यात्रा का आयोजन किया गया है। हिंदू शास्त्रों के अनुसार गाय को माता का दर्जा दिया गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से डीएवी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एसके सिन्हा, निराकार आचार्य, बीके सिन्हा, प्रमोद सहाय, जया जायसवाल और केके प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे।

# अलाव की व्यवस्था तुरंत करे निगम : अरुणा शंकर

*** प्रथम महापौर ने निजी खर्च से अलाव जलवाना किया प्रारंभ * ठंड से ठिठुर रहे गरीबों पर मेहरबान हुई प्रथम महापौर अरुणा शंकर**





प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगरः** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर टैक्सी स्टैंड, चैनपुर बाजार, शाहपुर विवेकानंद चौक, डाल्टनगंज स्टेशन के सामने एवं छाहमुहान के समीप अपने निजी खर्चे से अलाव की व्यवस्था करते हुए कड़ाके की ठंड में रात्रि 10 बजे खुद भ्रमण करने निकली। प्रथम महापौर ने कहा कि हर वर्ष प्रशासन एवं निगम के तरफ से इस समय तक अलाव की व्यवस्था कर दी जाती थी। परंतु इस वर्ष विलंब हो रहा है। ठंड बढ़ते जा रही है। इसी को देखते हुए मैं अपनी ओर से अलाव की व्यवस्था कराई ताकि गांव से आए राहगीरों,भीख मांगने वाले गरीब-गुरबा तथा घर के अभाव में झोपड़ी एवं स्टेशन पर सोने वाले लोग अलाव की गर्मी से अपनी कड़ाके की ठंड भरी रात काट सकें।प्रथम महापौर ने कहा कि कल कुछ जगह और भी अलाव की व्यवस्था कराई जाएगी। यह व्यवस्था तब तक करूंगी जब तक प्रशासन या निगम अलाव की व्यवस्था नहीं कर देता। प्रथम महापौर ने सभी सामाजिक संस्थानो से और खासकर पूर्व पार्षदों से अनुरोध किया है कि अपने-अपने वार्ड में जब तक निगम अलाव की व्यवस्था नहीं करता तब तक अपने निजी खर्चे से अलाव की व्यवस्था करें। क्योंकि गरीबों का इस कड़ाके की ठंड से बचाव का अलाव एकमात्र उपाय है। प्रथम महापौर ने प्रशासन से भी अनुरोध किया है कि यथाशीघ्र हर चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था कराई जाए।

### भारत व नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों ने तस्करी पर अंकुश लगाने पर जताई सहमति

**सिद्धार्थनगर :** सीमा सुरक्षा बल की 43वीं वाहिनी और पड़ोसी देश नेपाल की एपीएफ की 28वीं वाहिनी की समकक्ष समन्वय बैठक गुरुवार को नेपाल की सीमा चौकी हथिहवा में आयोजित की गई। बैठक में तस्करी सहित विभिन्न मसलों पर परस्पर सहयोग करने की सहमति जताई गई। सीमा सुरक्षा बल के 43वीं वाहिनी के कमांडिंग अधिकारी आरके डोगरा ने बताया कि दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों की बैठक से पहले सीमा स्तंभ संख्या 547 का एपीएफ नेपाल के द्वारा मरम्मत किया जाना था। उसको दोनों वाहिनी के अधिकारियों की मौजूदगी में मरम्मत का कार्य शुरू किया गया।

## वसीम शहजाद की संदेहास्पद मृत्यु की जांच करने गढ़वा पहुंची झारखंड राज्य अल्पसंख्यक की टीम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान, सदस्य डॉ. एम तौसीफ, सदस्य क़ारी बरकत अली का गढ़वा पहुंचने पर परीसदन में पुरजोर इस्तकबाल किया गया। अल्पसंख्यक आयोग की तीन सदस्यीय कमेटी वसीम शहजाद की संदेहास्पद मृत्यु की जांच करने के लिए गढ़वा पहुंची दूसरे दिन 13 दिसंबर को सुबह से ही गढ़वा परीसदन में लोगों से मुलाकात की, इस बीच बड़ी संख्या में लोगों ने आयोग की टीम के सभी सदस्यों का जोरदार स्वागत किया फिर जांच दल धुरकी के लिए रवाना होगए रास्ते में अध्यक्ष हाजी हिदायतुल्लाह खान के कुछ पुराने साथियों ने स्वागत किया और कई मदरसों में भी ज़ोरदार स्वागत हुआ।दोपहर के समय आयोग की टीम धुरकी पहुंची और मृत्यु वसीम सज्जाद के पिता मुमताज अंसारी के घर जाकर उनका बयान रिकॉर्ड किया तथा घटना स्थल और आस पास के लोगों का भी बयान लिया गया। कई गवाहों के बयान का वीडियो रिकॉर्डिंग भी किया गया, दिन भर की जांच और गवाहों के बयान रिकॉर्ड करने के बाद शाम में जांच दल वापस गड़वा परीसदान पहुंची और फिर गड़वा के डीसी एवं एसपी के साठ भी बैठक की गई। अब आयोग की टीम रांची पहुंचकर अपनी रिपोर्ट तैयार कर के साकार को पेश करेगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री पर जबरन कब्जा करने का आरोप




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** रांची में जमीन लूट-खसोट का सिलसिला बदस्तूर जारी है। कभी जनसंवाद तो कभी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जमीन से जुड़ी समस्याएं सामने आती रहती है। ऐसा ही एक ताजा मामला रांची हटिया से सामने आया है। जहां देवाशीष मनोरंजन घोष ने अपने जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया है। देवाशीष ने यह आरोप किसी और पर नहीं बल्कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा पर लगाया है। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए देवाशीष ने बताया कि तुपुदाना थाना स्थित करीब आठ डिसमिल जमीन को पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा जबरन अपना बता रहे है। जबकि यह जमीन स्व सरला देवी के नाम है। जिनकी मृत्यु के पश्चात जमीन का मालिकाना हक उनके एक मात्र पुत्र राजीव रंजन को प्राप्त है। राजीव ने जमीन की पॉवर ऑफ अर्टानी दुर्गा सोरेन सेना के केंद्रीय महासचिव देवाशीष घोष को दे है। लेकिन मधुकोड़ा पेट्रोल पंप के कर्मचारी उन्हें जमीन पर काम नहीं करने दे रहे है।

यह जमीन नामकुम अंचल में पड़ता है. जिसका खाता संख्या 64, प्लॉट नं. 581 है। देवाशीष ने बताया कि बीते 28 नवंबर को जमीन पर साफ-सफाई का काम शुरु किया गया था। लेकिन अगले ही दिन जमीन पर एक बोर्ड लगा दिया गया, जिसमे लिखा जमीन खरीद-बिक्री का नहीं है।

इस संबंध में देवाशीष ने डीसी एसएसपी को भी पत्र लिखा है, लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई. उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन की ओर से सहयोग नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में जोरदार आंदोलन किया जाएगा। हालांकि इस पर दूसरे पक्ष ने अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# कवि ही लगा सकता है कलम की ताकत का अंदाजा : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गुरुवार को संत मरियम स्कूल में देश के महान कवि भारतीयार सुब्रह्मण्य भारती की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने उपस्थित शिक्षको के साथ सामूहिक रूप से रिबन काट कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। अपने संबोधन में चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की सुब्रह्मण्य भारती एक तमिल कवि थे उनको महाकवि भारतीयार के नाम से भी जाना जाता है। वह एक कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक एवं पत्रकार भी थे। हमारे देश के नागरिक को एकता, भाईचारा, सामाजिक एवं देश का जिम्मेवार नागरिक बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कवि समाज में साक्षरता के छवि होते हैं और कलम के असली ताकत का अंदाजा कवि ही लगा सकते हैं। सीबीएसई के दिशा निर्देश के अनुसार आज पूरा देश महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मना रहा है।

भारतीय भाषा उत्सव भाषा विविधता की सुंदरता का आनंद लेने और उस विविधता में एकता की भावना का अनुभव करने के लिए एक भाषा महोत्सव है। भारतीय भाषाएँ भारतीय संस्कृति, कला, संगीत, विचारों और भारत के लोगों की एकता और सद्भाव के बंधन की प्राथमिक वाहक हैं। इसलिए, भारतीय भाषा उत्सव को उत्सवपूर्ण उत्साह और जोश के साथ मनाने से छात्रों को ऊर्जा मिलेगी और वे गर्व और आत्मविश्वास से भर जाएंगे। उसी कड़ी में सुब्रह्मण्य भारती के जयंती पर संत मरियम स्कूल के प्रांगण में नृत्य, पेंटिंग, सिंगिंग का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो बच्चों ने भाग लेकर प्रदर्शन दिखाया। नृत्य में वर्ग 10 से मनीषा होरो , शिवांगी, कुमारी सुप्रिया,वर्ग आठ से सोनी, अनामिका तिग्गा , भाषण में वर्ग 10 से खुशबू रानी, समृद्धि पाठक , वर्ग सात से इशिका, वही ड्रॉइंग में पायल, आयुष गुप्ता, ज्योति, अमीषा, दुर्गा, अमन राज, फलक, नैंसी, फैजान, पियूष कुमार ने भाग लिया।उक्त कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल कुमार आदर्श, वाइस प्रिंसिपल एस.बी.शाहा , सभी शिक्षको के साथ-साथ सैकड़ो बच्चे मौजूद थे।

### पर्यावरणीय मुद्दों पर चर्चा के लिए एनबीआरआई में जुटे 19 प्रदेशों के वैज्ञानिक

**लखनऊ :** सीएसआईआर-राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ एवं राष्ट्रीय पर्यावरण विज्ञान अकादमी (नेसा) के संयुक्त तत्वावधान में मध्य ग्रीन केमिस्ट्री, प्रदूषण रोकथाम एवं जलवायु परिवर्तन पर आधुनिक प्रवृत्तियों एवं चुनौतियों पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मलेन की शुरुआत गुरुवार को हुई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अपनी मानवता को प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के खतरनाक परिणामों से बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे। संस्थान के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एवं सम्मेलन के संयोजक डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर के 19 प्रदेशों के करीब 68 शहरों से 70 से ज्यादा शैक्षिक व अनुसंधान संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों से 200 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं।

## शत-प्रतिशत रहा एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज के द्वितीय वर्ष का परिणाम







प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज सत्र 2021-2023 का बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। एलिट पब्लिक बी एड कॉलेज की छात्रा विद्यालक्ष्मी गुप्ता 1110 अंक प्राप्त कर 85.38 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त की।

वही कॉलेज के ही छात्र कुमार गौरव सिंह 1101 अंक प्राप्त कर 84.69 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। कॉलेज की छात्रा रागिनी प्रिया ने 1090 अंक प्राप्त कर 83.84 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रही।

एलिट पब्लिक बी एड कॉलेज के अध्यक्ष डॉ आर पी सिन्हा ने छात्रों के सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने पर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए संभव हुआ है जो, छात्र नियमित महाविद्यालय आकर पठन-पाठन में प्रति भाग लिया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदंबा सिंह ने कहा कि छात्रों की मेहनत एवं शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन के परिणाम स्वरूप एलिट पब्लिक बी एड कॉलेज के छात्रों का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा और सभी छात्रों को सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। और छात्रों से अपेक्षा है कि जहां भी जाएं महाविद्यालय का नाम रोशन करें। कॉलेज में सभी शिक्षक छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## संसद भवन में सुरक्षा चूक के बाद कड़ा पहरा, मेघालय के सीएम को रोका गया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद सुरक्षा उल्लंघन के एक दिन बाद गुरुवार को संसद भवन के भीतर और उसके आसपास कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई। पुलिस और संसद के सुरक्षाकर्मी बिना जांच किए किसी को भी अंदर जाने की इजाजत नहीं दिया। संसद परिसर से कुछ ही मीटर दूर परिवहन भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी किसी को भी बैरिकेड से आगे जाने की इजाजत नहीं दी। वे लोगों के पहचान पत्र देखने के बाद ही उन्हें अंदर जाने की इजाजत दिया गया। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा को इमारत के मकर द्वार से अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई, जिसके बाद वह अपनी कार से बाहर निकले और शार्दुल द्वार से इमारत के अंदर गए। संसद भवन के सदस्यों के वाहन चालकों को बिना पहचान पत्र के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी गई है। संसद भवन के बाहर मीडियाकर्मियों से भी पहचान पत्र मांगे गए। संसद भवन की सुरक्षा में चूक के बाद नए भवन के मकर द्वार को सभी के लिए फिलहाल प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं मीडिया को पुराने संसद भवन के गेट 12 के लॉन में स्थानांतरित किया गया है।

**क्या था मामला:** संसद की सुरक्षा में सेंध का घटना बुधवार दोपहर एक बजकर एक मिनट पर हुई। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी राजेंद्र अग्रवाल शून्य काल की कार्यवाही को संचालित कर रहे थे। मालदा उत्तर से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे। तभी दो शख्स दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गए। नीले रंग की जैकेट पहना एक शख्स सांसदों की सीट पर कूदने लगा। वह लगभग तीन कतार लांघकर आसन की तरफ जाने लगा। अफरा-तफरी के माहौल के बीच कुछ सांसदों ने हिम्मत दिखाकर उसे घेर लिया। मार्शल भी दौड़कर आ गए। तभी उस युवक ने जूते के अंदर से कुछ पदार्थ निकाला। इसके बाद वहां पीले रंग का धुआं उठने लगा। बाद में सांसदों और मार्शलों ने मिलकर दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद पीठासीन अधिकारी ने कार्यवाही स्थगित कर दी।

### सांसद संजय सेठ ने झारखंड में जल जीवन मिशन की गड़बड़ियों को सदन में रखा

**रांची :** रांची के सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को लोकसभा में झारखंड में जल जीवन मिशन में हो रही गड़बड़ियों पर केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही इसमें हस्तक्षेप करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग भी की। सांसद ने कहा कि झारखंड को भी केंद्र सरकार ने लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई लेकिन राज्य सरकार इस मिशन के क्रियान्वयन में रुचि नहीं दिखा रही है। उन्होंने सदन में यह आरोप लगाया कि राज्य की सरकार जानबूझकर इस योजना को फ्लॉप करने पर तुली हुई है। कहीं ठेकेदार 100-200 फीट बोरिंग कर रहे हैं तो कहीं पुरानी बोरिंग में ही जल जीवन मिशन चालू कर दे रहे हैं। ऐसी कई तरह की शिकायतें आने लगी है। सांसद ने इस मामले में सरकार को यह सुझाव दिया कि इसकी समीक्षा के लिए कमेटी बनाई जाए। साथ ही ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए।

# आगामी चुनाव में बूथ एजेंट भी नहीं मिलेंगे विपक्ष को : मंत्री मिथिलेश

*** बीडीसी,बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष सहित 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** रंका प्रखंड के विश्रामपुर सहित विभिन्न पंचायतों के 200 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव, खरडीहा की बीडीसी नीरू देवी सहित दो सौ से अधिक लोग गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पहुंचकर पार्टी में शामिल हुए। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनकर पार्टी में शामिल किया। साथ ही सभी को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज जनता का रुझान जिस तेजी से झामुमो की ओर बढ़ रहा है, इससे साबित होता है कि सभी लोग इस बात को भली-भांति समझ गए हैं कि विपक्ष के लोग जनता की चुनी हुई सरकार को अस्थिर कर जनता के हित में किये जा रहे कार्यों एवं राज्य के विकास को बाधित करना चाहते हैं। जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है। अपने हक और अधिकार को अच्छी तरह से समझ रही है। आगामी चुनाव में विपक्षियों को अपनी हरकत के कारण उन्हें बूथ एजेंट तक भी नहीं मिलेगा। सबका एक तरफा रुझान झामुमो की ओर है। मंत्री ने कहा कि कहीं भी किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि उसके कार्यों की कद्र होती है। क्षेत्र का विकास झूठ, फरेब एवं छलावा से नहीं बल्कि निस्वार्थ भाव से समर्पित होकर कार्य करने से होता है। जो आज लोगों को देखने को मिल रहा है। पार्टी में शामिल होने वालों ने कहा कि वे सभी लोग मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेहतर जनहित के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। राज्य बने 23 वर्ष हो चुके हैं, परंतु आज तक जितनी भी सरकारें बनी किसी ने भी जनहित का कोई कार्य नहीं किया और न ही क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य किया। परंतु हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद मंत्री श्री ठाकुर के नेतृत्व में जिस गति से चौतरफा विकास हो रहा है ऐसा अब तक न तो किसी ने किया है और नहीं भविष्य में किसी और को करने की संभावना है। पार्टी में शामिल होने वालों में खरडिहा से बसंती पन्ना, देवनारायण यादव, शंकर यादव, बचन पांडेय, बिश्रामपुर से प्रवीण तिर्की, प्रदीप तिर्की, प्रकाश तिर्की, विकास तिर्की, सुशील एक्का, नितेश मिंज, ममता केरकेट्टा, आरती मिंज, कुलमनी कुजूर, संजय बाड़ा, इस्माइल कुजूर इमिलिया बाड़ा, फुलमनिया मिंज, ललिता देवी, सोना देवी, ममता देवी आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।